Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 23 October 2023 ● Year : 01 ● Issue : 276 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



# अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते...



## महाअष्टमी पर पंडालों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा का उत्साह देखते ही बन रहा है। कहीं गंगा आरती तो कहीं भजनों की गंगा प्रवाहित हो रही है। कहीं कन्या पूजन तो भोग का वितरण। महाअष्टमी की रात भी ऐसी ही थी। पूरी रांची जैसे सड़कों पर उतर आई हो। तरह-तरह परिधानों में सजे लोग मां के दर्शन उतावले हुए जा रहे हैं। कहीं लोग पंडालों की खूबसूरती निहार रहे हैं। कहीं जगमग लाइटों के संदेश पढ़ रहे हैं तो कहीं मां की भव्य, आकर्षक प्रतिमाओं को अपनी आंखों में बसा लेना चाहते हैं। महाअष्टमी की रात उत्सव, उत्साह और उमंग में झूम रही थी। अष्टमी के साथ महा जुड़ा हुआ है। यह कुछ खास है। इस रात की कुछ अलग विशिष्टता है। महाअष्टमी को ही मां आदि शक्ति जगदंबे ने चंड-मुंड नामक राक्षसों का संहार किया था।

### महाअष्टमी की रात चहुंओर उल्लास

पूरा शहर लाइटों से जगमग। पंडालों के आसपास वाहनों की कतार। रेंगते वाहन। देह से देह रगड़ती भीड़। बकरी बाजार के पूजा पंडाल का कुछ ऐसा ही नजारा था। जैसे लोग चक्रव्यूह देख रहे थे, वैसे ही भीड़ लग रहा था, इस चक्रव्यूह में ही फंस गई है। महिलाओं की भीड़ का पूछना ही क्या। दुगार्बाड़ी का अपना महात्म्य है। यहां पारंपरिक ढंग से पूजा होती आ रही है। सबसे सजल प्रतिमा यहां की दिखती है। एक अलग ही छवि। इसे भव्य-दिव्य-अलौकिक कह सकते हैं। तो, राजस्थान मित्र मंडल का काजू से बने पंडाल को लोग निहार रहे थे। गाड़ीखाना में भक्त चंद्रयान को अपलक देख रहे थे। लग रहा था, अब उड़ान भरने वाला है। रातू रोड में बुद्ध शांति का संदेश देते हुए दिखाई दे रहे हैं। आज के वातावरण में बुद्ध के शांति के संदेश मानीखेज हैं। हरमू में भी भक्तों की भीड़ कम नहीं थी।

"सभी देशवासियों को दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं! दुर्गा पूजा का त्योहार असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें महिला शक्ति के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। मैं प्रार्थना करती हूं कि मां दुर्गा सबके जीवन में सुख और समृद्धि लाएं।

**द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति।**



देशभर के मेरे परिवारजनों को दुर्गा पूजा की ढेरों शुभकामनाएं। मां दुर्गा हर किसी को उत्तम स्वास्थ्य और सुखी जीवन का आशीर्वाद दें।

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री।**



**शारदीय नवरात्र : नौवां दिन**

### सिद्धिदायिनी दुर्गा का ध्यान



सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

### अवकाश की सूचना

दुर्गा पूजा और दशहरा के अवसर पर 23 और 24 अक्तूबर को 'द फोटोन न्यूज' कार्यालय में अवकाश रहेगा। अखबार का अगला अंक 26 अक्तूबर को बाजार में आएगा। सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं। खबरों से अपडेट रहने के लिए बने रहें www.thephotonnews.com पर

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,397.62 |
| निफ्टी | : | 19,542.65 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,820 |
| चांदी | : | 78.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### भाजपा ने तेलंगाना में 52 नामों की पहली सूची जारी

**NEW DELHI :** भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए आज अपनी पहली सूची जारी की। इस सूची में 52 नाम है। इसमें तीन सांसदों को टिकट दिया गया है। इसके अलावा इसमें टी राजा सिंह का भी नाम है जिसका निलंबन आज ही पार्टी ने रद्द किया है।


### बारामूला में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**BARAMULA :** बारामूला जिले में उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सेना और पुलिस के जवानों ने घुसपैठ को नाकाम कर दिया है। इस दौरान सुरक्षाबलों को मौके से हथियार भी बरामद हुए हैं। सैन्य अधिकारी ने रविवार को कहा कि बारामुला के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली। इस पर पुलिस और सेना ने संयुक्त अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों को 6 पिस्तौल और 4 हथगोले और अन्य गोला-बारूद भी बरामद हुआ।

## नेपाल में एक दिन में पांच बार कांपी धरती

### दिल्ली-बिहार में भी महसूस किए गए झटके

**AGENCY KATHMANDU :** नेपाल में रविवार शाम को 5.18 बजे पांचवी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, उसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। इससे पहले, नेपाल के धाडिंग में सुबह 7:39 बजे 6.1 तीव्रता का तेज भूकंप आया था। उसके बाद 29 मिनट के अंदर चार झटके महसूस किए गए। भूकंप केंद्र के अनुसार, सुबह 8.08 बजे 4.3 तीव्रता का झटका आया, इसके बाद 8.28 बजे 4.3 तीव्रता और 8.59 बजे 4.1 तीव्रता का झटका लगा। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में जब भूकंप के झटके महसूस किए गए थे तभी नेपाल में भी इसका असर दिखाई दिया। पड़ोसी देश के दोती जिले में भूकंप के बाद एक घर गिरने से लगभग 2:12 बजे 6 लोगों की मौत हो गई। कई इलाकों में तो एक के बाद एक तीन झटके महसूस किए गए। इसके बाद फिर 3:15 बजे फिर 3.6 की तीव्रता पर भूकंप महसूस किया गया। दिल्ली-एनसीआर और बिहार के पटना, बगहा, छपरा, सीवान और गोपालगंज में भूकंप को ज्यादा महसूस किया गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। नेपाल में भूकंप आना आम बात है, पिछले 17 दिनों में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 5 अक्टूबर को एक साथ चार भूकंप के झटके लगे थे। नेपाल उस पर्वत श्रृंखला पर स्थित है जहां तिब्बती और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं जो हर 100 साल में एक-दूसरे के करीब दो मीटर आगे बढ़ती हैं, जिसके परिणामस्वरूप दबाव बनता है जिससे भूकंप आता है।



### 5 अक्टूबर को नेपाल में एक घंटे में चार भूकंप आए थे

5 अक्टूबर को नेपाल में एक घंटे में चार भूकंप आए थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने कहा कि 4.6 तीव्रता का पहला भूकंप दोपहर 2:25 बजे पश्चिम नेपाल में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, इसके बाद 2:51 बजे 6.2 तीव्रता का झटका आया। दो और भूकंप 3.6 और 3.1 तीव्रता के 3:06 बजे और 3:19 बजे आए। भूकंप से नेपाल के बझांग में कई कच्चे मकान गिर गए।

# वर्ल्ड कप : भारतीय टीम ने देश को दिया दशहरे का उपहार

## इंडिया ने रोका न्यूजीलैंड का विजय रथ, चार विकेट से रौंदा

### अंक तालिका के शीर्ष पर भारत 20 साल बाद न्यूजीलैंड को विश्व कप क्रिकेट में हराया



**DHARAMSHALA :** भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 5वीं जीत हासिल की। टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में कीवियों पर 20 साल बाद जीत हासिल की है। इससे पहले, 2003 में सेंचुरियन के मैदान पर कीवियों को 7 विकेट से हराया था। इस जीत से भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई। अब टीम इंडिया के खाते में 5 मैचों के बाद 10 अंक हो गए हैं। ऐसे में भारत के टॉप-4 में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं। टीम को अब 4 में से 2 ही मैच जीतने होंगे। धर्मशाला के मैदान पर रविवार को भारत ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 273 रन पर ऑलआउट हो गई। 274 का टारगेट भारतीय टीम ने 48 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 104 बॉल पर 95 रन की पारी खेली, जबकि मोहम्मद शमी ने 5 विकेट चटकाए। शमी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दिग्गज विराट कोहली ने एक बार फिर टीम इंडिया को रन चेज में जीत दिलाई। वह 95 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उनके आउट होने के बाद टीम को 14 बॉल पर महज 5 रन चाहिए थे। टीम ने 2 गेंद पर ही 5 रन बना लिए और टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। कोहली ने अपनी पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाने के साथ 43 सिंगल और 4 डबल भी दौड़े।

### रोहित-गिल की शानदार शुरूआत

274 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारत की ओपनिंग जोड़ी ने सकारात्मक शुरूआत की। दोनों ने पहले पिच कंडीशंस को समझा, फिर शॉट खेलने शुरू किए। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने पावरप्ले के लगभग हर ओवर में बाउंडी जमाई। भारतीय पारी के पावरप्ले का 9वां ओवर ही बाउंड्री रहित रहा। पावरप्ले में भारतीय ओपनर्स ने अर्धशतकीय साझेदारी की और टीम ने 10 ओवर में बिना नुकसान के 63 रन बनाए। इस दौरान गिल वनडे में सबसे तेज 2 हजार रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने 38 पारियों में अचीवमेंट हासिल की। गिल ने हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ा। अमला को 2 हजार रन पूरे करने में 40 पारियां लगी थीं। पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड से डेरिल मिचेल (130) ने शतकीय पारी खेली, जबकि रचिन रवींद्र (75 रन) ने अर्धशतक जमाया। ग्लेन फिलिप्स ने 23 रन का योगदान दिया।




मैच के दौरान विराट कोहली।

**नेतन्याहू बोले- जंग में शामिल होना हिजबुल्लाह की सबसे बड़ी गलती होगी**

## इजराइल पर लगातार हमला कर रहा लेबनान




**AGENCY TEL AVIV-YAFO :** इजराइल-हमास की जंग का रविवार को 16वां दिन था। जंग का दायरा बढ़ता जा रहा है। लेबनान की तरफ से लगातार हमले हो रहे हैं। इजराइली सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, लेबनान की तरफ से इजराइल के कम्युनिकेशन टावर पर हमला हुआ है। वहीं, इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रविवार को हिजबुल्लाह के 3 ठिकाने तबाह कर दिए हैं। इसके बाद अब हिजबुल्लाह के साथ इजराइल की जंग शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। क्योंकि इजराइल-हमास जंग भी ऐसे ही शुरू हुई थी। हमास लड़ाकों ने ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए गाजा की सीमा पर लगे इजराइली सेना के सर्विलांस कैमरे और कम्युनिकेशन टावर तबाह कर दिए थे। इससे इजराइली सेना कमजोर पड़ गई थी और लड़ाके इजराइली सीमा में घुसने में सफल हुए थे। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जंग के खतरे को देखते हुए इजराइल ने लेबनान बॉर्डर से 13 गांवों को खाली करा लिया है। वहीं, लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने बताया कि 7 अक्टूबर से अब तक उनके 14 मेंबर मारे जा चुके हैं। इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा- लगातार हमले करने से या जंग शुरू करने से इजराइल ऐसी जवाबी कार्रवाई करेगा जो लेबनान में तबाही ला सकती है। हमास के साथ जंग में शामिल होना हिजबुल्लाह की सबसे बड़ी गलती होगी। इजिप्ट-गाजा के बीच का राफा बॉर्डर खुलने के बाद रविवार को 17 ट्रकों से राहत सामग्री गाजा पहुंची। कतर ने भी मदद भेजी है। अलजजीरा के मुताबिक, कतर से 87 टन खाना और मेडिकल एड लेकर दो विमान मिस्त्र के शहर अल-अरीश के लिए रवाना हो गए हैं।

### वेस्ट बैंक में मस्जिद पर एयरस्ट्राइक

इजराइल की सेना ने रविवार को वेस्ट बैंक में जेनिन की अल-अंसार मस्जिद पर एयरस्ट्राइक की। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि सुरक्षा इंटेलिजेंस ने हमें बताया कि हमास के लड़ाकों ने मस्जिद को कमांड सेंटर बना रखा था। वे यहीं से हमले की प्लानिंग करते और उसे अंजाम देते थे।



### भारत ने फिलिस्तीन को भेजा 38 टन राहत व चिकित्सा सामग्री

**NEW DELHI :** भारत ने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फंसे फिलिस्तीन नागरिकों के लिए मानवीय सहायता भेजी है। भारतीय वायुसेना का सी-17 परिवहन विमान रविवार को गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से 32 टन राहत सामग्री और 6.5 टन चिकित्सा सहायता लेकर मिस्त्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। आईएएफ का सी-17 परिवहन विमान आज सुबह गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस से मिस्त्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ है। सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। हमास के हमले के बाद से इजरायल की प्रतिक्रिया के चलते गाजा पट्टी में रह रहे फिलिस्तीनी नागरिक वर्तमान में मानवीय संकट से गुजर रहे हैं।

## आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर की मारपीट

### सड़क पर बिना कपड़ों के दौड़ते वीडियो आया सामने

**AGENCY MUMBAI :** महाराष्ट्र के बीड जिले में एक आदिवासी महिला का सड़क पर बिना कपड़ों के दौड़ते वीडियो सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आष्टी के भाजपा विधायक सुरेश धस की पत्नी प्राजक्ता सुरेश धस के लोगों ने रविवार (15 अक्टूबर) को उसके साथ मारपीट की। वो भी उन लोगों के साथ भिड़ गई। इस दौरान आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपी वहां से भागने लगे। महिला बिना कपड़ों के ही सड़क पर दौड़कर उनका पीछा करने लगी। घटना के दिन महिला अपने पति और बहू के साथ खेत में चारा लाने गई थी। तभी राहुल जगदाले और रघु पवार वहां आए और मारपीट करने लगे। महिला ने खुद का बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र कर दिया। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया। हालांकि, विधायक सुरेश धस ने अपनी पत्नी के ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज किया है।

### विधायक की पत्नी समेत 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

पीड़ित ने विधायक की पत्नी समेत 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि भाजपा विधायक की पत्नी अपने गुंडों की मदद से उसकी पुश्तैनी जमीन हड़पना चाहती है। जिस जमीन पर प्राजक्ता धस दावा कर रही हैं, वह 60-70 साल से उनके परिवार के पास है।

BRIEF NEWS

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने महाष्टमी पर की पूजा अर्चना

**JAMSHEDPUR :** शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी तिथि को माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। इस कारण आठवें दिन सभी पूजा पंडालों और देवी मंदिरों में मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा धूमधाम से हुई। इधर, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी अपने घोड़ाबांधा स्थित आवास के पास पूजा पंडाल में पत्नी संग पहुंच कर पूजा-अर्चना की एवं मां दुर्गा से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने माता को पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा पूजा पंडाल गुंजायमान रहा।

## दुमका में वृद्ध की गोली मारकर हत्या

**DUMKA :** दुमका के जामा थाना क्षेत्र के लोधना गांव में गोली मारकर फारुख शेख (55) की हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## गिरिडीह के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**DUMKA :** गिरिडीह जिले के प्रवासी मजदूर की मौत रविवार की सुबह मुंबई के पनवेल में कलंबोली में हो गई। रामबिलास सिंह (50) गिरिडीह के डुमरी थाना इलाके के चैनपुर के मगरगद्दी का रहने वाला था। उसकी मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है। उसके पिता जयगोपाल सिंह को रविवार की सुबह मौत की जानकारी मिली। इसके बाद पूरे गांव और परिजनों में कोहराम मच गया। इधर, प्रवासी मजदूर के हित में काम करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में इसी तरह प्रवासी मजदूरों की मौत बड़े महानगरों में लगातार जारी है लेकिन राज्य सरकार इन्हें लेकर कोई गंभीर पहल तक नहीं कर रही है और न ही ऐसे मजदूरों के परिजनों को कोई मुआवजा तक दे रही है।

## अनियंत्रित कार 300 फीट नीचे खाई में गिरी, एक की मौत, चालक का पैर टूटा

**GUMLA :** गुमला जिले के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेतरहाट घाटी स्थित मिलिट्री मोड़ के समीप शनिवार की रात एक हुंडई क्रेटा कार अनियंत्रित होकर 300 फीट नीचे गहरी खाई में गिर पड़ी। इस हादसे में बरियातु रांची निवासी 35 वर्षीय युवक मोहम्मद शहबाज रिजवी उर्फ कैफ के माथे पर गंभीर चोट लगी और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। कार चालक सारिक खान का दाहिना पैर टूट गया। कार में सवार फरदीन खान (18 ) व सैयद शादाब (19) को हल्की चोटें लगी हैं। सैयद का कहना था कि वे लोग रांची बरियातू के रहने वाले हैं। शनिवार शाम सभी लोग क्रेटा कार से नेतरहाट घूमने जा रहे थे। नेतरहाट घाटी में तीखा मोड़ होने के कारण चालक ने संतुलन खो दिया और गाड़ी खाई में जा गिरी। घटना के बाद फरदीन व शादाब बड़ी मुश्किल से 300 फीट गहरी खाई से निकल कर सड़क तक पहुंचे और राहगीरों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची गुरदारी पुलिस और सीआरपीएफ 158 बटालियन ने रात 10:30 बजे से देर रात 2:00 बजे तक बचाव कार्य चलाकर मृतक एवं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर पहुंचाया।

















# राजधानी रांची, उपराजधानी दुमका सहित पूरे राज्य में दुर्गा पूजा की धूम, मंदिरों से लेकर पड़ालों तक में कतार



**PHOTON NEWS RANCHI/DUMKA**
झारखंड की राजधानी रांची, उपराजधानी दुमका सहित पूरे झारखंड में नवरात्रि का त्योहार पूरे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। पूरे राज्य के सभी जिलों में छोटे बड़े पूजा पंडाल बने हैं। इसमें मां के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। मां के इस स्वरूप के दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ऐसी मान्यता है कि महागौरी की अराधना कल्याणकारी है। इनकी अराधना से भक्त कष्टों से मुक्त रहते हैं। उन्हें मनोवांछित फल प्राप्त होता है।

महाअष्टमी मां दुर्गा की अराधना का महत्वपूर्ण दिन होता है। महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां दुर्गा की अराधना की। जो भक्त नवरात्र के नौ दिन व्रत नहीं रखते हैं, वे भी महाअष्टमी के अवसर पर व्रत रखते हैं। महाअष्टमी पर मां दुर्गा को पुष्पांजलि देने की परंपरा है।

**दुमका में मां की पूजा के लिए लगी रही कतार :** दुमका जिले के दुर्गास्थान मंदिर सहित अन्य पूजा स्थलों पर डलिया चढ़ाने के लिए महिलाओं की भीड़ देखी गई। महाअष्टमी पूजा प्रारंभ होने के साथ ही डलिया चढ़ाने का सिलसिला शुरू हुआ। यह दिन भर चला।

दुर्गा स्थान में डलिया चढ़ाने के लिए महिलाओं की उमड़ी भीड़ के कारण खड़ा होने की जगह नहीं थी। दुर्गा स्थान मंदिर में दुमका शहर के अलावे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं डलिया चढ़ाने आती हैं। पूजा स्थलों पर भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष अपने परिवारजनों के साथ मां की अराधना में तल्लीन देखे गए। सभी पूजा स्थलों पर मेला जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया है। पूजा स्थलों के इर्द-गिर्द विभिन्न सामानों एवं खिलौने की दुकानों में बच्चे और महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। महागौरी की अराधना के साथ ही पूरा शहर मां दुर्गा की श्रद्धा और भक्ति में डूब गया है। रंग-बिरंगे पोशाकों में श्रद्धालू स्त्री और पुरूषों का शहर के विभिन्न दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में तांता लगा रहा।

दुमका शहर के विभिन्न जगहों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं तथा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। दुमका शहर के दुर्गास्थान, धर्मस्थान, यज्ञ मैदान, पगला बाबा मंदिर, राधा माधव मंदिर, बाबूपाड़ा, न्यू बाबूपाड़ा, कुम्हारपाड़ा, दुधानी, रसिकपुर, शिवपहाड़, गांधी नगर, डंगालपाड़ा, कानू पाड़ा, केन्द्रीय कारा, चुहाबगान, बन्दरजोरी, लखीकुंडी, ग्रान्ट स्टेट, एलआईसी कॉलनी, शास्त्री नगर, केवट पाड़ा आदि स्थानों पर दुगापूर्जा का आयोजन किया जाता है।

# दुमका में जमीन विवाद में चली गोली अधेड़ की मौत, एक आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS DUMKA :**
जामा थाना क्षेत्र के लोधना गांव में रविवार को जमीन विवाद में अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के जांच के क्रम में गोली का तीनों खोखा भी बरामद किया है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। • फोटोन न्यूज

जानकारी के अनुसार फरीद शेख और उसके बहनोई अकबर शेख ने घर के बाहर बैठे फारुख शेख को पहले तो लाठी डंडे से पीटा। फिर फरीद और उसके बहनोई ने पिस्टल निकालकर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चला दी। इससे फारुख (55) की मौत इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज में ले जाने के क्रम में हो गयी। गोली फारुख शेख के जबड़े, पेट एवं सर के पिछले भाग में लगी है।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी एएन सिंह मौके पर पहुंच मृतक के परिजनों का बयान लिया। मृतक के चचेरे भाई इब्राहिम शेख ने बताया कि दोनों परिवार में लगभग 50 वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा था। इसको लेकर मामला हाई कोर्ट में चल रहा था। लगभग दो माह पूर्व आरोपित फरीद शेख अपने परिवार के साथ अंचल कार्यालय के समक्ष इसी जमीन विवाद में न्याय को लेकर धरना पर बैठा था। इसमें अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल के अश्वासन के बाद धरना समाप्त किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित फरीद शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर एसडीओ कौशल किशोर, पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, एसआई रविशंकर सिंह, सुमित कुमार सहित पुलिस के पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

# कोडरमा में बनें भव्य पंडाल, पहुंचे भक्त

**PHOTON NEWS KODERMA :**
कोडरमा जिले में दुर्गा उत्सव का उत्साह चरम पर है। विभिन्न जगहों पर भव्य एवं आकर्षक पूजा पंडाल बनाये गये हैं। इन पंडालों में पट खुलने के बाद महाअष्टमी को मां दुर्गे के दर्शन को आतुर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न पूजा पंडालों में लोग मां दुर्गे के दर्शन कर निहाल हुए।



मुख्य शहर झुमरीतिलैया के महाराणा प्रताप चौक पर बद्रीनाथ मंदिर का पंडाल बनाया गया है। शहर के अड्डीबांग्ला में अक्षरधाम का रूप दिया गया है। बिशुनपुर रोड में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। कला मंदिर में केरल के एक मंदिर का स्वरूप दिया गया है। गौरी शंकर मुहल्ला, तारा टांड, करमा, मडुआटांड और चाराडीह में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। शहर के ताराटांड़ में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष नेपाल में स्थित विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के प्रारूप में दुर्गा पूजा का पंडाल बनाया गया है।

इधर, चंदवारा बाजार में और प्रखंड के भोंडो में भी पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहा है। जिला मुख्यालय कोडरमा में बाजार पर, हरि सभा और वन परिसर में मां दुर्गे की आराधना को लेकर लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। जिले के डोमचांच, मरकच्चो, सतगावां और जयनगर में भी स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा और आकर्षक पंडाल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

**सौ साल से अधिक पुराना है इतिहास :** कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित हरिसभा में वर्ष 1902 से ही मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोडरमा बाजार में ब्रिटिश शासन काल के दौरान वर्ष 1915 से यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। झुमरीतिलैया सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तिलैया बस्ती का इतिहास भी लंबे समय का रहा है। यहां आज भी राजशाही परंपरा का निर्वाह कर पूजा की जा रही है।

तिलैया बस्ती में 178 साल पहले राज परिवार ने पूजा की शुरूआत की थी। यहां छोटे राजा के पद पर रहे द्वारिका नारायण शाही के पुत्र काली प्रसाद शाही ने बताया कि वर्ष 1845 में उनके परदादा नेहाल शाही ने तिलैया बस्ती में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। इसके बाद उनके दादा अमृत नारायण शाही और उनके पिता ने दुर्गा पूजा का आयोजन किया। अब स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। झुमरीतिलैया के ताराटांड़ में वर्ष 1979 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

## गिरिडीह में पूजा पंडालों और मंडपों में उमड़े श्रद्धालु

# भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ की माता की आराधना

**PHOTON NEWS GIRIDIH :**
गिरिडीह में रविवार को मां दुर्गे के शांत और सौम्य स्वरूप माता महा गौरी की भक्ति में डूबा रहा। अहले सुबह से ही भक्तों का रेला पूजा पंडाल और मंडप में पहुंचने लगा। दिन चढ़ते ही हर पंडाल और मंडप भक्तों की से भर चुका था। पांव रखने की जगह तक मिलना मुश्किल रहा। इसके बावजूद भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ माता की आराधना की। इसमें महिला, पुरुष और युवा सभी वर्ग के लोग शामिल रहे।

कर्णप्रिय भजनों के बीच हर कोई माता की आराधना में डूबा था। कोई माता को चुनरी चढ़ा रहा था तो कोई प्रसाद का भोग लगा रहा था। पूजा पंडाल और मंडप जय दुर्गे के जयकारे से गूंजते रहे। लंबी कतार में श्रद्धालु खड़े रहे। हर कोई देवी मूर्ति के दर्शनों को आतुर रहा। अहले सुबह से शुरू हुई पूजा-अर्चना का दौर देर शाम तक चला। शाम होते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।


माता की पुष्पांजलि के लिए कतार में खड़ी महिलाएं। • फोटोन न्यूज

पूजा पंडाल रंग-बिरंगी रोशनी से दमक रहे थे। सजावट देखकर हर किसी ने जमकर तारीफ की। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद थे। कई इलाकों के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया था। कुछ इलाकों को वन-वे में बदल दिया गया था।

# कोडरमा में दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या, पति और सास गिरफ्तार

**PHOTON NEWS KODERMA :**
कोडरमा जिले के चंदवारा (रसूल मोहल्ला, उरवा मोड़) में दहेज के लिए विवाहिता रोजी परवीन की हत्या कर दी गई। इसकी चंदवारा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई है। आरोप है कि दहेज के लिए विवाहिता की हत्या गला दबाकर कर दी गयी है। पुलिस ने महिला के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है।

सदीक खान ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी रोजी परवीन (19) का निकाह 23 जून, 2022 को रसूल मोहल्ले के उरवा मोड़ निवासी मो आजाद के साथ हुआ। दहेज के रूप में एक लाख 20 हजार रुपये नकदी, अपाची गाड़ी व अन्य सामान भी दिए गए। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के लिए उनकी बेटी को उनका दामाद प्रताड़ित करने लगा। बार-बार मारपीट कर तीन लाख रुपये की मांग करता था।

सादिक के मुताबिक, इस मामले को लेकर रिश्तेदारों के साथ लड़के पक्ष से पंचायत भी हुई थी और उसे समझाया गया था। इसके बाद लड़की के ससुराल वालों ने अब लड़ाई-झगड़ा नहीं करने का वादा किया था। साथ ही दहेज के पैसे नहीं मांगने की बात भी कही थी लेकिन एक-डेढ़ महीने नहीं गुजरे कि फिर से पौने दो लाख रुपये देने की धमकी दी गयी और नहीं देने पर रोजी की जान ले लेने की चेतावनी दी गयी थी। सदीक ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए उसकी बेटी की हत्या गला दबाकर कर दी गयी है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# जोर से बोलो- जय माता दी...




## महाअष्टमी पर हुई महाआरती

राजधानी में महाअष्टमी को लेकर पूजा पंडालों में जमकर भीड़ उमड़ी। छोटे-छोटे बच्चें, महिलाएं व बुजुर्ग उत्साह के साथ पंडाल घूमने निकले। इस दौरान सड़क से लेकर गली-मोहल्लों तक में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। चकाचौंध के बीच माता के गीत भक्तों के उत्साह को उत्साह को बढ़ा रहे थे। महाअष्ठमी पर पूजा पंडालों में महाआरती हुई।



# रांची में बह रही भक्ति की बयार, मां की आभा से दमक रही राजधानी, भक्तों का लग रहा तांता

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची शक्ति की भक्ति में लीन है। माता के जयकारे से शहर का कोना-कोना गूंज रहा है। चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है। हर कोई भक्त देवी की भक्ति में मगन हैं। घर-घर देवी की उपासना के अलावा मंदिरों में भी जमकर भक्तिरस बरस रहा है। सुबह से ही भक्तों की भीड़ शहर के देवी मंदिरों में लग रही है। दोपहर तक पूजा-अर्चना का दौर चलने के बाद शाम होते ही देवी के भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि सुनाई देती है। रांची के सभी पूजा-पंडालों के पट खुल गए हैं। मां के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर में चारों तरफ आरती और घंटी की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है। आम तौर पर पूजा-पंडालों में भक्तों की भीड़ सप्तमी से होती है लेकिन इस साल षष्ठी से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर माता का दर्शन कर रहे हैं। इसके बाद लोग मेला का भी जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल के साथ आसपास की सड़कों की भी सजावट की गई है। पंडरा के रवि स्टील चौक में नवजागृति युवा क्लब का पंडाल दर्शनार्थियों को आकर्षित कर रहा है। ये पंडाल एक गुफा के प्रारूप में है, जिसमें हरियाली के साथ-साथ वन्य प्राणियों को भी दशार्या गया है।



## इन पंडालों में उमड़ रही भीड़

रांची के सबसे ज्यादा भीड़ बकरी बाजार, राजस्थान मित्र मंडल, रातू रोड आरआर स्पोर्टिंग क्लब, सत्य अमर लोक, हरमू पंच मंदिर, बांधगाड़ी,गीतांजलि क्लब मोरहाबादी, त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक, सत्य अमरलोक हरमू रोड, हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा कटहल मोड़, मां भवानी युवा क्लब पिस्का मोड़ श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, सेक्टर 3 धुर्वा, विशाल क्लब मल्लाह टोली मेन रोड,मां भवानी क्लब लटमा, सिंह मोड़ हटिया, वृंदावन कॉलोनी चिरौंदी, ज्योति संगम दुर्गा पूजा मारवाड़ी स्कूल, हिंदपीढ़ी पूजा कमेटी, श्री श्री देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति रातू, नामकुम नवयुवक संघ, हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा, श्री श्री नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नीचे बाजार, गुदरी, युवा विकास दुर्गा पूजा राजभवन, सनातन नवयुवक संघ, हिनू, यंग मोनार्क दुर्गा पूजा, बरियातू, शिवालय दुर्गा पूजा समिति, हेहल इटकी रोड, श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा दीपाटोली, एचबी रोड, नवयुवक संघ दुर्गा पूजा लोअर चुटिया, जगन्नाथ नगर दुर्गा पूजा सेक्टर 2 राजेंद्र भवन, धुर्वा, कला संगम ढिबरी बाजार, देवी मंडप दुर्गा पूजा एदलहातु, मोरहाबादी में देखी जा रही है।



## कुवांरी कन्याओं की हुई पूजा



दुगार्पूजा हर्षोल्लासपूर्वक मनायी जा रही है। अलबर्ट एक्का चौक स्थित दुगार्बाड़ी में रविवार को महाअष्टमी की पूजा सुबह 7:30 बजे प्रारंभ हुई। इस दौरान चंडी पाठ भी चलता रहा। 9:30 बजे कुमारी कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। सुबह 10:15 बजे माता रानी को पुड़ी, बुंदिया के साथ विभिन्न तरह के पकवान व मिठाई का भोग लगाया गया। इसके बाद पुष्पांजलि आरंभ हुई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। संध्या 4:54 बजे से संधि पूजा आरंभ हुई। संध्या 5:14 बजे मां भगवती को संधि बलि प्रदान किया गया। संध्या सात बजे महा आरती हुई इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गए। आयोजन की व्यवस्था में समिति के सेतांक सेन, श्यामल राय, प्रदीप राय बाबू, जयंत कर, संजय राय, मृणाल घोष, देवनाथ गांगुली, दीपेंद्र नारायण घोष,अमित राय, नारायण प्रमाणिक, सीमांत प्रमाणिक, त्रिलोचन प्रमाणिक आदि की प्रमुख भूमिका रही। सोमवार को सुबह सात बजे चंडी पाठ के बीच महा नवमी का पूजा आरंभ होगी। 10:15 पर भोग निवेदन किया जाएगा। 10:30 बजे पुष्पांजलि होगी। वहीं, मंगलवार को सुबह सात बजे महादशमी की पूजा होगी। पुष्पांजलि एवं मंत्रागिक विसर्जन के बाद सुबह 10:30 पर कलश विसर्जन होगा। उसके पश्चात मंदिर प्रांगण में महिलाओं के द्वारा माता रानी के चरणों में सिंदूर अर्पित किया जाएगा। फिर सिंदूर खेला होगा। नृत्य संगीत के बीच महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागिन रहने की कामना करेंगी। विजयादशमी की शुभकामनाएं देंगी। उसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे माता रानी की प्रतिमा को बेदी से अवतरण किया जाएगा। वहीं, संध्या 5:15 मिनट के बाद लाइन टैंक तालाब में

## मोरहाबादी में रावण दहन कार्यक्रम में आतिशबाजी का दिखेगा अनोखा नजारा

विजया दशमी के दिन रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस वर्ष रावण 70 फीट, कुंभकर्ण 65 व मेघनाथ 60 फीट के बने हैं। इसे गया के मुस्लिम कारीगरों ने रूप दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिमोट कंट्रोल से रावण का दहन करेंगे। पंजाबी हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, महासचिव राजेश मेहरा, सचिव कुणाल अजमानी, मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने रविवार को कडरु स्थित लाला लाजपत राय स्कूल परिसर में बताया कि इस बार आतिशबाजी का अनोखा नजारा दिखेगा। इसके लिए कोलकाता की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। इसमें नृत्यांगना रूपा डे, गायिका ज्योति साहू, चुमकी राय मुख्य रूप से शामिल होंगी। जमशेदपुर के परमजीत सिंह सन्नी व उनकी टीम भांगड़ा नृत्य पेश करेंगे। वहां गुरुनानक अस्पताल एवं पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर एंबुलेंस की व्यवस्था होगी। गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा महात्मा गांधी मार्ग एवं मारवाड़ी युवा मंच की पहल पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। मौके पर चेयरमैन रणदीप आनंद व कोषाध्यक्ष राहुल माकन मौजूद थे।

# वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप : रांची पहुंची जापान की टीम, ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 में हिस्सा लेने के लिए रविवार को जापान की टीम रांची पहुंची। आयोजकों ने खिलाड़ियों को पारंपरिक गमछा और बुके देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर पारंपरिक नृत्य और ढोल-नगाड़े के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। झारखंडी गीतों पर जापानी खिलाड़ी भी खूब थिरके। इसके बाद खिलाड़ियों को सुरक्षा के साथ एयरपोर्ट से होटल चाणक्या बीएनआर पहुंचाया गया। जापान की टीम के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी




झारखंडी गीतों पर थिरकते जापानी खिलाड़ी।

राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद सहित कई जवान मौजूद थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा कि जापानी महिला हॉकी टीम झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के लिए झारखंड में उतरी है और उनके आगमन पर खुशी और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। रांची के मोरहाबादी स्थित हॉकी मैदान में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल छह टीम हिस्सा ले रही हैं। ये टीम हैं कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत। सभी टीम एक ही पूल में हैं। टॉप चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। अब तक तीन बार इस ट्रॉफी को कोरिया की टीम ने जीता है। उन्होंने 2010, 2011 और 2016 में यह ट्राफी जीती है। मेजबान भारतीय टीम से भी लोगों को काफी उम्मीद है। जीत की प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है।

झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस-2023 को लेकर झारखंड के लोगों में भी काफी उत्साह है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद भी प्रतियोगिता की तैयारियों की देखरेख कर रहे हैं। वीमेंस एशियन चैंपियंस 2023 के ट्राफी का अनावरण भी जोर-शोर से हुआ। मेजबान भारत की टीम रविवार रात में रांची पहुंचेगी। कोरिया की टीम 23 अक्टूबर, मलेशिया की टीम 24 अक्टूबर, चाइना और थाइलैंड की टीम 25 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी। भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क प्राइम, जापान, थाइलैंड की टीम चाणक्या बीएनआर और मलेशिया तथा चाइना की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी।

## झारखंड स्थापना दिवस पर शुरू होगा आपकी सरकार-आपके द्वार का तीसरा चरण

**RANCHI :** झारखंड स्थापना स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को कई तोहफे देंगे। इसी दिन से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होगा। इस अभियान के तहत लोगों से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का आवेदन लिया जाएगा और निर्धारित समय में उसे पूरा किया जाएगा। स्थापना दिवस को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार राज्य स्थापना दिवस के मौके पर ही रांची स्मार्ट सिटी परिसर में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शिलान्यास किया जाएगा। यह अस्पताल 250 बेड का होगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरूआत की जाएगी। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का तोहफा भी दिया जाएगा। राज्य के गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत राज्य स्तर पर की जाएगी। इस योजना के तहत गरीबों को तीन कमरे का मकान दिया जाएगा। करीब 16 हजार 320 करोड़ से अधिक की इस योजना से लगभग आठ लाख लोगों को पक्का मकान राज्य सरकार अपने मद से उपलब्ध कराएगी।

## दुर्गा पूजा में फ्लाइट का किराया छू रहा आसमान

# महानगरों से रांची आने वाली फ्लाइट्स का किराया 10 हजार के पार, बसों में भी जगह नहीं

**PHOTON NEWS RANCHI :** दुगार्पूजा को लेकर बसों से लेकर फ्लाइट्स तक का किराया बढ़ा हुआ है। अधिक पैसे देने के बाद भी लोगों को सीटें नहीं मिल रही है। देश के प्रमुख शहरों से रांची आने वाली फ्लाइट्स की टिकट 10 हजार रुपए के पार कर गया है। वहीं बसों की बात करें तो यहां 50 से एक सौ रुपए तक अतिरिक्त पैसे देकर भी सीटें नहीं मिल रही हैं। न केवल बिहार जाने वाली बसें छत्तीसगढ़, ओडिशा जाने वाली बसों में सीटें नहीं मिल रही हैं। फ्लाइट्स की बात करें तो महानगरों से रांची आनेवाले यात्रियों को दोगुना से अधिक भाड़ा देकर रांची आना पड़ रहा है। डायरेक्ट, कनेक्टेड और मल्टीपल कनेक्टेड फ्लाइट में किराया 20 हजार से 60 हजार रुपए तक चला गया है। दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और मुंबई का किराया पांच हजार के ऊपर चला गया है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ऑथरिटी के मुताबिक अभी देश के तमाम बड़े शहरों से फ्लाइट फुल ही आ रही है। यही वजह है कि किराया भी बढ़ा हुआ है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद जैसे शहरों से आ रही फ़्लाइट्स में किराया लगभग दोगुना हो चुका है। जबकि रांची से महानगर जानेवाले अधिकांश विमानों में सीटें खाली हैं। रांची से बेंगलुरु का किराया 6,753 रुपए में उपलब्ध है। रांची से दिल्ली की सामान्य बुकिंग 22 अक्तूबर को 7,333 रुपए में उपलब्ध है। जबकि, नवमी और दशमी को विमान सेवाओं में स्थिति सामान्य है। ऐसा नहीं है कि केवल फ्लाइट्स ही भर कर चल रही हैं। राजधानी रांची से विभिन्न क्षेत्रों में चलने वाली बसों में भी सीटें नहीं हैं। ट्रेनों में सीटें मिल नहीं रही हैं, ऐसे में बस ही एकमात्र सहारा बना हुआ है। यही वजह है कि बसों में अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है।

### प्रमुख शहरों की फ्लाइट का किराया

- बेंगलुरु-रांची इंडिगो 24,550
- रांची-बेंगलुरु इंडिगो 6,753
- मुंबई-रांची इंडिगो 11,537
- रांची-मुंबई इंडिगो 6,755
- दिल्ली-रांची इंडिगो 8,946
- रांची-दिल्ली इंडिगो 7,333
- चेन्नई-रांची इंडिगो 11,137
- रांची-चेन्नई इंडिगो 7,038
- हैदराबाद-रांची इंडिगो 11,090
- रांची-हैदराबाद इंडिगो 9,357

# राउरकेला का माहौल हुआ भक्तिमय, हर तरफ सजा मां का दरबार













# महाष्टमी पर स्मार्ट सिटी में पंडालों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**PHOTON NEWS ROURKELA :** इस्पात नगरी राउरकेला में रविवार को मां दुर्गा की महाअष्टमी पूजा हुई है। राउरकेला के सभी पूजा समितियों द्वारा उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं भक्त पंडाल और प्रतिमा का दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। सजावट का काम लोगों का मन मोह रहा है। इसके अलावा आज विभिन्न देवीपीठों में महाअष्टमी पूजा भी की जा रही है। हनुमान बाटिका, मां विमला, मां मनसाला, वैष्णादेवी मंदिर में महाअष्टमी पूजा किया जा रहा है। आज शाम से पूजा पंडाल में भारी भीड़। राउरकेला प्रतिष्ठित स्मारकों और वस्तुओं की राजसी प्रतिकृतियों के साथ पंडाल के दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। शहर के सेक्टर 16, सेक्टर1इ, सेक्टर2 ,सेक्टर 18, सेक्टर 8, सेक्टर4 के पूजा पंडाल आकर्षक बने है।



















## बुरुडीवासियों को नहीं मिल रही है बुनियादी सुविधाएं : प्रशांत सेठी

**PHOTON NEWS ROURKELA :** दक्षिण राउरकेला में टांगरापल्ली के पास कई छोटी-छोटी बस्तियां हैं। प्रशासनिक लापरवाही के कारण इन बस्तियों के निवासी कई वर्षों से कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। रविवार को स्थानीय नेता प्रशांत बुरूडी बस्ती पहुंचे। प्रशांत को देखकर बस्ती में रहने वाले आदिवासी परिवार के सदस्यों ने अपनी समस्या बताई। स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क जैसी समस्या है। निर्वाचित प्रतिनिधि या सरकारी अधिकारी, कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

प्रभावित परिवारों ने कहा सरकार ने गरीबों के लिए कई तरह के भत्ते की योजना बनाई है। हम लोगों की पहचान की जा रही है, दिलासा दिया जा रहा है परंतु मिल कुछ नही रहा है। बड़ी संख्या में आदिवासियों के मामले में यह एक धोखा बन गया है। प्रशांत से घर-घर जाकर स्थानीय बुरुडी बस्तियों की समस्याओं की पहचान की और उच्च अधिकारियों को घटना के बारे में सूचित करने की बात कही।

## कांत देवी की हो रही पूजा, मुर्गियों की दी जा रही बलि



**ROURKELA :** बणई क्षेत्र की प्रत्यक्ष देवी कांत देवी की पूजा अब गांव-गांव में होने लगी है। बणई के लोग कांत देवी को राजा राजुदा की समय की प्रत्यक्ष देवी के रूप में पूजा करते आ रहे हैं। केबल बणई नहीं राज्य बाहर के विभिन्न हिस्सों में भी श्रद्धालु देवी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। कांत देवी साल में एक बार गांव गांव भ्रमण में निकलती है।

## भंज संस्कृति न्यास 29 अक्टूबर को आयोजित करेगा कुमार महोत्सव 2023

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भंज संस्कृति न्यास के द्वारा 29 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे सिविक सेंटर में 'कुमार महोत्सव-2023' एक भव्य समारोह आयोजित होगा। ओडिशा के लोकप्रिय गणपर्व कुमार पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाली इस भव्य सांस्कृतिक संध्या में ओडिशा सिनेमा जगत के अग्रणी संगीत निर्देशक प्रेमानंद और प्रख्यात लेखिका एवं कादंबिनी पत्रिका की



संपादक डॉ. इति सामंत को सम्मानित किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उड़िया सिनेमा के दिग्गज गायक तानसेन सिंह, लोकप्रिय हॉलीवुड गायक शशांक शेखर और उड़िया सिनेमा के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक पमी मिश्रा संगीत प्रस्तुति देंगे। नॉनसेंस मणि के नाम से मशहूर लोकप्रिय हास्य अभिनेता सुदेव महापात्र शाम के आकर्षणों में से एक होंगे। इस्पात शहर की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था भंज कला केंद्र के कलाकार कुआंर पुणेई जन्ह पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। इस साल 28 अक्टूबर को चंद्रग्रहण को देखते हुए कुमार पर्व 29 अक्टूबर को मनाया जा रहा है।

### आरएसएस का विजय दशमी उत्सव, 300 स्वयंसेवक हुए शामिल

## अत्याचारी का कोई धर्म नहीं, और बिना संगठन हिंदू हित संभव नहीं : वी भगैय्या

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जमशेदपुर महानगर के द्वारा संघ का विजया दशमी उत्सव को मनाया गया। इस वर्ष इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नागेंद्र कुमार दास और मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य वी भगैय्या जी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में जमशेदपुर महानगर के स्वयंसेवकों के द्वारा लगभग 3 किलोमीटर का पथ संचलन किया गया, जिसमे 11 वाहिनियों और एक घोष वाहिनी ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों की संख्या लगभग 600 की थी।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में संघ के स्थापना के कारणों पर प्रकाश डालते हुए विवेकानंद के जीवन की घटनाओं का जिक्र किया। और समाज में संघ के आवश्यकता की महत्ता को बताया।

मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में नवरात्रि के समय को



आरएसएस के शिविर में हिस्सा लेने पहुंचे विधायक सरयू राय सहित अन्य। • फोटोन न्यूज

असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और राक्षसी प्रवृत्तियों पर देवी गुणों के विजय के रूप में बताया। अलग अलग देवता राक्षसी प्रवृति पर विजय नहीं पा सके अतः सभी देवताओं की सामूहिक शक्ति के रूप में दुर्गा माता का प्रदुर्भाव हुआ, जिसने राक्षसी शक्तियों का नाश किया। उन्होंने कहा कि अत्याचारी किसी जाति, पंथ, धर्म का नहीं होता है, और अत्याचारी का समूल नाश करना ही सर्वोत्तम है। राज्यों के द्वारा जातिगत गणना को भी सनातनी समाज को तोड़ने का कुत्सित प्रयास बताया गया, और इसे संविधान की भावना के विपरीत बताया है। यह हिंदू समाज के लिए घातक सिद्ध होने वाला है। हिंदू समाज जब तक संगठित था, तब तक अपना देश वैभव पूर्ण था, जैसे ही समाज में विखंडन हुआ अनेक समस्याओं ने देश में घर कर लिया। इस दौरान विधायक सरयू राय समेत शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**सभी सदस्यों को कम से कम एक घंटे संघ की शाखा में आना चाहिए:** वी भगैय्या ने कहा कि शक्ति उपासना का केंद्र संघ की शाखा है। इसलिए नियमित एक घंटे संघ की शाखा पर आना चाहिए। जिन बस्तियों और मंडलों में शाखा नहीं है, वहां साप्ताहिक मिलन केंद्र स्वयंसेवकों को प्रारंभ करना चाहिए, जिसमें समाज के लोगों को बुलाना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ-साथ समाज के लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाने के साथ उसका संरक्षण करने, अपने-अपने घरों से पानी बचाने की शुरूआत करने और पालीथीन का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। आज विश्व में मानवता की रक्षा के लिए भारत के ऊपर बड़ा दायित्व है। देश की स्वाधीनता के साथ-साथ सामूहिक शक्ति का एक उदाहरण 1975 का आपातकाल था, जिसमें लोकतंत्र की जीत हुई और तानाशाह हार गया।

## विप्र फाउंडेशन ने नवरात्र में किया कन्याओं का सम्मान



**ROURKELA :** विप्र फाउंडेशन एवं विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ राउरकेला द्वारा राउरकेला सरकारी अस्पताल में 20 नवजात कनयाओ और उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। उन्हे नवजात शिशुओं के लिए मच्छरदानी युक्त गद्दे, कंबल, उनी वस्त्र, टोपी,मोजे,दस्ताने,गद्दे पर बिछाने वाली मैट एवं जॉनसन का बेबी किट वितरीत किया गया। डॉ. सुष्मिता साहू ने मुख्य अतिथि के रुप मे शामिल हो कर विप्र फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्य को सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रांतीय महासचिव टिंकु चौमाल, राउरकेला महासचिव रविकांत शर्मा, उपाध्यक्ष शांतिलाल पारीक,पुर्व उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा सीमा चौमाल,महासचिव वंदना महर्षी, कोषाध्यक्ष कविता शर्मा,सचिव भवरी देवी पारीक एवं कार्यकारिणी सदस्या मोनिका शर्मा एवं देविका लढानिया का योगदान रहा।

### झींकपानी प्रखंड के चोया गांव पहुंचे विधायक दीपक बिरुवा, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, बोले-

## विधानसभा क्षेत्र में समग्र विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता में शामिल

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए रविवार को सदर विधायक दीपक बिरुवा झींकपानी प्रखंड के चोया गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समस्या निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष खासकर पेयजल एवं बिजली की समस्या को रखी। ग्रामीणों के अनुसार चोया गांव में गर्मी के मौसम में पेयजल की घोर समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। जिस कारण ग्रामीणों को खासकर महिलाओं को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। यही नहीं स्कूली बच्चों को भी पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।



ग्रामीणों की समस्याएं सुनते विधायक दीपक बिरुवा। • फोटोन न्यूज

ग्रामीणों ने डीप बोरिंग कराकर पाइप लाइन जलापूर्ति के तहत पानी की समस्याओं को दूर करने की बात कही। वही गांव के कुछ बस्ती में विद्युतीकरण नहीं हो पाया है। ग्रामीण स्वयं मेहनत कर बांस के सहारे अपने घरों तक बिजली पहुंचा कर रोशनी का लाभ ले रहे हैं। इसे दूर करने के साथ-साथ आवास समेत अन्य योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने की गुहार लगाई।

विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र में समग्र विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। क्षेत्र का विकास एक समान किया जा रहा है, विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है, आमजन के सामूहिक कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। जनता की जो भी शिकायतें हैं अधिकारी उन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करेंगे। किसी भी समस्या को दूर करने में अगर कोई तकनीकी बाधा है तो संबंधित विभाग से मिलकर उस समस्या का निवारण किया जाएगा। उन्होंने ग्राम वासियों की बिजली, पानी, सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़ी बुनियादी जरूरतों से संबंधित समस्याओं को समाधान कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि पूरे इलाके का समानांतर विकास उनकी प्राथमिकता है। जनता तक हर बुनियादी जरूरतें मुहैया करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के जितने भी गांव हैं, उनकी पानी, बिजली, सड़कों, साफ-सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं को खत्म किया जाएगा। वही प्रखंड प्रमुख प्रदीप तामसोय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष सोंगा बिरूली, ग्रामीण मुंडा महेश नायक, मुखिया जयंती बुड़ीउली, पंचायत समिति सदस्य अखिलेश कुमार, कमल कुमार, विनोद गोप समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## विधायक से मिलीं स्वयं सहायता संगठन की महिलाएं, मदद की लगायी गुहार

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सदर प्रखंड अंतर्गत सिम्बिया पंचायत के बारांडेया महिला स्वयं सहायता संगठन की महिलाएं बड़ी संख्या में विधायक दीपक बिरुवा से मिलने सरनाडीह स्थित उनके कार्यालय पहुंची थी। वहां उन्होंने पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की शिकायत की। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर अपनी बात रखी।

महिलाओं का कहना है कि गांव में चापाकाल है किंतु अधिकतर चापाकल खराब पड़ी है। जिसके कारण ग्राम वासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। विधायक जी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्या का निराकरण जल्द



विधायक दीपक बिरुवा से वार्ता करती महिलाएं। • फोटोन न्यूज

कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि के लिए पानी सबसे जरूरी संसाधनों में से एक है और यह जीवन-यापन के लिए एक सार्वभौमिक आवश्यकता है।

सभी अवसरों और प्रयोजनों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी तक सभी की पहुंच न केवल एक मौलिक अधिकार है, बल्कि सभी के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए भी पानी बेहद अहम है। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से मिलकर जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# शराबी ने फिर खोली शराबबंदी की पोल

## पुलिस ने पकड़ा तो गालियां देते हुए नीतीश सरकार को भी लपेटा



बेगूसराय। बिहार में शराबबंदी के सात साल हो गए हैं। लेकिन यहां शराब पीना और बेचना लगातार जारी है। वहीं, एक तरफ नवरात्र को लेकर मंदिरों में काफी भीड़ देखी जा रही है तो दूसरी ओर शराबियों का सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा लगातार देखने को मिल रहा है। इसी बीच एक बार फिर बेगूसराय में एक शराबी ने शराबबंदी की पोल खोल दी। जहां घंटे भर तक शराबी ने नशे में चूर होकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। शराबी का ड्रामा शांत करने में पुलिस का पसीना छूट गया। बताया जा रहा है कि पुलिस शराबी को सदर अस्पताल में मेडिकल टेस्ट कराने के लिए ले गई। जहां शराब के नशे में धुत युवक ने बिहार सरकार और पुलिस को जमकर भद्दी गालियां दी। गिरफ्तार शराबी पहले भी कई बार शराब पीने के आरोप में जेल जा चुका है। जानकारी के मुताबिक, शराबी ने पुलिस के संरक्षण में शराब बेचे जाने की बात कहते हुए हर जगह शराब मिलने का दावा करता रहा। इस दौरान वह बुदबुदाते हुए गालियां भी बकता रहा। शराबी युवक का कहना है कि बिहार में शराबबंदी बस नाम की है।

शराब तो हर जगह मिलती है। शराबबंदी रहती तो हमको शराब कैसे मिलती और शराब हम कैसे पीते। शराबी युवक ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाया कि पुलिस की देखरेख में ही शराब हर चौक-चौराहे पर मिल रही है। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें शराबी युवक अस्पताल में ड्रामा करता दिख रहा है। शराबी युवक की पहचान सिंघौल थाना के उलाव शर्मा टोला निवासी रामविलास शर्मा के बेटे संतोष शर्मा के रूप में हुई है। युवक को शराब के नशे में नगर थाना पुलिस ने ट्रैफिक चौक से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह युवक शराब पीकर सड़क पर हंगामा कर रहा था। आने-जाने वाले रिक्शा चालकों से भी लड़ाई-झगड़ा और रोड पर नौटंकी करता नजर आ रहा था। तभी इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने नगर थाना पुलिस को दी। सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो शराबी युवक पुलिस के सामने ही जमकर हंगामा शुरू कर दिया जो कि घंटे भर तक चला।

वह पुलिस के सामने ही एक रिक्शा चालक से भी उलझ गया। जबकि पुलिस ने शराबी युवक को ट्रैफिक चौक से किसी तरह से गिरफ्तार किया और उसे मेडिकल जांच के लिए बेगूसराय के सदर अस्पताल लाई। इसके बाद शराबी युवक ने सदर अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### डलिया चढ़ाने और खोईंचा भरने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बांका** । डलिया चढ़ाने और खोईंचा भरने के लिए महिला भक्तों की भीड़ उमड़ी। महिला भक्तों ने माता के दरबार में दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की और पुरानी परंपराओं के अनुरूप देवी मां की आराधना की। तिलडीहा दुर्गा मंदिर में सुबह से ही 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से काफी संख्या में जवानों की तैनाती की है। बांका, रजौन, अमरपुर, तिलडीहा, कटोरिया, बौंसी, चांदन, पंजवाड़ा, बाराहाट, धोरैया, जयपुर, बेलहर आदि स्थानों पर दुर्गा पूजा को लेकर भक्त एकजुट हुई। नवरात्रि के आठवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा हुई। महा अष्टमी पूजा के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। घर में पूजा-पाठ के साथ ही पूजा पंडालों में भी विशेष पूजा हो रही। सुबह से ही महाष्टमी को लेकर डलिया चढ़ाने और खोईंचा भरने के लिए महिलाएं पहुंच रहीं हैं। लोगों ने मंदिरों में डलिया चढ़ाकर पूजा-अर्चना की और माता से मन्नतें मांगी। पुनसिया, रजौन, राजावर, रुपसा, रानीटीकर, खरवा आदि दुर्गा मंदिरों के पूजा पंडालों में मेले की शुरूआत हो गई। अन्य दिनों की अपेक्षा अष्टमी पर भक्तों की भीड़ ज्यादा रही। मेला को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई।

### शाम ढलते ही अपराधियों ने पीएनबी के सीएसपी से पांच लाख रुपया लूटा, विरोध करने पर की मारपीट



**समस्तीपुर** । अपराधियों ने शाम ढलते ही सीएसपी पर हमला कर हथियार के बल पर साढ़े पांच लाख रुपए लूट लिए। सीएसपी संचालक का कहना हैऊ कि अपराधी तीन की संख्या में अंदर में थे। तीनों के पास हथियार थाथे। सीएसपी संचालक ने जब लूट का विरोध किया तब अपराधियों ने उसे पीटा भी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए। अपराधियों के जाने के बाद पुलिस अब सीसीटीवी खंगाल रही है। हालांकि सीसीटीवी में अपराधियों की सारी करतूत रिकॉर्ड हो चुकी है। अब पुलिस उन अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी में जुट गई है। घटना पटोरी थाना क्षेत्र के एएनडी कॉलेज के पास की है। घटना के संबंध में सीएसपी संचालक चंदन कुमार का कहना है कि शाम करीब पांच बजे वह पंजाब नेशनल बैंक के मेन ब्रांच गए थे। इसी दौरान तीन अपराधी बाइक से आये और सीएसपी के अंदर घुस गए। तीनों हथियार के साथ थे। हथियार दिखाकर उनलोगों ने काउंटर में रखे 5. 6 लाख रुपए लूट लिये। सीएसपी संचालक चंदन कुमार ने बताया कि जब हमारे कर्मी ने लूट का विरोध किया तब अपराधियों ने काउंटर पर बैठे कर्मी के साथ मारपीट करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पटोरी के डीएसपी रवि शंकर प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचेऔर जांच में जुट गए। घटना के संबंध में उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पूरी घटना सीसीटीबी में कैद हो चुकी है। सीसीटीवी खंगाला गया है जिसमें फुटेज भी सामने आया है। उस फुटेज में दिख रहा है कि दो अपराधी दूकान के बाहर निगरानी कर रहे हैं जबकि तीसरा घटना को अंजाम दे रहा है। पुलिस मामने की जांच कर रही है। अपराधियों के भागने की दिशा में पुलिस की टीम को लगाया गया है।

### अपहरण के आरोप में बेरहमी से युवक की पिटाई, गया पुलिस पर लगा है आरोप



नवादा। जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के चौकिया पंचायत की एक लड़की का फतेहपुर प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के पास से अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस ने शनिवार की देर रात तक इस मामले में केस दर्ज नहीं किया था, जबकि घटना गुरुवार की ही बताई जा रही है। इस मामले में बगैर जांच पड़ताल के ही पुलिस पर एक युवक की बेरहमी से पिटाई का आरोप लगा है। यही नहीं उसे पीआर बांड पर छोड़ भी दिया है। पुलिस की अंदरूनी मार से युवक बेइंतहा दर्द से बेहाल है। वह मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज करा रहा है। अपह्रत होनेवाली लड़की की बड़ी बहन ने थाने में शुक्रवार को आवेदन दिया था। उसने अपहरण के मामले में फतेहपुर के एक मोबाइल दुकानदार पर आरोप लगाया है। उसने पुलिस को बताया है कि उसकी बहन को मोबाइल दुकानदार ने जबरन सफेद रंग के बोलेरो में बैठाया और अपहरण कर लिया। पुलिस ने इस मामले में फतेहपुर के पकरी के रहने वाले सनोज कुमार को शुक्रवार की शाम उठा लिया। थाने में बंद कर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। सनोज कुमार ने बताया कि उसकी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान कन्या उच्च विद्यालय के सामने है। अपहरण का आरोप लगाने वाली लड़की अपनी बहन के साथ आई थी। उसने मोबाइल में चार्जर पीन लगाने के लिए गुरूवार को दिया था, लेकिन दस मिनट में ही उसका मोबाइल बना कर दे दिया था। दोनों बहन मोबाइल लेकर चली गई थीं। सनोज ने पुलिस को बताया कि इससे पहले न तो उस लड़की को कभी देखा था और न ही जानता है।

# रेल पुलिस ने बदमाश को किया गिरफ्तार



मुजफ्फरपुर। रेल पुलिस ट्रेन से मोबाइल झपट्टा मारने वाले गिरोह के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में झपट्टामार गिरोह के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से मोबाइल भी बरामद किया गया है। उसके अन्य सहयोगियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शनिवार को रेल सुरक्षा बल के थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर झपट्टामार गिरोह का एक सक्रिय सदस्य बैठा हुआ है। वो भी किसी यात्री का मोबाइल झपट्टा मारने के फिराक में है। सूचना के आलोक पर त्वरित कार्यवाई करते हुए एक टीम गठित किया गया। टीम में उ0नि0 सुष्मिता कुमारी , उ0नि0 रवि रंजन कुमार , स0उ0नि0 रामबदन यादव , आरक्षी रीतेश कुमार, आरक्षी ओम प्रकाश यादव को शामिल किया गया। टीम के द्वारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक शातिर को पकड़ा गया। उसकी पहचान जिले के टाउन थाना क्षेत्र के रामाबाग निवासी मो. कल्लू के बेटे राजा कुमार (20) के रूप में हुई है। राजा के पास से पुलिस ने यात्री के चुराये गए दो मोबाइल भी जब्त किया गया। उक्त रेल सुरक्षा बल के टीम के द्वारा यात्रियों की सुविधाओं एवं यात्री समानों की चोरी के विरुद्ध रोकथाम हेतु लगातार रैकी करते हुए तीन दिनों के अंदर छटवां झपट्टा मार गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर उक्त झपट्टा मार गिरोह के कई अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है। जिसके गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रहा है। इस प्रकार कुल 26 रेल यात्री सामानों की चोरी करने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया जा चुका है। रेल सुरक्षा बल के द्वारा आगामी त्योहारों के मद्देनजर रेल यात्री की सुविधा एवम यात्री सामानों की रोकथाम हेतु तरह-तरह के उपाय किया जा रहा है। ताकि ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री त्योहारों में सफर कर सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा वांटेड छेदी



**पूर्णिया** । ताबड़तोड़ फायरिंग कर बर्थडे पार्टी की रंगत बिगाड़ने वाले वांटेड छेदी सिंह को पुलिस ने धर दबोचा है। साथ ही छेदी सिंह गुर्गे के दो और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बर्थडे पार्टी के बाद छेदी और उसके गुर्गे में शामिल दोनों बदमाशों की मंशा दुर्गा पूजा के बीच शहर की शांति और सौहार्दता बिगाड़ने की थी। तीनों लूट की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने के नापाक इरादे लिए पूर्णिया में आए थे। हालांकि वे अपने मक्सद में कामयाब होते कि इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पकड़े गए बदमाशों के पास से 1 पिस्टल, 7 गोली बरामद हुई है। पकड़े गए बदमाशों में सहजानंद सिंह के बेटे अनुभव सिंह उर्फ छेदी सिंह और उसके गुर्गे में शामिल सुपौल के छातापुर के रहने वाले मिट्ठू कुमार और मधेपुरा के उदाकिशुनगंज के रामबाग निवासी हरदेव मेहता के बेटे सौरभ कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि एसपी आमिर जावेद को गुप्त सूचना मिली थी कि छेदी सिंह अपने दो गुर्गों के साथ पूर्णिया में छिपा हुआ है। जिसके बाद एसपी आमिर जावेद के निर्देश पर सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को इन बदमाशों के मधुबनी टीओपी थाना क्षेत्र में मेहता चौक जनता गैराज के पास होने की सूचना मिली। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। छेदी और उसके गुर्गे को भागने के क्रम में धर दबोचा। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक देशी पिस्टल ,7 गोली, एक कार और 3 मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस कस्टडी में बदमाशों ने बताया कि दुर्गा पूजा के बीच उनकी मंशा शहर की शांति और सौहार्दता बिगाड़ने की थी। वे लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने पूर्णिया में छिपे हुए थे। हालांकि वे अपने नापाक मनसूबों में कामयाब हो पाते, इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। बता दें कि बीते 16 अक्टूबर की रात करीब 9:00 बजे के.हाट थाना क्षेत्र के रंगभूमि मैदान के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक बुजुर्ग महिला के घर में चल रही बर्थडे पार्टी के बीच ताबड़तोड़ 6 राउंड फायरिंग हुई थी। पुलिस ने मौके से 5 खोखे भी बरामद किए थे। इसका आरोप बुजुर्ग महिला और उसके परिवार वालों ने छेदी और कुछ अज्ञात युवकों पर ही लगाया था। बुजुर्ग महिला की पहचान के. हाट थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी भगवान झा की 66 वर्षीय पत्नी विभा देवी के रूप में हुई थी। छेदी बुजुर्ग महिला पर घर खाली करने का दबाव बना रहा था। इसपर महिला घर खाली करने से साफ इनकार कर रही थी।

# मुजफ्फरपुर में नहीं थम रहा डेंगू, 14 नए मरीज मिले



**मुजफ्फरपुर।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को भी डेंगू के एक दर्जन से ज्यादा नए मरीज मिले है। इसके साथ ही जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 322 हो गई है।

बता दे कि शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी डेंगू के मरीज मिलने लगे है। शनिवार को मुशहरी से आधा दर्जन, शहरी क्षेत्र के दो, मोतीपुर के दो, कांटी के दो, साहेबगंज के एक, और बोचहा प्रखंड के एक मरीज मिले है। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के द्वारा शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी फॉगिंग करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। डेंगू और चिकनगुनिया के सभी दवा उपलब्ध है। सभी पीएचसी को अलर्ट कर दिया गया है। लोगो को जागरूक करने के लिए लगातार माइकिंग भी करवाई जा रही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्र शेखर प्रसाद ने बताया कि डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 322 हो गई है। हम लोगों के पास डेंगू से संबंधित इलाज के लिए सभी तरह की व्यवस्थाएं उपलब्ध है। सभी पीएचसी को अलर्ट पर रखा गया हुआ है। सभी डॉक्टरों को अलर्ट मोड में रखा गया है।

उन्होंने कहा कि डेंगू जांच के पर्याप्त किट उपलब्ध हैं। जगह जगह फॉगिंग करवाई जा रही है। माइकिंग के माध्यम से भी लोगो को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम के द्वारा साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# महाअष्टमी पर सीएम नीतीश ने की मां दुर्गा की पूजा

## सुबह-सुबह शीतला मंदिर, बड़ी पटनदेवी, छोटी पटनदेवी पहुंचे, बिहार में खुशहाली की कामना की









पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अष्टमी के दिन सुबह सुबह अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर शक्ति पीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी मंदिर में पूजा की। सीएम ने बिहार में खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर वित्त मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद थे। सीएम नीतीश कुमार ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी हैं। शनिवार को शारदीय नवरात्र की सप्तमी का पट खुलते ही माता दुर्गा का दर्शन करने वालों का तांता लग गया। श्रद्धालु माता की पूजा करने के लिए पंडाल में पहुंच गये। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपने निवास स्थल से निकलकर पटना के विभिन्न पंडालों में घूम-घूम कर माता दुर्गा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। इस दौरान वह डाक बंगला चौराहा स्थित पूजा मंडल में पहुंचे और माता को प्रणाम किया। उन्होंने माता दुर्गा की पूजा अर्चना भी की और राज्य के सुख समृद्धि की कामना करते हुए बिहार की जनता को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार, पटना के डीएम चन्द्रशेखर सिंह, पटना एसएसपी राजीव मिश्रा सहित ढेर सारे श्रद्धालुगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महासप्तमी के अवसर पर डाकबंगला रोड स्थित नवयुवक संघ श्री दुर्गा पूजा समिति ट्रस्ट, श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव शिव मंदिर खाजपुरा तथा श्री श्री दुर्गा आश्रम शेखपुरा के पंडाल में जाकर माँ दुर्गा का दर्शन किये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में महादेव की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि लोगों को पूजा पाठ भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लगा। मां का दरबार खुलते ही गांव से शहर तक दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगने लगी है। जिला प्रशासन दुर्गा पूजा में ड्रोन, सीसीटीवी और वीडियोग्राफी के द्वारा असामाजिक तत्वों और भीड़ पर नजर रख रही है। पटना के डीएम डॉ चंद्रशेखर का कहना है कि पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में आप माता के दर्शन कर पूजा अर्चना कीजिये।

## साजिश रच रहे दो अपराधी गिरफ्तार



**मोतिहारी** । अपराध की साजिश रचते हुए 2 अपराधियों को पिस्टल, कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली की कुछ अपराधी पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में ढाका रोड में इकट्ठा हुए है और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना का सत्यापन करते हुए पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। पकड़ीदयाल एसडीपीओ के नेतृत्व में सघन वाहन जांच शुरू कराया गया। इस बीच पुलिस को देख कर एक बाइक पर सवार दो लोग भागने लगे। जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से हथियार, गोली, मोबाइल और बाइक बरामद किया। एसडीपीओ सुबोध कुमार ने कहा कि गिरफ्तार दोनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास है। दोनों सीतामढ़ी जिला के सुरखंड थाना क्षेत्र के अशोक पासवान और अरविंद ठाकुर हैं। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# बेगूसराय में युवक का मर्डर



बेगूसराय । अपराधियों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वह अपने घर में सो रहा था, इसी दौरान अपराधी घर घुसे और गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना एफसीआई थाना क्षेत्र के बीहट गुरदासपुर वार्ड नंबर 21 की है। मृत युवक की पहचान एफसीआई थाना क्षेत्र के बिहट गुरदासपुर वार्ड नंबर 21 के रहने वाले भूषण महत्व का पुत्र छोटू कुमार महतो के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि छोटू कुमार महतो खाना पीना खाने के बाद पिता के साथ डेरा पर सोने के लिए चला गया। इस दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने वहां पहुंचा और छोटू कुमार महतो को गोली मारकर हत्या कर दिया। उन्होंने बताया कि आज 3:00 बजे अहले सुबह पता चला कि किसी ने छोटू कुमार महतो को गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों ने बताया कि छोटू कुमार महतो को किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी कि फिर भी किसने और क्यों उसकी हत्या की, यह जांच का विषय है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे। परिजनों इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने एफसीआई थाना पुलिस को दी। मौके पर एफसीआई थाने के पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया है कि एफसीआई थाना क्षेत्र के बिहट गुरदासपुर गांव में किसी अज्ञात अपराधी ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है फिलहाल परिजनों से पुलिस द्वार पूछताछ की जा रही है। योगेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि अभी घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है और पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक छोटू कुमार महतो मजदूरी करता था और मजदूरी कर पूरे परिवार को भरण पोषण करते थे।

# कनाडा से तनाव

भारत के दोटूक आदेश के बाद अपने राजनयिकों को वापस बुलाने के सिवा कनाडा के पास और कोई रास्ता नहीं था। हालांकि, उसने भारत के इस रुख को ह्यवियना कन्वेंशनह्ल के विरुद्ध बताया है, मगर जस्टिन ट्रूडो सरकार यह शिकायत करते समय भूल गई कि भारत के ऊपर खुद उसके प्रधानमंत्री ने बगैर किसी पुख्ता सबूत के न सिर्फ गंभीर आरोप लगाए, बल्कि उनको दोहराया भी और दूसरे देशों के साथ आपसी वार्ता में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की। क्या ओटावा राजनय के इस दस्तूर से भी गाफिल है कि परस्पर देशों में राजनयिक उपस्थिति समान रहती है? इसलिए नई दिल्ली ने इस कायदे के पालन की मांग करके कुछ भी अनुचित नहीं किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम से कनाडा को तो सख्त संदेश मिला ही है, प्रकारांतर से इसमें अन्य देशों के लिए भी साफ पैगाम है कि नई दिल्ली आतंकवाद के मुद्दे पर किसी किस्म की कोताही को स्वीकार नहीं करने वाली। भारत में मौजूद या भ्रमण कर रहे अपने नागरिकों के लिए कनाडा ने जो एडवाइजरी जारी की है, वह खिसियानी बिल्ली के खंबा नोचने से ज्यादा महत्व नहीं रखती, क्योंकि भारत एक मेहमाननवाज तहजीब वाला देश है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संदर्भ में प्रधानमंत्री ट्रूडो की अपरिपक्व बयानबाजी से दोनों देशों के रिश्ते अपने निचले स्तर पर पहुंच गए थे, और द्विपक्षीय रिश्तों का तकाजा यही था कि आपसी बातचीत से इसे और कटु होने से रोका जाता। अक्तूबर की शुरूआत में जब कनाडा के प्रधानमंत्री ने यह कहा था कि वह भारत के साथ विवाद नहीं बढ़ाना चाहते, तब ऐसा लगा कि ओटावा अपनी गलतियों का मुदावा करने को तैयार हो रहा है और चीजें शायद जल्द ही पटरी पर लौट आएं। नई दिल्ली में आयोजित जी-20 समूह के देशों की संसदों के अध्यक्षों के पी-20 सम्मेलन ने उसे एक मौका भी मुहैया कराया था, मगर इसमें शिरकत न करके कनाडा ने न सिर्फ एक अच्छा अवसर गंवाया, बल्कि नई दिल्ली की आशंकाओं को और बल दे दिया। जस्टिन ट्रूडो की राजनीतिक बाध्यता चाहे जो भी हो, वह एक साथ किसी आतंकी के हिमायती और मानवाधिकार के पैरोकार नहीं बन सकते। जिस निज्जर की हत्या पर वह इतना बड़ा कूटनीतिक जोखिम मोल ले बैठे, उस पर बेहद संगीन आरोप थे। बहरहाल, बेहतर तो यही होगा कि दोनों देश स्थिति को बदतर होने से रोकें। कनाडा भारतीय मूल के लोगों का एक लोकप्रिय ठिकाना रहा है और बड़ी संख्या में वहां लोग रहते-काम करते हैं। इसका लाभ दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिल रहा है। फिर ये दोनों लोकतांत्रिक देश हैं और मानवाधिकारों के मुखर प्रवक्ता भी, लेकिन ओटावा को यह समझना होगा कि भारत विरोधी तत्वों की सुरक्षित पनाहगाह बनकर वह नई दिल्ली से उदारता की अपेक्षा नहीं कर सकता। अपनी धरती पर भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ सक्रिय तत्वों पर उसे लगाम लगानी ही होगी। अब यह शीशे की तरह साफ हो चुका है कि आतंकवाद के खिलाफ कोई भी लड़ाई आधी-अधूरी प्रतिबद्धता से नहीं जीती जा सकती। इसलिए, यह खुद कनाडा के हित में होगा कि वह कट्टरपंथियों को अपने यहां प्रश्रय न दे।

# युद्ध का विरोध

पश्चिम एशिया में बर्बर युद्ध का छिड़ना जहां दुखद है, वहीं युद्ध रोकने के लिए दुनिया में कई जगह हो रहे प्रदर्शन सुखद हैं। स्वयं इजरायली या यहूदी लोग ही बड़ी संख्या में इस युद्ध को तत्काल रोकने की गुहार लगा रहे हैं। अमेरिका में युद्ध विरोधी प्रदर्शन का आयोजन करने वाले समूह ह्ययहूदी वॉयस फॉर पीसह्ल के मुताबिक, वाशिंगटन में अमेरिकी संसद में धरने के दौरान लगभग 500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हमारे नाम पर युद्ध नहीं होना चाहिए, तत्काल प्रभाव से संघर्ष-विराम करना चाहिए। हजारों लोगों ने पूरे अमेरिका में प्रदर्शन किया है, वहीं दुनिया के अनेक देशों से प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। मुंबई और दिल्ली में भी प्रदर्शन हुए हैं। अमेरिका से कहा जा रहा है कि वह युद्ध में इजरायल का साथ न दे। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी इजरायल दौरे पर पहुंच गए। जाहिर है, इन बड़े नेताओं के दौरे से इजरायल का मनोबल बढ़ा है और उसने कहा है कि संकट के समय पता चल रहा है कि कौन सच्चा मित्र है। अनेक यहूदी या इजरायली मूल के लोग यह मानते हैं कि हिंसा की विरासत को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। जो इजरायली नरसंहार से बच गए, उन्हें शांति और संपन्नता के लिए दूसरों को प्रेरणा देनी चाहिए। किसी भी जाति या समूह के उत्पीड़न से कोई लाभ नहीं होने वाला। ऐसे लोग इजरायल के अंदर भी हैं, जिन्हें गाजा में युद्ध-विराम व शांति के लिए लड़ने से बेहतर कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। सबसे ज्यादा प्रदर्शन अमेरिका में ही हो रहे हैं और वहां पुलिस भी प्रदर्शनों का दमन कर रही है। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल विरोधी प्रस्ताव को अमेरिका ने वीटो किया है। इससे भी नाराजगी है। लोग गुहार लगा रहे हैं कि ह्यहमारे खून का एक ही रंग हैह्ल, ह्यमेरा दुख आपका हथियार नहीं हैह्ल यहूदियों ने नस्लवाद के बहुत निर्मम स्वरूप को झेला है, लेकिन इसका बदला यहूदी नस्लवाद से नहीं लिया जा सकता। फलस्तीनियों के पक्ष में और युद्ध के विरोध में खड़े हो रहे यहूदी वास्तव में नफरत और अंधी हिंसा के खिलाफ हैं। इन पर उन तमाम लोगों की निगाह पड़नी चाहिए, जो पूरे यहूदी समुदाय को फलस्तीनियों या इस्लाम का दुश्मन मानने की गलती करते हैं।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



टेल्को भुवनेश्वरी माता मंदिर मे नवरात्र के पावन अवसर पर दीप अलंकार प्रज्जवलित किया। माता भवानी से भक्तों के स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना की।

**(पूर्व सीएम रघुवर दास के ट्विटर अकाउंट से)**



प्रश्नकाल भारतीय संसदीय कार्यप्रणाली का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन माना गया है. यह एक ऐसा साधन है, जिसके जरिए एक सांसद अपने क्षेत्र के छोटे से गाँव की भी जनसमस्या को दिल्ली तक पहुँचाता है. प्रश्नकाल संसद का वो उपकरण है जो ह्लकार्यात्मक लोकतंत्रह्व की परिभाषा को पूर्ण करता हैङ्गइस संदर्भ में टीएमसी के एक सांसद पर जो आरोप लगे है वो अत्यंत गंभीर और चौकाने वाले हैङ्गसांसद निशिकांत दुबे द्वारा लगाये गये इन आरोपों की उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिए

**पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



देश के माननीय गृह मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह जी को जन्मदिन की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करे, यही कामना करता हूँ।

**(मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय एकता का पर्व

ANALYSIS



योगेश कुमार गोयल

इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्योहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। दो शब्दों- दश तथा हरा से मिलकर बना है दशहरा। दश का अर्थ है दस तथा हरा का अर्थ है ले जाना। इस प्रकार दशहरे का मूल अर्थ है दस अवगुणों या बुराइयों को ले जाना यानी इस अवसर पर अपने भीतर के दस अवगुणों को खत्म करने का संकल्प लेना। दरअसल हर इंसान के भीतर रावण रूपी अनेक बुराइयां मौजूद होती हैं और सभी पर एक बार में विजय पाना संभव भी नहीं है, इसलिए दशहरे पर ऐसी ही कुछ बुराइयों का नाश करने का संकल्प लेकर इस पर्व की सार्थकता सुनिश्चित की जा सकती है।

आश्विन शुक्ल दशमी को प्रतिवर्ष 'विजयादशमी' का पर्व मनाया जाता है, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। दशहरा इस वर्ष उदया तिथि के अनुसार 24 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। समस्त भारत में दशहरा भगवान श्रीराम द्वारा रावण के वध के रूप में अर्थात बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में तथा आदि शक्ति दुर्गा द्वारा महाबलशाली राक्षसों महिषासुर व चण्ड-मुण्ड का वध किए जाने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्योहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। दो शब्दों- दश तथा हरा से मिलकर बना है दशहरा। दश का अर्थ है दस तथा हरा का अर्थ है ले जाना। इस प्रकार दशहरे का मूल अर्थ है दस अवगुणों या बुराइयों को ले जाना यानी इस अवसर पर अपने भीतर के दस अवगुणों को खत्म करने का संकल्प लेना। दरअसल हर इंसान के भीतर रावण रूपी अनेक बुराइयां मौजूद होती हैं और सभी पर एक बार में विजय पाना संभव भी नहीं है, इसलिए दशहरे पर ऐसी ही कुछ बुराइयों का नाश करने का संकल्प लेकर इस पर्व की सार्थकता सुनिश्चित की जा सकती है। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है। सही अर्थों में यह पर्व अपने भीतर छिपे दुर्गुण रूपी रावण को मारकर तमाम अवगुणों पर विजय प्राप्त करने का शुभकाल है। दशहरे के उत्सव का संबंध नवरात्रों से जोड़कर देखा जाता रहा है। शक्ति की उपासना का यह पर्व सनातन काल से ही शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक नौ तिथि, नौ नक्षत्र और नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि नवरात्रि में देवी की शक्ति से दसों दिशाएं प्रभावित होती हैं और देवी दुर्गा की कृपा से ही दसों दिशाओं पर विजय प्राप्त होती है, इसलिए भी नवरात्रि के बाद आने वाली दशमी को 'विजयादशमी' कहा जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हमें यह भी समझना चाहिए कि हमारे समाज में सभी नारियां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती या काली का ही रूप हैं, इसलिए इन पर्वों की सार्थकता सही मायनों में तभी सिद्ध हो सकती है, जब हम अपने समाज में देवी स्वरूपा नारी को उचित मान-सम्मान दें, उसे गर्भ में ही मौत की नींद सुलाने से बचाएं, शिक्षित करके उन्हें उनका हक दिलाएं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएं और सम्मानित जीवन जीने का अधिकार प्रदान करें। मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि-त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था और दसवें दिन उसका वध करते हुए उस पर विजय हासिल की थी। इन्हीं 9 दिनों को दुर्गा पूजा (नवरात्रि) के रूप में एवं शक्ति संचय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और महिषासुर पर आदि शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है। दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें 'ज्वारे' कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान। दशहरे के दिन लड़कियां अपने भाइयों की पगड़ी अथवा सिर पर ज्वारे रखती हैं और भाई उन्हें कोई उपहार देते हैं। सही मायनों में इस पर्व की सार्थकता तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब हम इस अवसर पर आत्मचिंतन करते हुए अपने भीतर की बुराई रूपी रावण पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनका विनाश करने का प्रयास करें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



# मानसिक स्वास्थ्य को मिले प्राथमिकता

हाल के वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा बच्चों एवं युवाओं के सामने बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। जिसे गंभीरता से लेने की जरूरत है, ताकि समय रहते इसके कारणों को ढूंढ समाधान निकाला जा सके। बच्चों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर वातावरण के निर्माण के साथ-साथ इसके प्रति जन जागरूकता की भी आवश्यकता है। इसके लिए आवश्यक है कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर चर्चा की जाए और इससे जुड़ी मिथ्या धारणाओं को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। सभी बच्चों को स्वस्थ मानस और खुशहाली प्राप्त करने का अधिकार है। ऐसे में बच्चों के लिए बनायी जाने वाली सभी नीतियों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को प्रमुखता से शामिल करने की जरूरत है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सदियों से लोगों में उपेक्षा और लापरवाही का भाव रहा है। बच्चों, किशोरों और देखभालकर्ताओं में मानसिक समस्याओं के उपचार और इसके रोकथाम को लेकर कमियां पायी गयी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 10 से 19 वर्ष के 14 प्रतिशत बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करते हैं। पर यह काफी हद तक अज्ञात रूप में और अनुपचारित है, जो जागरूकता की कमी, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अलग-अलग धारणाओं तथा उचित एवं किफायती सेवाओं आदि की कमी की ओर संकेत करता है। इसे ध्यान में रखते हुए तुरंत उपाय शुरू किये जाने चाहिए और यह हर बच्चे के लिए उपलब्ध होना चाहिए। खराब मानसिक स्वास्थ्य से निपटने के लिए शीघ्र उपचार शुरू करना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। इसके लिए जरूरी है कि स्कूलों और सीखने के वातावरण में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए कार्य किया जाए और उनमें जागरूकता पैदा की जाए। बच्चे घर पर अपना अधिकांश समय माता-पिता और स्कूल में शिक्षकों के साथ बिताते हैं। देखभालकर्ता के रूप में हमें बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को लेकर जागरूक होने की आवश्यकता है। बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन और असामान्य गतिविधियों, जैसे बच्चे का गुमसुम व कटा-कटा रहना, बेचैन रहना, परीक्षा परिणामों में गिरावट जैसे लक्षणों के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। ऐसे लक्षण दिखने पर बच्चे के साथ तुरंत बात करनी चाहिए और कारणों का पता लगाना चाहिए, ताकि सही समय पर उचित देखभाल और आवश्यक उपाय किये जा सकें। माता-पिता और शिक्षकों के साथ बच्चों का नजदीकी जुड़ाव उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान कर सकता है। इससे बच्चों के लिए उनके साथ बिना किसी झिझक और भय के अपनी समस्याओं को साझा करना और समाधान प्राप्त करना आसान हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि स्कूलों में छात्रों के लिए परामर्श सेवाएं शुरू की जाएं और एक सुरक्षित स्थान प्रदान किया जाए, ताकि वे उस शिक्षक के साथ अपनी समस्याओं को साझा कर सकें, जिसके साथ सहज महसूस करते हैं। शिक्षकों को भी उचित प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। एक शिक्षक को कक्षा में ऐसे माहौल को बढ़ावा देना चाहिए, जहां छात्र बिना किसी झिझक या भय के अपनी भावनाओं और समस्याओं को व्यक्त करने में सुरक्षित महसूस करे। उन्हें छात्रों की चुनौतियों के प्रति सहानुभूति दिखानी चाहिए और समझना चाहिए कि उनके शैक्षिक प्रदर्शन को प्रभावित करने में बाहरी कारकों का भी योगदान हो सकता है। माता-पिता को भी घर पर एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना चाहिए, ताकि बच्चे किसी भी मुद्दे पर खुलकर चर्चा कर सकें और खुद को अभिव्यक्त कर सकें। बच्चों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके अंदर तनाव उत्पन्न हो सकता है। जब बच्चा बात करे, तो उसकी बातों पर माता-पिता को पूरा ध्यान देना चाहिए, ताकि उसे अहसास हो कि माता-पिता उसकी भावनाओं को समझते हैं। उन्हें तनाव प्रबंधन उपायों के बारे में भी बताएं। जैसे गहरी सांस लेना, व्यायाम करना और रिलैक्सिंग टेक्नीक को अपनाना। नियमित भोजन, सोने और जागने का निर्धारित समय, दिनचर्या का पालन, शारीरिक गतिविधियों एवं अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ संतुलित आहार और पर्याप्त आराम भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है। ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक बच्चों और वयस्कों की पहुंच सीमित है, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कई गलत धारणाएं भी व्याप्त हैं, जिससे कई मुद्दे अनसुलझे रह जाते हैं। आर्थिक कठिनाई और शैक्षिक अवसरों की कमी भी ग्रामीण युवाओं की भावनात्मक स्थिरता पर असर डालती है। हमारे युवा, हलचल भरे शहरी माहौल और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस स्थिति से चुपचाप लड़ रहे हैं। बच्चों-किशोरों को तनाव प्रबंधन में सहायता करना, उनके भावनात्मक विकास और बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक है। प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है और उनके मुद्दों का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। आइए, हम सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे-किशोर को एक मजबूत और स्वस्थ नागरिक के रूप में विकसित होने का अवसर मिले।

# दस बुराइयों से मुक्ति पाने का पर्व है दशहरा

भारत विशाल देश है। इसकी भौगोलिक संरचना जितनी विशाल है, उतनी ही विशाल इसकी संस्कृति है। यह भारत की सांस्कृतिक विशेषता ही है कि सभी पर्व देश में एक जैसी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाए जाते हैं, भले ही उनके मनाने की विधि अलग हो। ऐसा ही पावन पर्व दशहरा है। इसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। दशहरा को मयार्दा पुरुषोत्तम राम द्वारा अत्याचारी राक्षसी प्रवृत्तियों के प्रतीक रावण के वध का स्मरण कर बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। लोग दैत्याकार पुतले को फूंक कर तमाशे के उल्लास में अपने कर्तव्य पालन को सीमित रखते हैं। लोग यह भुला देते हैं कि अत्याचार और उत्पीड़न के साथ संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता। रावण के दस सिर मात्र उसकी असाधारण बुद्धिमत्ता की याद नहीं दिलाते, वरन उन दस बुराइयों को गिनने के लिए हमें प्रेरित करते हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को दूभर बना रखा है। दशहरा इनसे मुक्ति पाने का बड़ा अवसर है। इसलिए हमें अपने समाज में व्याप्त बुराइयों-विकृतियों को नए सिरे से पहचानने और उनेके उन्मूलन के लिए कमर कसनी होगी। हमारी समझ में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का उन्मूलन सबसे अहम प्राथमिकता है, क्योंकि पितृसत्तात्मक पुरुष प्रधान समाज में घनघोर लिंगभेदी अन्याय है। इससे महिलाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को पंगु बनाने वाली विषमता पैदा होती है। बिना महिला सबलीकरण के निरक्षरता या बेरोजगारी के उन्मूलन को दूर करने की बात सोची भी नहीं जा सकती। पर्यावरण का संरक्षण हो या स्वच्छता का आग्रह, इन मूल्यों की जड़ें भी इसी कर्तव्य में निहित हैं। अदालतों में न्याय मिलने में देर किसी अंधेर से कम नहीं है। पुराने समय से कहा जाता है कि कचहरी में घुसने वाले के हाथ चांदी के और पांव फौलाद के होने चाहिए। यह वह जगह है जहां निचले स्तर पर भ्रष्टाचार का बाजार गरम रहता है। सर्वोच्च न्यायालय अनेक बार इस पर टिप्पणी कर चुका है। यह भी ऐसी ही बुराई है जिसे दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। राजनीति में शुचिता भी बहुत जरूरी है। इसलिए बाहुबल जैसी बुराई से फासला बनाने की जरूरत है। राजनीति को चुनाव तक सीमित नहीं रखना चाहिए। अपने बुनियादी अधिकारों के संबंध में भी जागरूक रहने की जरूरत है। विजयादशमी का पर्व सिर्फ बाहरी जगत की बुराइयों से लड़ने का नहीं है। अपने भीतर के व्यसन और विकृतियों के उन्मूलन का मौका भी है। स्वस्थ समाज, सुशिक्षित समाज, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तीकरण, गरीबी उन्मूलन, जनसंख्या नियोजन सिर्फ सरोकार नहीं, बल्कि व्यापक अर्थों में आज देश की सबसे बड़ी और बुनियादी समस्याएं हैं। हमें इस पावन अवसर पर इन बुनियादी समस्याओं के निजात के लिए अपने स्तर पर प्रयास करने का संकल्प भी लेना चाहिए। संकल्प का यह मार्ग ही विजय पथ है। इस पथ पर केवल धर्मपरायण और साहसी ही पांव रखते हैं। भगवान राम ने नौ दिन मां आदिशक्ति की आराधना कर दसवें दिन रावण का वध कर माता सीता को मुक्त कराया था। आइए हम सब समाज और राक्षस रूपी कुरीतियों को समाप्त कर राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जाएं।

# मेजबानी का सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 141वें इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी सेशन के उद्घाटन के दौरान इस बात की पुष्टि कर दी कि भारत 2036 ओलिंपिक आयोजन की मेजबानी का दावा करेगा। यह एक बड़ी घोषणा तो है लेकिन हाल के घटनाक्रम की रोशनी में देखें तो न केवल स्वाभाविक है बल्कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के पॉजिटिव रेस्पॉन्स की उम्मीद भी दिलाती है। इसका शुरूआती संकेत क्डउ प्रेसिडेंट थॉमस बाख के इस बयान में दिखता है कि भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिर भी आयोजन की मेजबानी की राह में अभी कई चुनौतियां हैं। इसके लिए भारत को कई मानकों से गुजरना होगा। यह बात भी सही है कि विशुद्ध आर्थिक लिहाज से देखा जाए तो ओलिंपिक आयोजन को लेकर कुछ शंकाएं-आशंकाएं भी रही हैं। पिछली सदी के उत्तरार्ध में तो कई विशेषज्ञ इसे घाटे का सौदा कहने लगे थे। बाद में टीवी राइट्स रेवेन्यू के बढ़ते आंकड़ों ने सूरत बदली। लेकिन 2020 के तोक्यो ओलिंपिक (जो आखिरकार 2021 में आयोजित हुए) में कोविड-19 की महामारी के चलते जिस तरह की दिक्कतें आईं और खर्च में जो बेतहाशा बढ़ोतरी हुई, उसने एक बार फिर पुरानी आशंकाओं को बल दिया। कुछ देशों के इससे पीछे हटने के भी उदाहरण देखने को मिले हैं। लेकिन एक तो कोविड-19 से उपजे हालात को सामान्य नहीं माना जा सकता। वह एक विशेष स्थिति थी जो मानव सभ्यता के इतिहास में कभी-कभी आती है। दूसरी बात यह कि ओलिंपिक हो या ऐसा कोई दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन, उससे होने वाले फायदों को न तो खर्च और आमदनी के तात्कालिक आंकड़ों में नापा जा सकता है और न ही आर्थिक क्षेत्र तक सीमित किया जा सकता है। इन आयोजनों के लिए जिस तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की जरूरत होती है, वह खासकर विकासशील देशों के लिए लंबे समय तक फायदेमंद साबित होता है। भारत में राजधानी दिल्ली में अस्सी के दशक में हुए एशियाई खेलों के आयोजन से लेकर अब तक के तमाम अनुभव इसकी पुष्टि करते हैं। इसके अलावा यह ध्यान में रखना भी जरूरी है कि ऐसे आयोजन देश की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों से दुनिया को परिचित कराने का अच्छा मौका होते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय फलक पर देश की साख मजबूत होती है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मोबाइल बाजार का बादशाह बना सैमसंग

## कंपनी ने भारत से 7.9 मिलियन यूनिट की शिपमेंट की

**मुंबई ।**

सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 18 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी और 7.9 मिलियन यूनिट की शिपमेंट के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। शाओमी 7.6 मिलियन यूनिट की शिपिंग के साथ दूसरे स्थान पर है, जो मुख्य रूप से इसके किफायती 5जी मॉडल की रिलीज से प्रेरित है। मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के अनुसार, वीवो 7.2 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। जबकि रियलमी और ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) क्रमशः 5.8 मिलियन और 4.4 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी करके शीर्ष पांच में रहे। भारत ने 2023 की तीसरी तिमाही में 43 मिलियन शिपमेंट दर्ज की, क्योंकि बाजार धीरे-धीरे रिकवरी की ओर बढ़ रहा है।

हालांकि शिपमेंट में साल-दर-साल 3 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन तिमाही में उपभोक्ता माहौल में सुधार देखा गया, जिससे विक्रेताओं को नए पेश किए गए उपकरणों पर पूंजी लगाने की अनुमति मिली। तीसरी तिमाही में, स्मार्टफोन ब्रांडों ने बजट-अनुकूल 5जी विकल्पों पर जोर देने के साथ रणनीतिक रूप से अपने उत्सव उत्पाद लाइनअप को बढ़ावा दिया। जहां एंट्री-लेवल सेगमेंट में मांग में वृद्धि देखी गई क्योंकि विक्रेताओं ने बड़े पैमाने पर 5जी मॉडल पेश किए।

जानकार ने कहा, प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत वृद्धि का अनुभव जारी रहा। यह सैमसंग की एस23 सीरीज और पुरानी पीढ़ी के एप्पल आईफोन, जैसे आईफोन 14 और आईफोन 13 द्वारा संचालित था, जो फेस्टिव सेल्स के दौरान आकर्षक डील्स पर पेश किए जा रहे थे। बाजार में एचटेक के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम मार्ग के माध्यम से ऑनर की रि-एंट्री भी देखी गई और इसका ऑनर 90 मॉडल लांच किया गया। वनप्लस, इनफिनिक्स और टेक्नो जैसे ब्रांडों मुख्य रूप से चैनल की उपस्थिति में वृद्धि, पेशकश में वृद्धि और 2021 की चिप की कमी की अवधि से कुछ सकारात्मक गति प्राप्त करने के कारण मजबूत वृद्धि देखी। 2024 में वृद्धि अनिश्चित व्यापक आर्थिक कारकों पर निर्भर करती है, जो विशेष रूप से कमजोर एंट्री लेवल सेगमेंट को प्रभावित करती है।

# लैंगिक भेदभाव को लेकर गूगल को करना होगा महिला कार्यकारी को 1.1 मिलियन डॉलर का भुगतान

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में एक जूरी ने फैसला सुनाया है कि गूगल को अपने एक कर्मचारी को 1.1 मिलियन डॉलर का भुगतान करना होगा जिसने टेक दिग्गज के खिलाफ लिंग आधारित भेदभाव की शिकायत दर्ज कराई थी। गूगल क्लाउड की इंजीनियरिंग निदेशक उल्कु रोवे ने आरोप लगाया कि कंपनी कम अनुभवी पुरुष अधिकारियों को हाई सैलरी देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गूगल ने उनकी शिकायतों के जवाब में उन्हें प्रमोशन भी देने से इनकार कर दिया। ब्लूमबर्ग लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क जूरी ने गूगल को दंडात्मक क्षति और दर्द और पीड़ा दोनों के लिए भुगतान करने का आदेश दिया। द वर्ज को भेजे गए एक ईमेल में, आउटटेन एंड गोल्डन की वकील कारा ग्रीन ने कहा कि सर्वसम्मत फैसला न केवल गूगल के दुर्व्यवहार का विरोध करता है, बल्कि यह मैसेज भी देता है कि कार्यस्थल पर भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रीन ने इसका श्रेय गूगल के हजारों कर्मचारियों को दिया, जो 2018 में बाहर चले गए और सुधारों की मांग की। गूगल के लगभग 20,000 कर्मचारियों ने 2018 में इंटरनेट दिग्गज के यौन उत्पीड़न से निपटने के तरीके और अधिक व्यापक रूप से, समानता और पारदर्शिता के आसपास इसकी कार्यस्थल नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

# मध्य पूर्व तनाव के चलते निवेशकों के सतर्क रहने की संभावना




**नई दिल्ली ।**

मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव के लंबे प्रभाव के बारे में चिंताओं के कारण निवेशकों के निकट अवधि में सतर्क रहने की संभावना है। ये बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध। प्रमुख विनोद नायर ने कही है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि अस्थिरता बनी रहेगी, हालांकि लंबी अवधि के निवेशकों को वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के नतीजे, आय अनुमान और त्योहारों के चलते बढ़ी मांग के माहौल के कारण निवेश के अवसर मिलेंगे। फेड की ब्याज दर के लिए भारतीय बाजार अमेरिकी जीडीपी डेटा की सतर्कता से निगरानी करेगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, जैसे-जैसे कमाई का मौसम गति पकड़ेगा, निवेशकों के सेंटीमेंट्स कॉर्पोरेट प्रबंधन टिप्पणी और बॉटम-अप निवेश दृष्टिकोण से आकार लेंगे। मध्य पूर्व के तनाव और बढ़ी हुई अमेरिकी बांड यील्ड ने इस हफ्ते बाजार को नरम रखा। कमाई के मौसम की कमजोर शुरुआत, आईटी क्षेत्र से निराशा और बैंकों के मिश्रित नतीजों ने निवेशकों को मुनाफावसूली करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एफआईआई ने धन निकालना जारी रखा क्योंकि यूएस फेड चेयर ने मौद्रिक नीति को जारी रखने और ब्याज दर को ऊंचा रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि सोमवार को बैंकिंग सेक्टर फोकस में रहेगा। निवेशक आईसीआईसीआई और कोटक बैंक के दूसरी तिमाही के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। अगले सप्ताह घोषित होने वाले प्रमुख नतीजों में एक्सिस बैंक, टेकएम, मारुति, बजाज फिनसर्व, एसबीआई लाइफ और डॉ रेड्डीज शामिल होंगे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा कि निफ्टी का अल्पकालिक रुझान नेगेटिव बना हुआ है। 19,480 के समर्थन से नीचे की गिरावट निफ्टी को निकट अवधि में 19,350 के स्तर के एक और महत्वपूर्ण समर्थन की ओर खींच सकती है। तत्काल प्रतिरोध 19,650 के स्तर के आसपास रखा गया है।

# एक्स मालिक के रूप में उथल-पुथल भरा रहा एलन मस्क का पहला वर्ष

**सैन फ्रांसिस्को।**

महीनों के उथल-पुथल भरे दौर के बाद एलन मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया। एक साल बाद, दुष्प्रचार के निरंतर प्रसार के बीच, प्लेटफ़ॉर्म (जिसे अब एक्स कहा जाता है) से जुड़े विवाद अभी ख़त्म नहीं हुए हैं। मस्क के कार्यभार संभालने के बाद से पिछले कुछ महीनों में यहूदी-विरोधी ट्वीट्स में दोगुने से भी अधिक की वृद्धि हुई है और यूरोपीय आयोग ने औपचारिक रूप से अवैध सामग्री और दुष्प्रचार के प्रसार को लेकर एक्स की जांच शुरू की है, लेकिन ट्विटर पक्षी को अभी भी मुक्त नहीं किया गया है। 26 अक्टूबर, 2022 को जैसे ही उन्होंने ट्विटर खरीदा, मस्क सैन फ्रांसिस्को में कंपनी के मुख्यालय में बाथरूम सिंक लेकर पहुंचे, उन्होंने एक पोस्ट साझा करते हुए कहाः उसे डूबने दो!

अधिग्रहण के बाद, मस्क ने अपने भारतीय मूल के सीईओ पराग अग्रवाल सहित 7,500 ट्विटर कर्मचारियों में से 80 प्रतिशत से अधिक को निकाल दिया और यहां तक कि ट्रस्ट और सुरक्षा परिषद को भी भंग कर दिया।


इस महीने की शुरुआत में, रिपोर्ट सामने आई कि अग्रवाल, पूर्व नीति प्रमुख विजया गड्डे और अन्य अधिकारियों ने अंततः मस्क द्वारा संचालित कंपनी से कानूनी शुल्क में 1.1 मिलियन डॉलर जीते। पिछले साल नवंबर में, उन्होंने ट्विटर पर कहा था कि लोगों ने बात की है और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को प्लेटफॉर्म पर बहाल किया जाएगा। इस साल अगस्त में, ट्रम्प ने चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप में अमेरिका की फुल्टन काउंटी जेल से अपना मगशॉट पोस्ट करके अपनी वापसी का संकेत दिया था। मस्क ने उनके पोस्ट को रीट्वीट करते हुए कहा, नेक्स्ट-लेवल। फरवरी में, ऐसी खबरों के बीच कि ट्विटर को प्रतिदिन 4 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है, टेक अरबपति ने कहा कि प्लेटफ़ॉर्म जल्द ही उनके उत्तर थ्रेड में दिखाई देने वाले विज्ञापनों के लिए रचनाकारों के साथ विज्ञापन राजस्व साझा करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ने अंततः जुलाई में रचनाकारों को अन्य सत्यापित उपयोगकर्ताओं को उनके पोस्ट के उत्तरों में दिए गए विज्ञापनों से अर्जित विज्ञापन राजस्व के एक हिस्से के लिए भुगतान करना शुरू कर दिया।

पिछले महीने, एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने खुलासा किया था कि प्लेटफॉर्म ने क्रिएटर्स को लगभग 20 मिलियन डॉलर (166 करोड़ रुपये से अधिक) का भुगतान किया।

# पीएनबी घोटाले से भी बड़े 16,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी ने उड़ाए होश

**मुंबई।**

एक डिजिटल भुगतान कंपनी ने रोजाना किए जाने वाले लाखों लोगों में से एक लेनदेन पर नजर डाली, तो पता लगा कि यह 16,180 करोड़ रुपये से ज्यादा के धोखाधड़ी वाला लेनदेन है। यह जनवरी 2018 के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले से भी बड़ा था, जिसमें शीर्ष हीरा व्यापारी शामिल थे। इस मामले ने ठाणे पुलिस को चक्कर में डाल दिया। इस बड़े घोटाले का आधिकारिक तौर पर खुलासा 9 अक्टूबर को ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन द्वारा किया गया, जिसने सेफएक्सपे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद एफआईआर दर्ज की। पुलिस जांचकर्ताओं ने कहा कि सेफएक्सपे के पेआउट प्लेटफॉर्म को कथित तौर पर कुछ अज्ञात संस्थाओं द्वारा हैक कर लिया गया था, और बाद की जांच से पता चला कि कम से कम 16,180 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है, जिसमें से कुछ पैसे विदेश भेजे गए हैं। ठाणे स्थित सेफएक्सपे के संस्थापक-सीईओ रवि गुप्ता ने कहा कि यह घोटाला अप्रैल के आसपास सामने आया जब दिल्ली, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के चार व्यापारियों ने बैंक शेष और सिस्टम शेष के बीच संदिग्ध विसंगतियों की सूचना दी। सेफएक्सपे की वित्तीय संचालन टीमों द्वारा सावधानीपूर्वक आंतरिक जांच में पाया गया कि इन चारों में से एक व्यापारी के लॉगिन से छेड़छाड़ की गई है और आगे यह पाया गया कि संदिग्ध लेनदेन उनका नहीं था। सेफएक्सपे, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह हर दिन 100,000 से अधिक लेनदेन संभालता है, ने तुरंत लाभार्थियों और संबंधित बैंकों को मामले की सूचना दी, साथ ही तथाकथित गोल्डन पीरियड में पैसों के अवैध हस्तांतरण को रोकने की प्रक्रिया शुरू की। गुप्ता ने कहा, इस साइबर अपराध के चलते 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और खुलासे से हैरान सेफएक्सपे ने तुरंत 20 अप्रैल को ठाणे पुलिस साइबर अपराध जांच सेल और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। कंपनी ने इसके बाद 16 जून, 2023 को विस्तृत साक्ष्य और अन्य सामग्री के साथ श्रीनगर पुलिस स्टेशन में एक विस्तृत एफआईआर दर्ज की। गुप्ता ने कहा, गोल्डन पीरियड के दौरान सुधारात्मक उपाय करने से सेफएक्सपे को अपने भुगतान प्लेटफॉर्म से 25 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चलने पर लगभग 7 करोड़ रुपये बचाने में मदद मिली। सेफएक्सपे ने एक व्यापक सिस्टम विश्लेषण करने के लिए साइबर विशेषज्ञों, फोरेंसिक ऑडिटरों और अन्य लोगों को शामिल किया, कि हैकर्स ने सिस्टम में कैसे प्रवेश किया और पैसे कैसे उड़ाए, उनकी कार्यप्रणाली, और लाभार्थी खातों का विश्लेषण, और विस्तृत रिपोर्ट ठाणे पुलिस को सौंपी गई। ठाणे पुलिस की जांच में विभिन्न फर्जी बैंक खातों का उपयोग कर अलग-अलग संस्थाओं द्वारा किए गए कम से कम 16,180 करोड़ रुपये के भ्रामक लेनदेन का खुलासा हुआ और सेफएक्सपे से पूरी तरह से असंबंधित था। पुलिस ने कहा कि 25 करोड़ रुपये की रकम ठाणे स्थित कंपनी रियाल एंटरप्राइजेज के एचडीएफसी बैंक खाते में पहुंची, जिसकी ठाणे और नवी मुंबई में पांच शाखाएं हैं। रियल एंटरप्राइजेज की जांच से पता चला कि विभिन्न बैंकों में अलग-अलग नामों से लगभग 260 खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए किया गया था। ठाणे पुलिस ने कहा, इन 260 खातों के बैंक स्टेटमेंट की विस्तृत जांच से 16,180 करोड़ रुपये की भारी हेराफेरी का अनुमान लगाया गया है, जिसका एक हिस्सा विदेशी खातों में स्थानांतरित किया गया है। ठाणे पुलिस ने अब तक दो लोगों अमोल अंधाले उर्फ अमन और समीर उर्फ केदार डिंघे को गिरफ्तार किया है।



# चीन ने प्रमुख ईवी बैटरी घटक पर नए निर्यात प्रतिबंध लगाए

**गकांग ।** चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर दिसंबर से कुछ ग्रेफाइट उत्पादों पर अतिरिक्त निर्यात प्रतिबंधों की घोषणा की है। चीन का यह कदम दुनिया भर में ईवी निर्माताओं को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि देश प्राकृतिक ग्रेफाइट का मुखे य स्रोत और उत्पादक है। एक रिपोर्ट में बताया कि चीन में निर्यातकों को 1 दिसंबर से परमिट के लिए आवेदन करने की आवश्यकता होगी। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ग्रेफाइट के शीर्ष आयातकों में से हैं। मशीनरी, पेट्रोकेमिकल, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों के लिए बैटरी, ईंधन सेल और स्नेहक बनाने के लिए ग्रेफाइट का व्यापक रूप से उपयोग होता है। हाल के वर्षों में मांग बढ़ी है क्योंकि यह इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला कच्चा माल है। चीन ने 2022 में कुल विश्व ग्रेफाइट आपूर्ति का अनुमानित 65 प्रतिशत उत्पादन किया। देश के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, विशिष्ट ग्रेफाइट वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लगाना एक आम अंतरराष्ट्रीय प्रथा है। दुनिया के सबसे बड़े ग्रेफाइट उत्पादक और निर्यातक के रूप में चीन लंबे समय से अप्रसार जैसे अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को मजबूती से पूरा कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा की आवश्यकता के आधार पर चीन ने कानून के अनुसार विशिष्ट ग्रेफाइट वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लागू किया है, और कुछ ग्रेफाइट वस्तुओं पर अस्थायी नियंत्रण लागू किया है।

# जनवरी से सितंबर तक चीनी राष्ट्रीय रेलवे ने 2.897 अरब टन माल भेजा

**बीजिंग।** चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष जनवरी से सितंबर तक, चीनी राष्ट्रीय रेलवे ने कुल 2.897 अरब टन माल भेजा, और माल परिवहन ने उच्च स्तर बनाए रखा। पहला, माल ढुलाई क्षमता का विस्तार जारी है। चीन ने राष्ट्रीय रेलवे के ÷एक नेटवर्क÷ और केंद्रीकृत और एकीकृत कमांड के लाभों पर पूरा ध्यान दिया, अच्छी तरह से लाइनों, स्टेशनों, लोकोमोटिव, वाहनों और मानव संसाधनों के उपयोग का समन्वय किया, परिवहन और ट्रकों की लोडिंग और अनलोडिंग का अनुकूलन किया, और रेलवे कार्गो परिवहन क्षमता और दक्षता में सुधार किया। दूसरा, अंतर्राष्ट्रीय परिवहन की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया गया। चीन-यूरोप मालगाड़ी पोर्टल वेबसाइट सफलतापूर्वक लॉन्च की गई, जिससे चीन-यूरोप मालगाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता में और सुधार हुआ। चीन-यूरोप मालगाड़ियों की संख्या और टन भार का विस्तार करने के उपायों को लागू करना जारी रखा, और ट्रेन मार्शलिंग और पोर्ट स्टेशन हैंडओवर क्षमता में सुधार किया गया। तीसरा, माल ढुलाई उत्पादों का अनुकूलन और सुधार किया गया। कंटेनरीकृत परिवहन, मल्टीमॉडल परिवहन और तेज़ लॉजिस्टिक्स का जोरदार विकास किया गया और व्यापक परिवहन सेवा क्षमता को बढ़ाया गया।

# चीनी यिवू अंतर्राष्ट्रीय छोटी वस्तु (मानक) मेला उद्घाटित

**बीजिंग।**

29वां चीनी यिवू अंतर्राष्ट्रीय छोटी वस्तु (मानक) मेला 21 अक्तूबर को चीन के चच्यांग प्रांत के यिवू में शुरू हुआ। 2,400 उद्यम मेले में हिस्सा ले रहे हैं। बताया जाता है कि वर्तमान मेले में 3,800 अंतर्राष्ट्रीय मानक मंडप स्थापित किए गए हैं। 2,400 उद्यम दैनिक उपभोक्ता सामान, खेल और आउटडोर उत्पाद, संस्कृति, काम, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, निर्माण हार्डवेयर और अन्य व्यवसाय से जुड़े हैं। व्यापारिक पारिस्थितिक प्रदर्शनी क्षेत्र में एआई तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे बाज़ार निर्माण, डिजिटल व्यापार और सीमा-पार भुगतान आदि में एआई की भूमिका प्रदर्शित हुई है। पाकिस्तान के खरीदार वुसमैन और उनके साथियों ने यिवू द्वारा विकसित एआई उत्पाद का अनुभव किया। इससे लोग उत्पाद ढूंढ सकते हैं, दुकान का पता लगा सकते हैं और विभिन्न जानकारी की जांच कर सकते हैं। बताया जाता है कि वर्तमान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा, ताकि चीनी और विदेशी बाजार का फायदा उठाने में उद्यमों को सहायता दी जा सके।

# एलन मस्क के एक्स पर यूजर विजिट हुए कम, 50 करोड़ से अधिक यूजर गए

**वाशिंगटन ।** एक्स कॉर्प पर पिछले महीने 50 करोड़ से अधिक यूजर विजिट कम हुए और एलन मस्क द्वारा संचालित प्लेटफॉर्म अब वैश्विक रैंकिंग में इंस्टाग्राम के बाद सातवें स्थान पर आ गया है। नए डेटा के अनुसार, सितंबर में एक्स का ट्रैफिक 6.4 बिलियन से घटकर 5.8 बिलियन हो गया, जो 10 प्रतिशत का नुकसान है। सितंबर में ट्विटर पर विजिट करने वाले 176 देशों में से 83 प्रतिशत में महीने-दर-महीने विजिट में गिरावट देखी गई। डेटा के विश्लेषण से पता चला कि एक्स अब मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम के बाद वैश्विक रैंकिंग में सातवें स्थान पर आ गया है। सितंबर में ट्विटर का उपयोग करने वाले 176 देशों में से चार-पांचवें (83 प्रतिशत) से अधिक देशों में वेबसाइट पर महीने-दर-महीने ट्रैफिक में गिरावट देखी गई। गूगल डेटा से साफ होता है, कि पिछले साल मस्क द्वारा कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद से ट्विटर पर वैश्विक खोज में गिरावट आई है, जो 14 मिलियन मासिक खोज से घटकर एक साल बाद 11 मिलियन रह गई है, जो नवंबर 2018 के बाद से सबसे कम है। वेंचर स्मार्टर के प्रवक्ता ने कहा, समान वेब ट्रैफिक से पता चलता है कि ट्विटर तेजी से ट्रैफिक खो रहा है और वैश्विक रैंकिंग में पहले ही नीचे गिर चुका है। जब से मस्क ने पदभार संभाला है, इसकी लोकप्रियता में गिरावट होती दिख रही है। सैकड़ों देशों से ट्रैफिक में गिरावट देखना चौंका देने वाला है, और यह बॉट्स से निपटने के लिए ट्विटर के पर्दे के पीछे के प्रयास भी हो सकते हैं। प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, जैसा कि मस्क ने हाल ही में कहा है, 1 डॉलर का शुल्क बॉट्स से लड़ने का एकमात्र तरीका हो सकता है, इससे अधिक संभावना है कि उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म से स्विच ऑफ कर रहे हैं। मस्क ने कहा कि एक्स जल्द ही दो नए भुगतान वाले प्रीमियम टियर लांच करेगा और विज्ञापनों के साथ उस टियर में से एक की कीमत मौजूदा 8 डॉलर प्रति माह से कम होगी।

# वैश्विक रुख और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव से तय होगी बाजार की चाल

## – रुपए की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी बाजार की नजर

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की दिशा कंपनियों के तिमाही परिणामों, वैश्विक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की नजरें हमास-इजराइल संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया की गतिविधियों तथा विदेशी निवेशकों के रुख पर भी रहेगी। मंगलवार को विजयदशमी पर्व पर बाजार में अवकाश रहेगा। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी बांड पर बढ़ते प्रतिफल, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के चलते वैश्विक बाजार में सुस्ती छाई हुई है। इन कारकों पर नजदीक से नजरें रखने की जरूरत है, क्योंकि ये बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तिमाही परिणामों के सत्र में बाजार भागीदारों की नजरें डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल और कच्चे तेल की कीमतों के साथ-साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश के रुख पर रहेगी। एक अन्य बाजार के जानकार ने कहा कि गुरुवार को मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। बाजार आगे इजराइल-फलस्तीन संघर्ष से दिशा लेगा। इसके अलावा कुछ बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी सभी की नजर रहेगी। उनका कहना है कि इस सप्ताह ब्रिटेन के सेवा पीएमआई, अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई, अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी),




बेरोजगारी दावे के आंकड़े भी आएंगे जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। भारत सहित दुनियाभर के बाजार भू-राजनीतिक चुनौतियों, कच्चे तेल की कीमतों और बांड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके अलावा तिमाही नतीजों की वजह से शेयर विशेष गतिविधियां भी देखने को मिलेंगी। बाजार विशेषज्ञों को उम्मीद है कि कम कारोबारी सत्र वाले इस सप्ताह में तिमाही परिणाम महत्वपूर्ण रहेंगे। वैश्विक मोर्चे पर यूरोपीय केंद्रीय बैंक (यूसीबी) इस सप्ताह ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा करेगा। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के सितंबर तिमाही के नतीजे आएंगे। इसके अलावा सप्ताह के दौरान केनरा बैंक, एशियन पेंट्स, पीएनबी, बीपीसीएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे भी आएंगे।

# दुर्गा पूजा के अवसर पर कोलकाता में बढ़ती सब्जियों की कीमतों से जूझ रहे लोग


**कोलकाता।**

दुर्गा पूजा के अवसर पर लोग कोलकाता के स्थानीय बाजारों में सब्जियों की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। दुर्गा पूजा आयोजकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें अपने पूजा पंडालों के नजदीक सामुदायिक रसोई बनाए रखनी पड़ रही है। रविवार को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए बनी पश्चिम बंगाल सरकार की टास्क फोर्स के रिकॉर्ड के अनुसार, खुदरा बाजारों में अधिकांश सब्जियों की औसत कीमतें काफी अधिक हैं। बंगाली व्यंजनों में दो लोकप्रिय सब्जियां करेला और परवल 80 रुपये से 100 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच है। यहां तक कि सबसे प्रमुख सब्जी आलू की कीमत भी उपलब्ध किस्म के आधार पर 20 रुपये से 35 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच काफी ऊंची है। भिंडी और लौकी की कीमतें 70 रुपये से 90 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच हैं। टास्क फोर्स के एक सदस्य ने कहा, औसतन प्रत्येक किस्म की सब्जी की कीमत पिछले सप्ताह की तुलना में कम से कम 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम अधिक है। केवल टमाटर की कीमत में गिरावट आई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच है। इसी तरह अदरक (280 रुपये से 300 रुपये प्रति किलोग्राम), लहसुन (130 रुपये से 150 रुपये प्रति किलोग्राम) और मिर्च 150 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। टास्क फोर्स के सदस्यों ने कहा कि इस सप्ताह के अंत तक लक्ष्मी पूजा तक सब्जियों की कीमतों में तेजी बनी रहेगी, जिसके बाद इसमें कुछ कमी आ सकती है। टास्क फोर्स के सदस्य ने कहा, अगले महीने दिवाली और



काली पूजा तक ऊंची कीमतें बने रहने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देर से हुई बारिश के कारण राज्य में बाढ़ आ गई, भारी मात्रा में सब्जियों के खेत नष्ट हो गए, जिसके कारण खुदरा बाजारों में सब्जियों की बिक्री अचानक बढ़ गई। टास्क फोर्स के सदस्य ने सब्जियों की आसमान छूती कीमतों के पीछे जमाखोरों के एक वर्ग का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता बनी रहने से देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रविवार को कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 96.48, महाराष्ट्र में 106.61, मध्य प्रदेश में 109.82 और पंजाब में 98.74 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कानपुर में पेट्रोल 96.48 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वाराणसी में 96.89 रुपए और डीजल 90.25 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पुणे में पेट्रोल 110.88 रुपए और डीजल 95.37 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। रांची में पेट्रोल 99.84 रुपए और डीजल 94.65 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# वास्तु के हिसाब से करवाएं दीवारों पर पेंट



दिवाली आने में अब कुछ ही दिन बचे है। दिवाली से पहले ही घरों में साफ-सफाई व पेंट का काम शुरू हो जाता है। दिवाली की तैयारियों के बीच घर की साज-सज्जा और रंग-रोगन करना अच्छी बात है लेकिन दीवारों पर रंग करवाते समय वास्तु का ध्यान जरूर रखें।

पूजा रूम: सबसे पहले बात करते हैं पूजा रूम की, जहां दीवाली पर माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। पूजा रूम में पीला, नारंगी, क्रीम और हल्का ब्राऊन कलर करवाना सही होता है। साथ ही मंदिर की छतें सफेद रंग की रखें।

कपल बेडरूम: वास्तु के अनुसार लाल रंग काफी शुभ माना जाता है। पति-पत्नी को अपने कमरे में यही रंग करवाना चाहिए। इससे उनमें प्यार बढ़ता है। मगर गलती से भी डाइनिंग या बच्चे के कमरे में यह रंग न करवाएं।

डाइनिंग रूम: नीले, हरे और पीले रंग खुशी व शांति का प्रतीक है इसलिए डाइनिंग रूम में यही कलर करवाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा भी बनी रहती है।

कमरें: अन्य कमरों में गुलाबी, नीला, हरा, ग्रे, बैंगनी रंग घर के कमरों में करवाना सही होता है।

बच्चों का बेडरूम: बच्चों के कमरे में नारंगी, गुलाबी, नीला या हरा रंग करवाना चाहिए, जो खुशी का अहसास देते हैं।

गेस्ट या ड्राइंग रूम: गेस्ट या ड्राइंग रूम उत्तर-पश्चिम दिशा में होना चाहिए। इस दिशा में अगर गेस्ट रूम है तो उसमें सफेद रंग होना चाहिए। इसके अलावा आप ड्राइंग रूम में न्यूड कलर करवा सकते हैं।

किचन: किचन की दीवारों पर लाल, संतरी या कोई भी लाइट कलर करवाएं। इससे घर में बरकत बनी रहेगी। मगर किचन में व्हाइट कलर करवाने से बचें।

घर के बाहर का रंग: घर की बाहरी दीवीरों, गेट का रंग सफेद, पीला, ऑफ वाइट, हल्का गुलाबी या संतरी रखें। इससे घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

बाथरूम: बाथरूम की दीवारों का कलर भी घर पर गहरा असर डालता है इसलिए यहां लाइट कलर करवाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

घर का हॉल: घर के हॉल रूम, ऑफिस की दीवारों पर अगर आप पीला रंग करवाते हैं तो यह शुभ फल देता है। आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आपको घर की उत्तरी दिशा की दीवारों पर हरा रंग करवाना चाहिए।

खिड़की दरवाजे: घर के खिड़की-दरवाजे हमेशा गहरे रंगों से रंगवाएं। बेहतर होगा कि आप इन्हें डार्क ब्राउन रंग से रंगवाएं।

भूलकर भी न कराएं ये रंग: डार्क कलर्स जैसे लाल, ब्राउन, ग्रे और काला रंग नहीं करवाना चाहिए। ये रंग अग्नि ग्रहों जैसे राहू, शनि, मंगल और सूर्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे घर की सुख-शांति बिगड़ सकती है। आमतौर पर इन रंगों की तीव्रता काफी ज्यादा होती है, जो घर के एनर्जी पैटर्न को डिस्टर्ब कर सकते हैं।

# घर में पैसे की कमी का कारण कहीं वास्तु तो नहीं



जिस तरह सुख-सुविधा बढ़ाने वाली वस्तुओं में बढ़ोतरी हो रही है, उसी तरह लोगों की इच्छाएं बढ़ती जा रही है। हर व्यक्ति इन सभी सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत करता है, परन्तु सफल हर कोई नही हो पाता। कई लोग काफी धन कमाते हैं, लेकिन बचत नहीं कर पाते। उसी तरह कुछ लोग बहुत मेहनत करने के बाद भी पर्याप्त धन नहीं जुटा पाते। इसकी बहुत-सी वजह हो सकती हैं, जिनमें से एक वास्तु दोष भी है।

अगर आपकी व्यापारिक परिस्थितियों के बावजूद आपके धन में वृद्धि नहीं हो पाती, तो आप अपने घर के मेन गेट के ठीक पास तीन टांग वाला मेंढ़क जो मुंह में सिक्का लिए हुए हो, उसको रख लीजिए। इसे सम्मानित जगह पर किसी टेबल के ऊपर रखना चाहिए। इस उपाय से आपकी आय में बढ़ोतरी होगी और घर के फिजूल खर्च में कमी आएगी।

यह आपके मार्ग में आती हुई लक्ष्मी को प्रदर्शित करेगा। यह धन संबंधी परेशानियों को दूर करता है। इससे घर में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। जिससे घर के सदस्यों को मानसिक शांति मिलती है और सभी में परस्पर प्रेम बना रहता है।



# सांस्कृतिक एकता और अखंडता को जोड़ने का पर्व है दशहरा

इस वर्ष दशहरा या विजयादशमी का पर्व मंगलवार 24 अक्टूबर 2023 को मनाया जाएगा. मान्यता है कि, इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया और भगवान राम ने लंकापति का रावण का अंत किया था.

सत्य पर असत्य की जीत का सबसे बड़ा त्योहार दशहरा 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा. विजयादशमी का त्योहार पूरे देश में बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है. इस दिन अस्त्र-शस्त्र का पूजन और रावण दहन के बाद बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेने की परंपरा सदियों से चली आ रही है.

ज्योतिषाचार्य बताया कि इस साल दशहरा 24 अक्टूबर 2023 को मनाया जाएगा. इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 23 अक्टूबर के दिन शाम को 5:44 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन 24 अक्टूबर को दोपहर 3:14 मिनट पर होगा. उदया तिथि के अनुसार दशहरा का त्योहार इस साल 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा.

## दशहरा पर हुआ था रावण का अंत

इस साल दशहरा पर्व पर दो शुभ योग भी बन रहे हैं. इस दिन जगह-जगह रावण दहन किया जाता है. कहा जाता है कि रावण के पुतले को जला हर इंसान अपने अंदर के अहंकार, क्रोध का नाश करता है. इस दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है. ऐसी मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया.

## विजयादशमी पर हुआ था महिषासुर का वध

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि दशमी को ही मां दुर्गा ने महिषासुर



नामक राक्षस का वध किया था. इसलिए इसे विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है. देशभर में अलग-अलग जगह रावण दहन होता है और हर जगह की परंपराएं बिल्कुल अलग है. इस दिन शस्त्रों की पूजा भी की जाती है. इस दिन शमी के पेड़ की पूजा भी की जाती है. इस दिन वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सोना, आभूषण नए वस्त्र इत्यादि खरीदना शुभ होता है.

दशहरे के दिन नीलकंठ भगवान के दर्शन करना अति शुभ माना जाता है. इस दिन माना जाता है कि अगर आपको नीलकंठ पक्षी के दर्शन हो जाए तो आपके सारे बिगड़े काम बन जाते हैं. नीलकंठ पक्षी को भगवान का प्रतिनिधि माना गया है. दशहरे पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन होने से पैसों और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है. मान्यता है कि यदि दशहरे के दिन किसी भी समय नीलकंठ दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है. वहीं, जो काम करने जा रहे हैं, उसमें सफलता मिलती है.

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि रावण ज्योतिष का प्रकांड विद्वान था. अपने पुत्र को अजेय बनाने के लिए इन्होंने नवग्रहों को आदेश दिया था कि वह उनके पुत्र मेघनाद की कुंडली में सही तरह से बैठें. शनि महाराज ने बात नहीं मानी तो उन्हें बंदी बना लिया. रावण के दरबार में सारे देवता और दिग्पाल हाथ जोड़कर खड़े रहते थे. हनुमान जी जब लंका पहुंचे तो इन्हें रावण के बंधन से मुक्त करवाया. रावण के अशोक वाटिका में एक लाख से अधिक अशोक के पेड़ के साथ ही दिव्य पुष्प और फलों के वृक्ष थे. यहीं से हनुमान जी आम लेकर भारत आए थे. रावण एक कुशल राजनीतिज्ञ, सेनापति और वास्तुकला का मर्मज्ञ होने के साथ-साथ ब्रह्म ज्ञानी तथा बहु-विद्याओं का जानकार था. उसे मायावी इसलिए कहा जाता था क्योंकि वह इंद्रजाल, तंत्र, सम्मोहन और तरह-तरह के जादू जानता था. उसके पास एक ऐसा विमान था, जो अन्य किसी के पास नहीं था. इस कारण सभी उससे भयभीत रहते थे.

## दशहरा 2023 तिथि

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 23 अक्टूबर के दिन शाम को 5:44 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन 24 अक्टूबर को दोपहर 3:14 मिनट पर होगा. उदया तिथि के अनुसार दशहरा का त्योहार इस साल 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा.

## दशहरा 2023 पर दो शुभ योग

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस साल दशहरा पर्व पर दो शुभ योग भी बन रहे हैं. इस दिन रवि योग सुबह 06:27 मिनट से दोपहर 03:38 मिनट तक रहेगा. इसके बाद शाम 6:38 मिनट से 25 अक्टूबर को सुबह 06:28 मिनट तक यह योग रहेगा. वहीं, दशहरा पर वृद्धि योग दोपहर 03:40 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहेगा.

## दशहरा पर पान देता है आरोग्य

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि विजयादशमी पर पान खाने, खिलाने तथा हनुमानजी पर पान अर्पित करके उनका आशीर्वाद लेने का महत्व है. पान मान-सम्मान, प्रेम एवं विजय का सूचक माना जाता है. इसलिए विजयादशमी के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद दहन के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की खुशी को व्यक्त करता है. वहीं शारदीय नवरात्रि के बाद मौसम में बदलाव के कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी पान का सेवन पाचन क्रिया को मज़बूत कर संक्रामक रोगों से बचाता है.

## मांगलिक कार्यों के लिए शुभ दिन है विजयादशी

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक है. इसलिए इस दिन सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं. मान्यता है कि इस दिन जो कार्य शुरू किया जाता है उसमें सफलता अवश्य मिलती है. यही वजह है कि प्राचीन काल में राजा इसी दिन विजय की कामना से रण यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे. इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं, रामलीला का आयोजन होता है और रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है. इस दिन बच्चों का अक्षर लेखन, दुकान या घर का निर्माण, गृह प्रवेश, मुंडन, अन्न प्राशन, नामकरण, कारण छेदन, यज्ञोपवीत संस्कार आदि शुभ कार्य किए जा सकते हैं. परन्तु विजयादशमी के दिन विवाह संस्कार निषेध माना गया है. क्षत्रिय अस्त्र-शास्त्र का पूजन भी विजयादशमी के दिन ही करते हैं.

## दशहरा पर किया जाता है शस्त्र पूजन

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि दशहरा के दिन शस्त्र पूजन करने की परंपरा सदियों पुरानी है. आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी को शस्त्र का पूजन किया जाता है. नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के पूजन के बाद दशहरे का त्योहार मनाया जाता है. विजयदशमी पर मां दुर्गा का पूजन किया जाता है. मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं. भारत की रियासतों में शस्त्र पूजन धूम-धाम से मनाया जाता था. अब रियासतें तो नही रहीं  लेकिन परंपराएं शाश्वत हैं. यही कारण है कि इस दिन आत्मरक्षार्थ रखे जाने वाले शस्त्रों की भी  पूजा की जाती है. हथियारों की साफ-सफाई की जाती है और उनका पूजन होता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाले कामों का शुभ फल अवश्य प्राप्त होता है. यह भी कहा जाता है कि शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिए इस दिन शस्त्र पूजा करनी चाहिए.

## नीलकंठ का दिखना क्यों शुभ है?

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि जब श्रीराम रावण का वध करने जा रहे थे, उसी दौरान उन्हें नीलकंठ के दर्शन हुए थे. इसके बाद श्रीराम को रावण पर विजय मिली थी.  यही वजह है कि नीलकंठ का दिखना शुभ माना गया है. इस दिन सभी अपने शस्त्रों का पूजन करते है. सबसे पहले शस्त्रों के ऊपर जल छिड़क कर पवित्र किया जाता है फिर महाकाली स्तोत्र का पाठ कर शस्त्रों पर कुंकुम, हल्दी का तिलक लगाकर हार पुष्पों से श्रृंगार कर धूप-दीप कर मीठा भोग लगाया जाता है. शाम को रावण के पुतले का दहन कर विजया दशमी का पर्व मनाया जाता है. इसी तरह की कई और बातें हैं जो  दशहरा के दिन की जाती है. इनमें से एक है, इस दिन पान का बीड़ा हनुमानजी के चढ़ाना और उसके बाद इसे खाना. पान हनुमाजी को बहुत पसंद है और इस बार दशहरा मंगलवार को पड़ रहा है इसलिए यह दिन और भी खास हो जाता है.

# नवरात्रों की बची पूजन सामग्री का ऐसे करें उपयोग, आएगी सुख-समृद्धि

पूजा में भाव के साथ साथ भक्त के द्वारा भगवन को अर्पित की गई वस्तुओं का भी अपना महत्व होता है। सभी लग अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार भगवन को भेंट एवं सामग्री अर्पण करते हैं। भावना से अर्पण की हुई अल्प वस्तु को भी भगवान सहर्ष स्वीकार करते हैं। ज्यादातर लोग पूजन में जो सामग्री बच जाती है उसे अगले ही दिन पानी में प्रवाहित कर देते हैं। लेकिन इस बात को शायद कम ही लोग जानते होंगे कि बची हुई पूजन सामग्री से भी हम अपने सुख-समृद्धि और वैभव को पा सकते हैं।

दीपावली, गणेशोत्सव या नवरात्र किसी भी देवी-देवता की पूजा के समय जो सामग्री हम अपनी थाली में सजाते हैं, वह शेष रूप में बच ही जाती है। ऐसे में अधिकांश लोग उसे विसर्जित कर देते हैं लेकिन ज्योतिषाचार्यों और विद्वानों के मतानुसार उस सामग्री को फेंकें नहीं बल्कि अपने घर, अलमारी, पूजा स्थल और पॉकेट आदि में सालभर तक रखने से घर में बरकत व सुख-समृद्धि में लाभ मिलता है।

पूजन संपन्न होने के बाद जो अक्षत थाली में शेष रह जाएं उन्हें घर में रखे गेहूं-चावल आदि में मिला दें। इससे घर हमेशा धन-धान्य से परिपूर्ण रहेगा। माता का चुन्नी चुनरी को अपने घर की अलमारी में कपड़ों के साथ रखें ताकि माता के आशीर्वाद से हम नित नए परिधान पहन सकें और माता की कृपा हम पर बनी रहे। पूजा के बाद जो बिंदी-मेहंदी रह जाती है उसे कुंवारी लड़कियों और विवाहित स्त्रियों को लगाना चाहिए। माना जाता है कि इससे कुंवारियों को योग्य वर और विवाहिताओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

नारियल- इसे फोड़कर उसका प्रसाद बांट दें। यदि ऐसा नहीं करना है तो हवन में पूरा नारियल होम दें अन्यथा उसे लाल या सफेद कपड़े में बांधकर पूजा वाले स्थान पर रखें। पूजन से बचे हुए रक्षा सूत्र को घर की अलमारी या दुकान की तिजोरी पर बांध सकते हैं।

पुष्प-हार- इन्हें फेंके नहीं बल्कि घर के मुख्य दरवाजे पर बांध दें। पुष्प हार जब पूरी तरह मुरझा जाएं तो गमले या बगीचे में इन्हें फैला दें। ये नए पौधे के रूप में आपके साथ रहेंगे। किसी भी देवी-देवता



का पूजन बिना कुमकुम के अधूरा माना जाता है। पूजन के बाद बचे हुए कुमकुम को महिलाएं अपनी मांग में लगाएं, इससे अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। घर में जब भी कोई नई वस्तु की खरीदारी हो, तब उसका पूजन इसी कुमकुम से करने पर धन-वैभव में वृद्धि की मान्यता है।

गोल सुपारी-जनेऊ- पूजन शुरू करने से पहले प्रथम पूज्य गणेशजी की पूजा की जाती है। प्रतीकात्मक रूप से हम गणेशजी की स्थापना करते हैं। पान पर कुमकुम से स्वस्तिक बनाकर उस पर गोल सुपारी रखकर जनेऊ पहनाते हैं। पूजन के बाद इन्हें लाल कपड़े में बांधकर रखें ताकि धन की बरकत बनी रहे।

# मणिपुर : आदिवासियों ने सीमावर्ती शहर मोरेह में 'अतिरिक्त' पुलिस कमांडो की तैनाती का विरोध किया

चुराचांदपुर (मणिपुर)। म्यांमा की सीमा से सटे मणिपुर के मोरेह शहर में आदिवासी महिलाओं का एक वर्ग पिछले कुछ दिनों से 'अतिरिक्त' पुलिस कमांडो की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। तेंगनोपाल जिले के कुकी बहुल शहर मोरेह से लगभग तीन किलोमीटर दूर चिकिम गांव में महिलाएं धरने पर बैठी हैं। अधिकारियों ने बताया कि असम राइफल्स के एक कमांडेंट और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों में प्रदर्शनकारियों के साथ कई बार बातचीत की लेकिन मुद्दे का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। 'कुकी इंपी' और 'कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी' (सीओटीयू) जैसे कई आदिवासी संगठनों ने दावा किया कि शहर में इंफाल घाटी से अधिक पुलिस कर्मियों को शामिल करने के प्रयास चल रहे हैं और इससे शांति भंग हो सकती है। सीओटीयू ने एक बयान में कहा, 'अर्द्धसैनिक बलों और भारतीय सेना की मौजूदगी और मोरेह के भीतर शांति सुनिश्चित करने के बावजूद, हेलिकॉप्टरों के माध्यम से अतिरिक्त मेइती पुलिस की तैनाती गंभीर चिंता का विषय है।' इसमें दावा किया गया कि इंफाल पूर्वी जिले में हाल के अभियानों में हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी समुदाय को बदनाम करने के लिए 'पहले से गढ़ी' गई साजिश है। 'कुकी इंपी' ने इंफाल-मोरेह सड़क के किनारे काकचिंग लमखाई और वांगजिंग क्षेत्रों में मेइती लोगों द्वारा कथित तौर पर स्थापित की गई चौकियों को हटाने की भी मांग की।

## जम्मू-कश्मीर के उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

श्रीनगर। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'भारतीय सेना, जम्मु कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों के 21 अक्टूबर 2023 को हुए संयुक्त अभियान में बलों ने बारामूला के उरी सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।' सेना ने बताया कि घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना के अनुसार, छह पिस्तौल और चार हथगोले जब्त किए जा चुके हैं और अभियान अभी जारी है।

## नांदेड़ में युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखी मराठा आरक्षण की बात

मुंबई। नांदेड़ जिले के हदगांव तहसील के बडगांव में बीती रात शुभम पवार नामक युवक ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। रविवार को सुबह गांववालों को जानकारी मिलते ही गांव में रोष फैल गया है। मौके पर पहुंची नांदेड़ पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें मराठा आरक्षण के लिए आत्महत्या करने की बात लिखी है।सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं मराठा आरक्षण के लिए अपने जीवन का बलिदान दे रहा हूं। मेरा बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह मुंबई में एक मराठा युवक ने मराठा आरक्षण के लिए आत्महत्या कर ली थी। मराठा क्रांति मोर्चा के समन्वयक विनोद पाटिल ने कहा है कि मराठा युवकों को अपना धीरज बनाए रखना चाहिए। इस तरह आत्महत्या करने से मराठा समाज का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने मराठा युवकों से किसी भी तरह आत्महत्या जैसे कठोर कदम न उठाने की अपील की है। संपूर्ण मराठा समाज ने यह निर्णय लिया है कि जब तक मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 50 लाख की आर्थिक मदद, मृत युवक की बहन को सरकारी नौकरी, घर नहीं मिल जाता है, तब तक शव को कब्जे में नहीं लिया जाएगा।

## यूपी के सरकारी स्कूल में छात्रों ने पढ़ी नमाज, प्रिंसिपल सस्पेंड

लखनऊ। यूपी की राजधानी में सरकारी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक को छात्रों के एक समूह को स्कूल परिसर में नमाज अदा करने की अनुमति देने के लिए निलंबित कर दिया गया है। प्रिंसिपल को शनिवार को निलंबित कर दिया गया और यह घटना शुक्रवार को हुई। जिला स्तर के एक शिक्षा अधिकारी ने कहा, 'स्कूल परिसर में नमाज अदा करना विभागीय दिशानिर्देशों के खिलाफ है।' स्कूल परिसर में कथित तौर पर छात्रों के एक समूह को नमाज अदा करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई। लखनऊ बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अरुण कुमार ने कहा, 'शुक्रवार को लखनऊ के बेसिक शिक्षा नगर क्षेत्र-4 के प्राथमिक विद्यालय में कुछ बच्चों ने नमाज पढ़ी, जो विभागीय दिशानिर्देशों के विपरीत है। स्कूल के अन्य शिक्षकों ने भी इसकी पुष्टि की है।' नगर क्षेत्र जोन-4 लखनऊ के खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कटियार द्वारा की गई मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कुछ बच्चों ने स्कूल परिसर में नमाज पढ़ी थी। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार, उक्त विद्यालय की प्रधानाचार्या मीरा यादव को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। बीएसए ने कहा, 'इसके अलावा, विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं तहजीब फातिमा एवं ममता मिश्रा को भी उक्त कृत्य में सहयोगी मानते हुए अलग से सख्त चेतावनी जारी की गई है।'

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब', आगे और खराब होने की आशंका

नई दिल्ली, । सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी और मौसम पूर्वानुमान व अनुसंधान (सफर) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रविवार सुबह 302 तक पहुंच गया। धीरपुर में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी के तहत 337 पर पीएम 2.5 के साथ गंभीर श्रेणी में प्रवेश कर गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि सोमवार को हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रह सकती है। पूसा में, एक्यूआई ने पीएम 2.5 को 232 'खराब श्रेणी' में दर्ज किया। लोधी रोड पर, पीएम 2.5 सांद्रता के साथ वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी के तहत 232 पर था और पीएम 10 भी मध्यम श्रेणी के तहत 161 पर था। आईआईटी दिल्ली स्टेशन पर पीएम 2.5, 283 खराब श्रेणी में था, जबकि पीएम 10, 165 मध्यम श्रेणी में पहुंच गया। शहर के मथुरा रोड पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 215 और पीएम 10 सांद्रता 206 के साथ खराब श्रेणी में था। सफर के पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार को शहर की वायु गुणवत्ता और खराब हो जाएगी। एव?यूआई 311 तक पहुंच जाएगा और पीएम 10 की सांद्रता 210 खराब श्रेणी में आ जाएगी। दिल्ली के पड़ोसी शहरों नोएडा में वायु गुणवत्ता सूचकांक 273 और पीएम 10 की सघनता 268 रही, दोनों खराब श्रेणी में हैं, जबकि गुरुग्राम का एक्यूआई 186 और पीएम 10 की सघनता 162 मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। इस बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि प्रतिकूल मौसम संबंधी और जलवायु परिस्थितियों के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में आने के कारण शनिवार को दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) चरण- दो लागू किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जीआरएपी के संचालन के लिए सीएक्यूएम उप-समिति ने शनिवार को हुई बैठक में आईएमडी/आईआईटीएम द्वारा दिल्ली के लिए उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता परिदृश्यों और वायु गुणवत्ता पूर्वानुमानों का जायजा लिया। उप-समिति ने दिल्ली के औसत एव?यूआई के 23 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को ग्रेप के चरण-दो के अनुमानित स्तर तक पहुंचने की संभावना को देखते हुए पूरे एनसीआर में ग्रेप के चरण-दो के अनुसार 11-सूत्रीय कार्य योजना लागू करने का निर्णय लिया है। 'संशोधित जीआरएपी के चरण- दो के तहत परिकल्पित सभी कार्रवाइयां - 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता, एनसीआर में सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा तत्काल प्रभाव से लागू की जानी चाहिए।' उप-समिति ने नागरिकों से ग्रेप के तहत नागरिक चार्टर का पालन करने और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधारने के उद्देश्य से ग्रेप के उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता करने का भी आग्रह किया। उन्होंने आगे निजी वाहनों का उपयोग कम करने और सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुनने का आग्रह किया। सीएक्यूएम ने आगे कहा कि औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय और कार्यालयों आदि सहित एनसीआर के सभी क्षेत्रों में डीजी सेटों के विनियमित संचालन के लिए कार्यक्रम को सख्ती से लागू किया जाए। इसमें आगे कहा गया है कि सीएनजी/इलेक्ट्रिक बस और मेट्रो सेवाओं को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त बेड़ा शामिल किया जाएगा और सेवा की आवृत्ति बढ़ाई जाएगी। इसमें कहा गया है, 'सर्दियों के दौरान खुले में बायो-मास और एमएसडब्ल्यू जलाने से बचने के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को सुरक्षा कर्मचारियों को आवश्यक रूप से इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध कराने चाहिए।'

# उत्तर प्रदेश में नौकरी और रोजगार की कोई कमी नहीं : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ (एजेंसी)।** गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश में नौकरी और रोजगार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी दिलचस्प के मुताबिक क्षेत्र का चयन कर खुद को प्रशिक्षण से जोड़कर तैयार करें और सरकार उनके रोजगार और नौकरी की गारंटी लेगी। आदित्यनाथ रविवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित रोजगार मेला एवं सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण तथा स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश में नौकरी व रोजगार की कोई कमी नहीं है। युवा अपनी अभिरुचि के अनुसार क्षेत्र का चयन करके खुद को प्रशिक्षण से जोड़कर तैयार करें। उनके रोजगार व नौकरी की गारंटी सरकार लेगी।'' उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, श्रम एवं सेवायोजन विभाग एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जब हर हाथ को काम, हर खेत को पानी का नारा दिया था तब लोग इसे पूरा हो पाना असंभव मानते थे। मगर 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने इसे हकीकत में बदल दिया है। डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव हर हाथ को काम उपलब्ध करा रही है।''

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ''मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा'' योजनाओं के जरिये देश में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की ढेरों संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वृहद रोजगार मेले में आए जिन युवाओं को किसी कारणवश रोजगार नहीं मिल पाएगा, उन्हें 'पीएम-सीएम इंटर्नशिप' योजना से जोड़ा जाएगा। इन युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ मानदेय भी दिया जाएगा। मानदेय का आधा हिस्सा सरकार और आधा हिस्सा संबंधित औद्योगिक इकाई देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में निवेश नहीं आता था। अब 38 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जब ये निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरेंगे तो 1.10 करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि अगर उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त हो जाए तो उत्तर प्रदेश के युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार मिल जाएगा। आदित्यनाथ ने कहा कि ''उत्तर प्रदेश में जब पारंपरिक शिल्प व उद्योगों को ऊंचाई देने के लिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना शुरू की गई तो लोग ऐसे शिल्प-उद्योगों को मरा हुआ कहते थे। वास्तव में ऐसा समझने वालों की सोच मरी हुई है।''


उन्होंने कहा, '' सरकार ने जब पूर्वजों की जीवंत धरोहर इन उद्योगों को टेक्नोलॉजी, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जोड़ा तो लॉकडाउन में इस क्षेत्र में 40 लाख लोगों को रोजगार दिया गया। लॉकडाउन में सरकार ने लोगों को दूसरे राज्यों से सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया और रोजगार भी दिया। घर लौटा उत्तर प्रदेश का आदमी यहीं काम कर राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है।'' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जितने प्रतिशत लोग दूसरे राज्यों से लौटे, उतने ही प्रतिशत अर्थव्यवस्था बढ़ी है जबकि जिन राज्यों से वे आए, वहां अर्थव्यवस्था पर उतने ही प्रतिशत नकारात्मक असर पड़ा है।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस 'के' है कमलनाथ की : शिवराज



भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि महाराष्ट्र की शिवसेना जैसा हाल मध्य प्रदेश में कांग्रेस का हो गया है। यहां कांग्रेस 'के' है जो कमलनाथ की कांग्रेस है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, 'हम वादे नहीं, हम काम कर हैं और जो काम कर रहे हैं, वो बता रहे हैं। कांग्रेसी रोज झूठे वादे करते हैं, कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान नहीं बल्कि झूठ की दुकान खोल रखी है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं, यह दूसरा महाझूठ पत्र तो ले आए, पहले वचन पत्र का क्या हुआ।' मुख्यमंत्री चौहान ने कांग्रेस के वचन पत्र पर कहा, 'कांग्रेसी महाझूठ पत्र निकाल रहे हैं। मध्यप्रदेश की जनता इन पर भरोसा नहीं करेगी। समझ में नहीं आता, मध्य प्रदेश में किसकी कांग्रेस है। कांग्रेस सोनिया गांधी की है या मल्लिकार्जुन खड़गे की है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस 'के' हो गई है, जो कमलनाथ की कांग्रेस है। वही सर्वे कर रहे हैं, वही टिकट बांट रहे हैं, कार्यकर्ता प्रदर्शन कर कपड़े फाड़ रहे हैं, पुतले जला रहे हैं, दशहरे से पहले ही पुतले जल रहे हैं। जैसे शिवसेना महाराष्ट्र में दो हिस्सों में बट गई, वैसे ही मध्य प्रदेश में कांग्रेस दो हिस्सों में बंट गई है।' मुख्यमंत्री चौहान ने आगे कहा कमलनाथ ने तो इंडी गठबंधन का भी सत्यानाश कर दिया। न गठबंधन का कोई भविष्य है और न ही कांग्रेस का कोई भविष्य है।

# 2024 से पहले मोदी सरकार की बड़ी तैयारी, योजनाओं के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए शुरू करेगी व्यापक अभियान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति में तेजी लाने की जरूरत है। आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी सभी योजनाएं अगले 6 महीनों में पूर्ण संतृप्ति तक पहुंच जाएं। फिर से एक कैबिनेट बैठक में, उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगियों को कड़ी मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया कि जिन लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनतक वह तेजी से पहुंचें।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सभी योजनाओं की पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने %विकसित भारत संकल्प यात्रा% नामक एक मेगा संतृप्ति अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान देश की सभी 2.7 लाख पंचायतों में चलाया जाएगा और रथ लाभार्थियों तक पहुंचने और उनका नामांकन करने के लिए यात्रा करेंगे। यह संतृप्ति अभियान दिवाली के बाद शुरू होने वाला है और कई हफ्तों तक चलेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना आदि आयुष्मान भारत, जनऔषधि योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, कौशल विकास योजनाओं विश्वकर्मा योजना और बहुत कुछ जैसी योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करेगा।

इससे पहले नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तीकरण और जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर हुई प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में इन योजनाओं की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री खुद सभी परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव होने है। यही कारण है कि सरकारी योजनाओं में तेजी लाने की कोशिश हो रही है। यह अभियान ऐसे वक्त शुरू किया जा रहा है जब सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 के आम चुनावों में बड़ी जीत के बाद लगातार तीसरे कार्यकाल की तलाश में अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए तैयार हो रही है।

# भारत ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने आज भारतीय वायु सेना के एक विमान से फिलिस्तीन के लोगों के लिए 38.5 टन चिकित्सा एवं राहत सामग्री भेजी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां बताया कि भारतीय वायु सेना के सी 17 परिवहन विमान से फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। उन्होंने कहा कि यह विमान मिस्र में एल-अरिश हवाई अड्डे पर राहत सामग्री उतारेगा, जहां से यह गाजा पट्टी इलाके में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास के जरिए पहुंचायी जाएगी। उन्होंने कहा कि भेजी गई राहत सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल उपकरण, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं।

# आज़म खान को सता रही जान की चिंता, कहा- हमारा एनकाउंटर हो सकता है

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आज़म खान और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम खान को उत्तर प्रदेश की रामपुर जेल से निकलकर सीतापुर और हरदोई जेल में भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक आजम खान को रविवार की सुबह लगभग पौने पांच बजे रामपुर जेल से बाहर निकल गया।



जेल से बाहर निकालने के दौरान आजम खान ने आशंका जताई कि उनका एनकाउंटर किया जा सकता है। बता दें कि आजम खान की पत्नी और पूर्व राज्यसभा सांसद तंजीन फातिमा को रामपुर जिला जेल में ही रखा गया है और उन्हें किसी अन्य जेल में शिफ्ट नहीं किया गया है। गौरतलब है की आजम खान, और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम को डबल जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को कोर्ट ने 18 अक्टूबर को 7-7 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

जेल अधिकारियों का कहना है कि दोनों नेताओं को दूसरे जेल में भेजा गया है। इसमें आजम खान अब सीतापुर जेल में रहेंगे जबकि अब्दुल्ला को हरदोई जेल में भेजा गया है। बता दें कि अब्दुल्ला आजम खान के दो अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्रों के मामले में 18 अक्टूबर 2023 को आजम खान उनकी पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फातिमा और छोटे बेटे अब्दुल आजम खान को अदालत ने दोषी करार दिया था। इसके बाद कोर्टने दोनों को सात वर्ष की सजा सुनाई थी। अदालत के आदेश के बाद दोनों को रामपुर जिला कारागार भेज दिया गया था। अदालत के आदेश के बाद अब आजम और अब?दुल?ला की जेलें बदल दी गई है। हालांकि आजम की पत्नी तजीन फातिमा की जेल को नहीं बदला गया है। वो अब भी रामपुर जिला जेल में ही रहेंगी।

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी, कहा- राजनीति से दूर रखें सेना को



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने सशस्त्र बलों के राजनीतिकरण को बढ़ावा न दिए जाने की मांग की है। चिट्ठी के जरिए उन्होंने कहा कि नौकरशाही और सशस्त्र बलों के राजनीतिकरण को बढ़ावा देने वाले आदेश तत्काल रूप से वापस लिए जाने चाहिए।

इस चिट्ठी में मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि सरकार की सभी एजेंसियां, संस्थान विभाग आदि मोदी सरकार के प्रचारक के तौर पर पेश होने लगे हैं। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा है कि भारत सरकार के संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव जैसे कई पदों पर तैनात अधिकारियों को देश के सभी 765 जिलों में तैनात किया गया है ताकि वो केंद्र सरकार की उपलब्धियों का गुणगान कर सके। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह कदम बेहद चिंताजनक है।

साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह केंद्रीय सिविल सेवा आचरण नियम 1964 का भी उल्लंघन है जिसमें निर्देश दिया गया है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकता है। सरकारी कर्मचारियों को उपलब्धियां का प्रदर्शन करने के लिए केंद्र सरकार ने राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह एक राजनीतिक व्यवस्था है ताकि पांच राज्यों के चुनावों और 2024 के आम चुनावों में लाभ हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मार्केटिंग गतिविधियों के लिए विभागों के सीनियर अफसरों को लगाया जा रहा है, ऐसे में हमारे देश का शासन अगले छह महीनों के लिए रुक जाएगा।

### सैनिकों लेकर जाहिर की चिंता

इस पत्र में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वार्षिक छुट्टी पर गए सैनिकों को सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए समय बिताने के निर्देश दिए गए है। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय ने आदेश पारित किया है। इसका विरोध करते हुए खड़गे ने कहा कि सैनिकों का काम देश की रक्षा करना है ना की सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देना।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आएंगे प्रधानमंत्री समेत सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री

**अयोध्या (एजेंसी)।** श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर निर्माणाधीन राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा चारों शंकराचार्य शामिल होंगे। देशभर के विभिन्न मत पंथों के करीब चार हजार साधु संत, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े करीब 10 हजार अति विशिष्ट अतिथि इस पल के साक्षी बनेंगे।

मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का देश-दुनिया में लाइव प्रसारण किया जायेगा। इसकी व्यवस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रहेगी। इस दौरान अयोध्या आने वाले अतिथियों के ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।

### सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा आमंत्रण

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से भारत के सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण भेजा जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी खेलों के बड़े खिलाड़ी, प्रख्यात साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकारों को आमंत्रित किया जाएगा। 1990 की कारसेवा में बलिदानी हुतात्माओं के परिजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में विदेशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

### अयोध्या के तीन स्थानों पर बन रही टेंट सिटी

श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से शामिल होने आ रहे विशिष्ट अतिथियों के ठहरने के लिए अयोध्या के तीन स्थानों पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। इसमें कारसेवक पुरम में निर्मित टेंट सिटी में 200, बाग विदेशी में बनने वाली टेंट सिटी में दो हजार व छोटी छावनी के प्राकृतिक चिकित्सालय में बनने वाली टेंट सिटी में 200 कमरे बनेंगे। वहीं वीवीआईपी के लिए 200 कमरे और अन्य अतिथियों के ठहरने के लिए 800 कमरे होटलों में बुक कर दिये गये हैं। इन अतिथियों को लाने ले जाने व अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए विश्व हिन्दू परिषद के करीब 500 कार्यकर्ताओं को लगाया जाएगा।

### हर हिन्दू घर में आमंत्रण के साथ भेजा जाएगा राम मंदिर का चित्र

विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण प्रत्येक हिन्दू घर में भेजा जाएगा।



उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता श्रीराम जन्मभूमि से पूजित हल्दी व अक्षत, राम मंदिर का चित्र व निवेदन पत्र लेकर हर घर में जाएंगे और अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे। यह अभियान 01 जनवरी से 15 जनवरी तक सारे देश में चलेगा। प्रान्त संगठन मंत्री ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को देशभर के सभी मंदिरों में सुन्दर काण्ड व हनुमान चालीसा का पाठ होगा। वहीं मंदिर पर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी श्रद्धालुओं को दिखाया जाएगा।

### पूरे फरवरी माह चलेगा दर्शन का क्रम

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामलला के दर्शन का क्रम 26 जनवरी 2024 से लेकर पूरे फरवरी माह चलेगा। दर्शन की अवधि में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रान्त के अनुसार तय तिथि को दर्शन होंगे। सभी प्रान्तों के रामभक्तों को दर्शन के लिए एक-एक दिन मिलेंगे। इस दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन के लिए 13 स्थानों पर रसोई चलेगी।

## विदेशी छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमेरिका से बदलाव की मांग

वाशिंगटन । अमेरिका में स्नातक की पढ़ाई कर रहे छात्रों और उपलब्ध एच1बी वीजा के बीच बहुत अधिक अंतराल बताते हुए एक भारतीय प्रवासी समुदाय निकाय ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन से विदेशी छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदलाव करने का आग्रह किया है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने अमेरिकी गृह मंत्री एलेजांद्रो मयोरकास को लिखे एक पत्र में कहा कि इस अंतराल के कारण भारतीय छात्र अमेरिकी उद्योग में योगदान करने के अवसर से चूक रहे हैं। एफआईआईडीएस द्वारा सुझाए गए कई बदलावों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियान्त्रिकी और गणित के विषयों में डिग्री वाले पात्र छात्रों के लिए एसटीईएम ओपीटी की अवधि को 24 महीने से बढ़ाकर 48 महीने करना, ओपीटी स्नातकोत्तर में आवेदन करने की अवधि को 60 दिन से बढ़ाकर 180 दिन करना और एसटीईएम डिग्री धारकों को गैर-एसटीईएम डिग्री धारकों की तुलना में एच1बी वीजा लॉटरी में चुने जाने के छह गुना अधिक अवसर प्रदान करना है। एफआईआईडीएस के नीति और रणनीति प्रमुख खंडेराव कांड ने पत्र में कहा कि ऐसा करने से हम न केवल उस प्रतिभा को बनाए रखते हैं जो हमारे नवाचार को बढ़ावा देती हैं बल्कि यह उन आर्थिक लाभों के लिए भी आवश्यक है जो इस छात्रों से हमारे देश को मिलता है। निकाय ने पत्र में कहा कि वैश्विक प्रौद्योगिकी के उभरते परिदृश्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं साइबर सुरक्षा में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अत्यधिक कुशल एसटीईएम छात्र न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद है बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी मामला है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिभा की कमी को राष्ट्रीय सुरक्षा में खतरे के रूप में उजागर किया है। पत्र में कहा गया कि ओपीटी अवधि बढ़ाकर, अतिरिक्त एच1बी वीजा आवंटन प्रदान कर और लॉटरी की संभावना बढ़ाकर देश में हम उस प्रतिभा को बरकरार रख सकते हैं।

## फिलीपींस के तटरक्षक जहाज व सप्लाई बोट को चीनी जहाज ने मारी टक्कर

मनीला। चीन ने अब अपनी हदें पार करते हुए मनमर्जी काम करना शुरु कर दिया है, यही वजह है कि चीन पर आरोप लग रहे हैं कि उसके एक जहाज ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के तटरक्षक जहाज और सप्लाई बोट पर जोरदार टक्कर मार दी। इसमें हताहत होने या कोई बड़े नुक्सान की कोई खबर नहीं है, लेकिन अमेरिका ने चीन के द्वारा की जा रहीं घटनाओं की निंदा की है। उक्त घटना के संबंध में फिलीपींस के एक आला अधिकारी का कहना था कि चीनी तट रक्षक बल के एक जहाज और उसके एक 'मिलिशिया' पोत ने रविवार को दक्षिण चीन सागर में एक विवादित तट पर उनके तट रक्षक जहाज और सेना की ओर से संचालित एक आपूर्ति नाव को दो अलग-अलग घटनाओं में जोरदार टक्कर मारी है। फिलीपींस ने चीन के इस कृत्य को खतरनाक, गैर-जिम्मेदाराना और गैरकानूनी करार दिया है। फिलीपींस अधिकारियों के मुताबिक ये घटनाएं सेकंड थॉमस तट पर घटित हुई हैं। फिलहाल इन घटनाओं में किसी के हताहत होने या किसी बड़े माली नुकसान होने की जानकारी नहीं दी गई है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने इन घटनाओं की निंदा की है। चीनी दूतावास ने फिलीपींस की रिपोर्ट पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की है। मनीला में अमेरिकी राजदूत मैरीके कार्लसन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा है कि 'चीन के अयंगिन तट पर किये गए कृत्य की अमेरिका निंदा करता है, जिससे फिलीपींस के सेवा सदस्यों के जीवन का खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं फिलीपींस के कार्यबल ने भी कहा है कि वह फिलीपीन की संप्रभुता, संप्रभु अधिकारों और अधिकार क्षेत्र के उल्लंघन में चीनी तटरक्षक और चीनी समुद्री मिलिशिया की नवीनतम खतरनाक, गैर-जिम्मेदार व अवैध कार्यवाहियों की कड़ी शब्दों में निंदा करता है। अपने एक बयान में कार्यबल ने बताया कि रविवार सुबह हुई पहली घटना में चीन के तट रक्षक जहाज 5203 के खतरनाक अवरोधक युद्धाभ्यास के कारण फिलीपीन की सैन्य नाव से टक्कर हुई। चीनी तटरक्षक जहाज की अवैध, खतरनाक, गैरजिम्मेदाराना हरकत से चालक दल की सुरक्षा खतरे में आ गई। वहीं, दूसरी घटना में फिलीपीन तट रक्षक जहाज पर बायीं ओर से चीनी मिलिशिया जहाज 00003 को टकरा दिया गया। इन जहाजों की जहां पर टक्कर हुई वह स्थल दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। गौरतलब है कि दक्षिण चीन सागर में लंबे समय से क्षेत्रीय विवाद चल रहा है और यह सबसे नया घटनाक्रम है। इस समुद्री इलाके पर चीन, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ताइवान और ब्रुनेई दशकों से अपने अधिकार का दावा करते चले आ रहे हैं।

## कोरोना महामारी के कारण लड़कियां समय के पहले हुई जवान

न्यूयॉर्क। कोविड -19 महामारी के बाद लड़कियों में तेजी के साथ समय पूर्व तरुणआई देखने को मिल रही है। शोधकर्ताओं के अनुसार इसके लिए स्क्रीन टाइम में वृद्धि, शारीरिक गतिविधियों में कमी, महामारी के कारण जीवन शैली में जो परिवर्तन आए हैं।उसने समय के पहले बच्चियों को समय के पहले तरुण बना दिया है। शारीरिक गतिविधियों में कमी होने, तनाव, सामाजिक अलगाव, एकांत और सैनिटाइजर के लगातार ऊपयोग से तेजी के साथ लड़कियों में परिवर्तन देखने को मिले हैं। शोधकर्ताओं ने इटली की 133 लड़कियों में महामारी से पहले और बाद में हुए शारीरिक विकास का मूल्यांकन किया है। जिन लड़कियों में यह परिवर्तन पाए गए हैं। वह प्रतिदिन औसतन 2 घंटे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग कर रही थी। 88 फ़ीसदी लड़कियां शारीरिक गतिविधियों से दूर थी। जिसके कारण समय से पहले ही वह जवान होने लगी हैं।

## गहरे समुद्र में विशाल नमकीन झील खोजी

लंदन । वैज्ञानिकों ने लाल सागर की तलहटी में एक विशाल नमकीन झील खोजी है। वैज्ञानिकों की माने तो यहां आक्सीजन नहीं है, यह झील जिंदा प्राणी को अंदर दबोच लेती है। इस झील की लंबाई लगभग 100 फीट है। यह उसमें प्रवेश करने वाले किसी भी जीव को मारने में सक्षम है। ये झील किसी प्राकृतिक चमत्कार से कम नहीं है। ऐसी झील दुनिया भर में पायी जाती हैं। 107,000 वर्ग फुट में फैली इस झील की खोज मियामी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा 2020 में की गई थी। इस दौरान यह पाया गया कि यहां पर ऑक्सीजन की कमी रहती है, फिर भी यह पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति की गुत्थी को सुलझाने में सक्षम है। यह इस क्षेत्र में होने वाले पर्यावरणीय परिवर्तनों की महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करती है। मियामी विश्वविद्यालय में समुद्री भूविज्ञान विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष सैम पुर्किस ने बताया, 'पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति गहरे समुद्र में हुई, वह भी लगभग ऑक्सीजन रहित परिस्थितियों में। गहरे समुद्र के नमकीन पूल प्रारंभिक पृथ्वी के ऑक्सीजन रहित हाइपरसेलाइन के बावजूद, तथाकथित 'एक्सट्रीमोफाइल' रोगाणुओं के एक समृद्ध समुदाय से भरे हुए हैं। इस समुदाय का अध्ययन करने से उन परिस्थितियों की झलक मिलती है जहां जीवन पहली बार हमारे ग्रह पर दिखाई दिया था।' हालांकि, ये झील काफी खतरनाक है। पुर्किस ने बताया, जिस नमकीन पूल में ऑक्सीजन नहीं होती है, उसे डेथ पूल भी कहा जाता है क्योंकि जो भी इसके करीब जाता है वह जीवित नहीं बचता है। आम तौर पर, समुद्र की इतनी गहराई पर, समुद्र तल पर ज़्यादा जीवन नहीं होता है। हालांकि, नमकीन पूल अद्वितीय हैं क्योंकि वे जीवन से भरे हुए हैं। वैज्ञानिकों ने सुनामी और भूकंप को बेहतर ढंग से समझने के लिए इन नए खोजे गए नमकीन पूलों से मिली जानकारी का उपयोग किया। ये पूल क्षेत्र में 1,000 साल से अधिक पुराने वर्षा के इतिहास के साथ-साथ भूकंप और सुनामी के रिकॉर्ड भी प्रदान करते हैं। शोधकर्ताओं को आगे उम्मीद है कि विषम परिस्थियों में पाए जाने वाले अद्वितीय सूक्ष्मजीव ऐसे कण उत्पन्न कर सकते हैं जो चिकित्सा उद्देश्यों के लिए फायदेमंद हैं। समुद्र के छोटे जीवों में बैक्टीरिया और कैंसर से लड़ने की शक्ति वाले पदार्थ पाए हैं।

## दो नेपालियों समेत 143 यात्रियों को लेकर इजराइल से रवाना हुआ विमान

तेल अवीव। इजराइल-हमास संघर्ष के बीच इजराइल छोड़ने के इच्छुक दो नेपाली नागरिकों और चार बच्चों समेत 143 लोगों को लेकर ऑपरेशन अजय के तहत एक विशेष विमान रविवार को भारत के लिए रवाना हुआ। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने इजराइली शहरों पर हमला कर दिया था, जिसके बाद 12 अक्टूबर को भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन अजय' के तहत यह छठी उड़ान है। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विमान में दो नेपाली नागरिकों और चार शिशुओं समेत 143 लोग सवार हैं। पिछले मंगलवार को 18 नेपाली नागरिकों को विशेष विमान से लाया गया था। अब तक कुल पांच विशेष विमान बच्चों समेत लगभग 1,200 यात्रियों को तेल अवीव से दिल्ली ला चुके हैं। हमास के हमले के बाद गाजा पर इजराइल के जवाबी हमलों में बच्चों समेत लगभग 4,400 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

# हमास आतंकियों के पीछे पड़ा इजरायल, एक-एक आतंकी को खत्म करने के लिए प्लान तैयार

**तेल अवीव (एजेंसी)।** हमास का खत्म करने के लिए इसराइल पूरी तरीके से तैयार है। गाजा के हमास को खत्म करने के उद्देश्य से इजरायल ने फूल प्रूफ रणनीति तैयार कर ली है। इसराइल जानता है कि हमास से लड़ाई अभी लंबी चलने वाली है क्योंकि हमास के पास इजरायल के 200 से अधिक बंधक है।

इस लड़ाई में इसराइल को दोहरा मुकाबला करना है जिसमें उसे एक तरफ हमास के आतंकियों से मुकाबला करना है वही आतंकी संगठन हिजबुल्लह से भी लड़ाई लड़नी है। हिज्बुल्लाह लगातार लेबनान की ओर से हमला करने में जुटा हुआ है। वही आतंकी संगठन को जवाब देने के लिए इजरायल की सेना सीमा के पास देती हुई है। सीमा पर इजरायल के टैंक और जवान लगातार मुस्तैद है। इजरायल की सेना सीमा पर इसलिए मुस्तैद है ताकि अगर जमीन पर युद्ध शुरू हुआ तो हमास और हिजबुल्ला को जवाब दिया जा सके।

### इजरायल की है पूरी तैयारी

गौरतलब है कि इजरायल इस बड़े युद्ध के लिए अपनी तैयारी जोर शोर से कर रहा है। पड़ोसी देशों में उसके नागरिकों पर हमास-हिजबुल्ला हमला कर सकते है। इजराइल ने इस अंदेशे को देखते हुए अपने सभी नागरिकों को भी सतर्क कर दिया है। इजराइल के अपने नागरिकों को कहा है कि मिस्त्र और जॉर्डन को तत्काल छोड़ दें। इस संबंध में इजराइल ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि जॉर्डन और मिस्त्र की यात्रा करने से परहेज करें।



### ये है इजराइल का प्लान


बता दें कि इजराइल आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है। बता दें कि हमास के आंतकियों ने इस युद्ध को शुरू किया था। बेंजामिन नेतन्याहू भी ऐलान कर चुके हैं कि इस युद्ध का खातमा इजराइल करेगा। सिर्फ युद्ध ही नहीं बल्कि हमास का भी इसके साथ अंत किया जाएगा। इसी बीच इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलैंट ने कहा है कि जमीनी युद्ध होगा जो लंबा चलेगा। इस युद्ध को लेकर इजराइल का 3 फेज का प्लान भी तैयार हो गया है।

## इज़राइल ने कहा, हिजबुल्लाह 'बहुत खतरनाक खेल खेल रहा है'

तेल अवीव। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने कहा है कि हिजबुल्लाह 'बहुत खतरनाक खेल खेल रहा है' जो लेबनान को 'एक ऐसे युद्ध में खींच सकता है, जिससे उसे कुछ हासिल नहीं होगा।' लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने रविवार को एक्स पर लिखा, 'क्या लेबनान के लोग वास्तव में गाजा में आतंकवादियों की खातिर अपनी संप्रभुता खतरे में डालने को तैयार है?' सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, कॉनरिकस ने कहा कि हिजबुल्लाह इजरायल और लेबनान के बीच उत्तरी सीमा के पास इजरायली ठिकानों पर हमला कर रहा है और 'स्थिति को बढ़ा रहा है।' उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह की गोलीबारी के चलते नागरिक और सेनिक दोनों हताहत हुए हैं। कॉनरिकस ने कहा, आईडीएफ ने ऐसे उदाहरण देखे हैं जहां हिजबुल्लाह ने 'जानबूझकर संयुक्त राष्ट्र के ठिकानों के करीब गोलीबारी की है', शायद 'संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए'। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, कॉनरिकस ने कहा, हिजबुल्लाह नागरिक इमारतों से मिसाइलें और रॉकेट दागता है और आमतौर पर आबादी वाले इलाके के भीतर से हमला करता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सीरियाई समाचार एजेंसी ने रविवार तड़के दमिश्क और अलेप्पो दोनों हवाई अड्डों पर हवाई हमले की सूचना दी। एजेंसी ने कहा, 'आज सुबह लगभग 5ः25 बजे, इजरायली दुश्मन ने एक साथ भूमध्य सागर की दिशा, लताकिया के पश्चिम और कब्जे वाले सीरियाई गोलान की दिशा से दमिश्क और अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को निशाना बनाते हुए मिसाइलों के विस्फोट के साथ हवाई आक्रमण किया।' इसमें कहा गया है कि दोनों हवाईअड्डों पर रनवे के क्षतिग्रस्त होने से वे सेवा से बाहर हो गए हैं और हवाई यातायात को लताकिया शहर की ओर मोड़ दिया गया है।

# बिल क्लिंटन ने परमाणु परीक्षण नहीं करने के लिए पांच अरब डॉलर की पेशकश की थी: नवाज शरीफ

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान लौटने के कुछ घंटों बाद, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र किया और याद किया कि कैसे उन्होंने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पांच अरब अमेरिकी डॉलर की पेशकश के बावजूद 1998 में परमाणु परीक्षण कर भारत के परमाणु परीक्षण का ''करारा जवाब'' दिया था। शरीफ अपनी पार्टी का नेतृत्व करने और जनवरी में संभावित आम चुनाव में रिकॉर्ड चौथी बार सत्ता में आने के प्रयास के तहत ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद शनिवार को विशेष विमान से दुबई से स्वदेश लौट आए। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख शरीफ (73) दुबई से विशेष विमान 'उम्मीद-ए-पाकिस्तान' से स्थानीय समयानुसार अपराह्न डेढ़ बजे इस्लामाबाद पहुंचे।इसके बाद, वह एक विशाल रैली को संबोधित करने के लिए अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का गढ़ माने जाने वाले लाहौर पहुंचे।



शरीफ ने उत्साहित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ''आज कई साल बाद आपसे मिल रहा हूं, पर आपसे मेरा प्यार का रिश्ता वैसा ही है। इस रिश्ते में कोई अंतर नहीं आया है। मैं आपकी नजरों में जो प्यार देख रहा हूं, मुझे उस पर गर्व है।'' शरीफ ने 1998 में विभिन्न देशों की सरकारों के भारी दबाव को याद किया जब पाकिस्तान भारत के परमाणु परीक्षण का जवाब देना चाहता था। शरीफ ने कहा, ''विदेश कार्यालय में रिकॉर्ड मौजूद होगा कि क्लिंटन ने मुझे पांच अरब अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी। यह 1999 में हुआ था...मुझे एक अरब डॉलर की पेशकश भी की जा सकती थी, लेकिन मैं पाकिस्तान की जमीन पर पैदा हुआ हूं और उसने मुझे पाकिस्तान के हक में जो भी है, उसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं दी।''

शरीफ ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''मुझे बताइए, अगर मेरी जगह कोई और होता, तो वह अमेरिका के राष्ट्रपति के सामने क्या यह बात कह सकता था?'' उन्होंने मीनार-ए-पाकिस्तान में पीएमएल-एन की रैली में लगभग 60 मिनट के अपने संबोधन में कहा, ''हमने परमाणु परीक्षण किया और भारत को परमाणु परीक्षण करने का करारा जवाब दिया।'' शरीफ ने कहा, ''तो क्या हमें इसके लिए सजा मिली? क्या इसी वजह से हमारे खिलाफ फैसले सुनाए जाते हैं?'' शरीफ ने कहा कि उन्होंने कभी अपने समर्थकों को धोखा नहीं दिया और न ही किसी तरह की कुर्बानी देने से पीछे हटे।

उन्होंने याद किया कि कैसे उनके, उनकी बेटी (मरयम) और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ फर्जी मामले बनाए गए थे। उन्होंने कहा, ''लेकिन किसी ने भी पीएमएल-एन का झंडा नहीं छोड़ा।'' उन्होंने कहा, ''बताओ, वे कौन हैं जिन्होंने नवाज शरीफ को उसके देश से अलग कर दिया? हम वो लोग हैं जिन्होंने पाकिस्तान बनाया। हमने पाकिस्तान को परमाणु शक्ति बनाया। हमने बिजली की कटौती को खत्म किया।'' उन्होंने तुलना की कि जब वह सत्ता में थे तब की तुलना में आज रोटी की कीमत कितनी अधिक है।

## नवाज शरीफ ने मरियम को राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया!

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने प्रतिशोध की राजनीति नहीं करने का शनिवार को वादा किया। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ एक विकसित और समृद्ध पाकिस्तान देखना चाहते हैं।

73 वर्षीय नवाज ने ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद स्वदेश लौटने के कुछ घंटे बाद शाम को मीनार-ए-पाकिस्तान में विशाल रैली को संबोधित किया। उन्होंने भीड़ के बीच एक तरह से अपनी बेटी मरियम को राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित करते हुए कहा-'मैं इस मिट्टी का बेटा हूं और मरियम इस मिट्टी की बेटी है।' पाकिस्तान के मीडिया में मीनार-ए-पाकिस्तान के इस राजनीतिक घटनाक्रम को प्रमुखता दी गई है।

नवाज शरीफ ने उत्साहित भीड़ से भावनात्मक अपील भी की। उन्होंने कहा- 'जब भी मुझे पाकिस्तान के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने का मौका दिया गया, मैंने वफादारी के साथ देश की सेवा की है। मैं किसी भी बलिदान से कभी नहीं हिचका। आज यहां आप सबकी आंखों में वफा देखकर गर्व हो रहा है। राष्ट्र के साथ मेरा रिश्ता वैसा ही है, जैसा देश छोड़ने के समय था।' मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के संबोधन के केंद्र में मरियम ही रहीं। हालांकि उन्होंने अपने भाई शहबाज शरीफ की भी तारीफ की। उन्होंने कहा मरियम पाकिस्तान की बहादुर बेटी है। पीएमएल-एन प्रमुख शरीफ ने कहा कि उन्होंने अपनी मां और पत्नी को राजनीति के कारण खो दिया। वह यह बताते हुए भावुक हो गए कि कारावास के दौरान उन्होंने दोनों की मौत की आघात पहुंचाने वाली खबर का कैसे सामना किया। इस मौके पर मरियम नवाज ने कहा- 'मैंने सोचा था कि मीनार-ए-पाकिस्तान बहुत विशाल आयोजन स्थल है। मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि यह पीएमएल-एन समर्थकों के लिए छोटा हो जाएगा।'

## संयुक्त राष्ट्र के नेताओं, एजेंसियों ने गाजा में सहायता पहुंचने का स्वागत किया

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** , 22 अक्टूबर (वेब वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र के नेताओं और एजेंसियों ने मिस्त्र से राफा सीमा पार कर गाजा में मानवीय सहायता पहुंचने का स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल एक छोटी सी शुरुआत है। उन्होंने इस दौरान अपनी तत्काल युद्धविराम के लिए की गई अपील को भी दोहराया।

इजिप्शियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी के 20 ट्रकों के काफिले ने मानवीय आपूर्ति के साथ गाजा में प्रवेश किया। यह पहली खेप है जो सात अक्टूबर को इजराइल पर फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध के बाद गाजा पहुंची है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने शनिवार को कहा, ÷मैं, इस संबंध में मिस्त्र के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन गाजा को इससे बहुत अधिक चाहिए, उन्हें आवश्यक पैमाने पर मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की आवश्यकता है।' गुतारेस ने शांति के लिए काहिरा शिखर सम्मेलन में कहा, 'हम इसे संभव बनाने के लिए संबंधित सभी पक्षों के साथ लगातार काम कर रहे हैं।'

संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और इजिप्शियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी से पहली लेकिन सीमित जीवन रक्षक मानवीय आपूर्ति की खेप राफा सीमा को पार कर गाजा में पहुंची। यह खेप लाखों नागरिकों अधिकतर महिलाओं और बच्चों में से कुछ संख्या को तत्काल आवश्यक राहत जरूर प्रदान करेगी जो पानी, भोजन, दवा, ईंधन और अन्य आवश्यक चीजें के अभाव का सामने कर रहे हैं। एजेंसियों ने कहा, 'यह बहुत छोटी शुरुआत है और लक्ष्य बहुत बड़ा है। गाजा में 16 लाख लोगों से अधिक को आवश्यक मानवीय मदद की जरुरत है। बच्चे, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक खतरा है। गाजा की आधी से अधिक आबादी बच्चों की है।'

# इजराइल-हमास के युद्ध में हमारी अहम भूमिका है : हिजबुल्ला अधिकारी

**बेरूत। (एजेंसी)।** लेबनान के चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला ने कहा है कि इजराइल और हमास के युद्ध में उसकी ''अहम भूमिका'' है और यदि इजराइल गाजा पट्टी पर जमीनी हमले शुरू करता है, तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। हिजबुल्ला के उपनेता शेख नईम कासिम का यह बयान उस वक्त आया जब इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में बमबारी तथा ड्रोन से हमले किए और हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट और मिसाइलें दागीं।

हिजबुल्ला ने कहा कि हमले में शनिवार को उसके छह लड़ाके मारे गए जो दो सप्ताह पहले शुरू हुए युद्ध के बाद एक दिन में मारे गए लोगों की सबसे बड़ी संख्या है। कासिम ने कहा कि लेबनान-इजराइल सीमा पर तनाव पैदा करने का हिजबुल्ला के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य है। उसने कहा, हम इजराइली दुश्मन को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें बता रहें है कि हम तैयार हैं। हमास ने कहा है कि अगर इजराइल गाजा में जमीनी हमले शुरू करता है तो हिजबुल्ला युद्ध में शामिल हो जाएगा। हमास के आतंकवादियों द्वारा दक्षिणी इजराइल के शहरों पर सात अक्टूबर को हमले किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी की घेराबंदी कर दी और कई जवाबी हवाई हमले किए। मिस्त्र और गाजा के बीच की सीमा शनिवार को खोल दी गई, जिसके बाद लगभग दो सप्ताह से जारी इजराइली घेराबंदी की वजह से भोजन, दवा और पानी की कमी से जूझ रहे फलस्तीनियों के लिए सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की गई। सहायताकर्मियों के मुताबिक केवल 20 ट्रक को गाजा में जाने की अनुमति दी गई, जो जबरदस्त मानवीय संकट से निपटने के लिए अपर्याप्त है। गाजा जाने के लिए 200 से अधिक ट्रक लगभग 3,000 टन सहायता सामग्री लिए कई दिनों से सीमा पर खड़े थे। अस्पतालों का कहना है कि पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती के कारण उनके पास चिकित्सा आपूर्ति और आपातकालीन जनरेटर के लिए ईंधन की कमी हो गई है। गाजा में हड्डियों के चिकित्सक डॉ. निदाल अबेद ने बताया कि जब वह पर्याप्त एनेस्थीसिया के बिना सर्जरी करते हैं तो मरीजों की चीखों से इलाज का इंतजार कर रहे घायल भी बुरी तरह डर जाते हैं। उन्होंने बताया कि अपर्याप्त चिकित्सा आपूर्ति और घायलों की भीड़ के बीच इलाज के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वह मरीजों से खचाखच भरे फर्श, गलियारों और कमरों में इलाज करने के लिए मजबूर हैं। पर्याप्त चिकित्सा सामग्री के अभाव के बीच पट्टियों की जगह कपड़े, एंटीसेप्टिक के स्थान पर सिरका और सर्जरी के लिए कपड़े सिलने वाली सुई का इस्तेमाल किया जा रहा है।



इस बात की अटकलें हैं कि ईरान समर्थित हिजबुल्ला उत्तरी इजराइल पर व्यापक पैमाने पर हमले कर इजराइल-हमास युद्ध में एक नया मोर्चा खोलने की कोशिश कर सकता है। हिज्बुल्ला के पास हजारों रॉकेट और मिसाइलों के अलावा विभिन्न प्रकार के ड्रोन हैं। कासिम ने कहा कि उनके संगठन ने लेबनान-इजराइल सीमा पर तनाव पैदा कर इजराइली सेना को उलझा रखा है ताकि वह गाजा पर हमले की तैयारी के बजाय उत्तरी क्षेत्र में व्यस्त रहें। उसने कहा, आपको क्या लगता है कि यदि आप फलस्तीनी प्रतिरोध को कुचलने की कोशिश करेंगे, तो क्षेत्र के अन्य लड़ाके कार्रवाई नहीं करेंगे? इस युद्ध में आज हमारी भी अहम भूमिका हैं।'' लेबनान की सरकारी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' ने बताया कि एक इजराइली ड्रोन ने इजराइल सीमा से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर में सेजौड क्षेत्र में एक घाटी पर मिसाइल दागी। हिजबुल्ला ने तुरंत हमले की पुष्टि नहीं की, लेकिन अगर यह सच है तो यह एक बड़ी घटना होगी क्योंकि यह लेबनान का भीतरी इलाका है जो सीमा से बहुत दूर है। दक्षिण लेबनान में एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने शनिवार को भूमध्यसागरीय तट के करीब सीमा पर जोरदार धमाकों की आवाज सुनाई देने की पुष्टि की।

# बाइडेन ने भारतीय मूल की विदेश विभाग की पूर्व अधिकारी को इंडोनेशिया में दूत के रूप में चुना

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की विदेश विभाग की पूर्व अधिकारी कमला शिरीन लखधीर को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इंडोनेशिया में अमेरिकी राजदूत के रूप में काम करने के लिए चुना है। लखधीर ने लगभग 30 वर्षों तक विदेश विभाग में सेवा की है, हाल ही में एक कार्यकारी सचिव के रूप में कार्य किया।

2017 से 2021 तक मलेशिया में अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवा देने से पहले, उन्होंने राजनीतिक मामलों के अवर सचिव के कार्यकारी सहायक के रूप में कार्य किया, और 2009 से 2011 तक उत्तरी आयरलैंड में अमेरिकी महावाणिज्यदूत के रूप में कार्य किया।

1991 में विदेश सेवा में शामिल होने वाले, लखधीर ने पहली बार सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास में सेवा की और समुद्री दक्षिण पूर्व एशियाई मामलों के कार्यालय के निदेशक थे, इसमें इंडोनेशिया के साथ अमेरिकी संबंधों की जिम्मेदारी भी शामिल है।

अपने करियर की शुरुआत में, वह पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो में ताइवान समन्वय स्टाफ की उप समन्वयक थीं। उनके अन्य विदेशी कार्य चीन, इंडोनेशिया और सऊदी अरब में थे। भारतीय पिता और अमेरिकी मां के घर जन्मे लखधीर ने हार्वर्ड कॉलेज से बीए और नेशनल वॉर कॉलेज से एमएस की डिग्री हासिल की। वेस्टपोर्ट, कनेक्टिकट में पले-बढ़े, लखधीर के पिता 1940 के दशक में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में दाखिला लेने के लिए मुंबई से अमेरिका आ गए।

नेशनल म्यूजियम ऑफ अमेरिकन डिप्लोमेसी में प्रकाशित एक साक्षात्कार में, लखधीर का कहना है कि उनके माता-पिता की समृद्ध अंतरराष्ट्रीय पृष्ठभूमि और विदेश में पारिवारिक यात्राओं के परिणामस्वरूप उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर बचपन में ही शुरू हुआ।

अनुभवों ने लखधीर को 1986 में हार्वर्ड कॉलेज से स्नातक होने के बाद दो साल के लिए चीन में एक शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। वेबसाइट के अनुसार, वह अपनी भारतीय विरासत से जुड़ाव का श्रेय काफी हद तक अपनी मां को देती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके भाई को दक्षिण एशियाई संस्कृति से परिचित कराया।



# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब बचाने के उद्देश्य से जापान रांची पहुंचा

**रांची,** मौजूदा चैंपियन जापान की महिला हॉकी टीम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार सुबह यहां पहुंची जहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर टीम का जोरदार स्वागत किया गया। बहुप्रतीक्षित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में, जो 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगी, जापान को मलेशिया, चीन, कोरिया, थाईलैंड और मेजबानभारत सहित दुर्जेय विरोधियों का सामना करना पड़ेगा। टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में 27 अक्टूबर को जापान का मुकाबला मलेशिया से होगा। जापान का महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सफलता का इतिहास रहा है, जिसने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 2013 और 2021 दोनों संस्करणों में खिताब जीता है। जापान 2010 में भी उपविजेता रहा, जबकि 2011 और 2016 में वह टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। अब उनकी निगाहें कड़ी मेहनत से अर्जित अपने एशियाई खिताब की रक्षा पर टिकी हैं। टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी पर बोलते हुए, जापान की कप्तान यूरी ने कहा, ÷हम इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और रांची में हमें जो गर्मजोशी से स्वागत मिला है, उससे हम बहुत प्रभावित हैं, जो प्रेरणा का जबरदस्त स्रोत है। जबकि हमने हाल के एशियाई खेलों में इन टीमों का सामना किया है, हमने अपने खेल को उन्नत किया है और विशिष्ट रणनीतियाँ तैयार की हैं। हमारी टीम की गतिशीलता विकसित हुई है, और हमें उम्मीद है कि ये सभी सुधार इस प्रतियोगिता के दौरान दिखाई देंगे। इसके अलावा, हमारी टीम की कड़ी मेहनत और एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और हम अपने देश के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। हमारा उद्देश्य है इस टूर्नामेंट में शीर्ष टीम बनकर उभरें और अपने खिताब का बचाव करें।

# बोर्निल ने 10 साल बाद भारत के लिए जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।**

बोर्निल आकाश चांगमई ने रविवार को चीन के चेंग्दू में बैडमिंटन एशिया अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में लड़कों के एकल वर्ग में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। असम के रहने वाले भारतीय बैडमिंटन संघ की रैंकिंग में अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त शटलर ने चीन के फैन हॉग जुआन को हराकर एशियाई मंच पर अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया। भारतीय शटलरों ने हाल के दिनों में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ चीन में शानदार प्रदर्शन किया है और बोर्निल ने भी उसी धैर्य और कौशल का प्रदर्शन किया। खासकर कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में और दूसरे में अपना दबदबा कायम करते हुए अंततः 21-19, 21-13 से जीत हासिल की। भारतीय बैडमिंटन हाल के वर्षों में विभिन्न हाई-प्रोफाइल प्रतियोगिताओं में जीत के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को अब बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी होने का गौरव प्राप्त है। उनके शानदार 2023 प्रदर्शन ने जिसमें व्यक्तिगत स्पर्धा में एशियाई खेल 2022 में एक ऐतिहासिक स्वर्ण पदक और टीम प्रतियोगिता में एक रजत पदक शामिल था, उनकी शीर्ष रैंकिंग में योगदान दिया। प्रणय एच.एस. विश्व चैंपियनशिप और चीन में एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा दोनों में कांस्य पदक अर्जित किये हैं। उल्लेखनीय



सफलता की कहानी जूनियर सर्किट तक भी फैली हुई है, जहां आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित कांस्य पदक हासिल किया और अब बोर्निल चियांगमई ने भी बैडमिंटन एशिया अंडर-17 में अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर चमक बिखेरी।

संक्षिप्त समाचार



## बटलर ने माना , विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड का पहुंचना हुआ मुश्किल

**मुंबई ।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर विश्व कप लीग मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मिली करारी हार के बाद खासे निराश नजर आये। इंग्लैंड को इस मैच में 229 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट पर 399 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 170 रनों पर ही आउट कर दिया था। इसके बाद बटनर ने कहा कि अब हमारी टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद कठिन हो गया है। बटलर ने कहा कि यह ऐसी हार है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही कहा कि अफगानिस्तान से मिली हार से टीम का मनोबल घटा था जिससे हमें नुकसान हुआ। हमने इस मैच में काफी प्रयास किया वास्तव में कड़ी मेहनत की और हमें सब ठीक होने की उम्मीद थी पर यह हो न सका। बटलर ने एकदिवसीय में अपनी टीम की अब तक की सबसे बड़ी हार के बाद कहा कि यह हमारे लिए अंतिम चार तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है हम हालांकि आने वाले मैचों में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। बटलर ने कहा कि निश्चित रूप से हम मुश्किल परिस्थिति में है। यहां से अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। यह अविश्वसनीय रूप से कठिन होने वाला है पर हम एक ईकाई के रुप में खेलकर फिर से आगे बढ़ सकते हैं। गौरतब है कि ये हार इंग्लैंड के लिए विश्व कप की सबसे बड़ी हार थी। वहीं सबसे बड़ी हार वेस्टइंडीज के नाम दर्ज है। उसे 2015 विश्व कप के दौरान सिडनी के मैदान पर 257 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वेस्टइंडीज टीम इस बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर जाने के कारण दस टीमों में शामिल नहीं है।

## सचिन , वॉन सहित कई दिग्गजों ने की क्लासेन की तारीफ

**मुंबई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइवल वान सहित कई दिग्गजों ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन की जमकर प्रशंसा की है। सचिन ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली क्लासेन की पारी को क्लास नाम दिया। क्लासेन की 67 गेंदों में 109 रनों की आक्रामक पारी सहायता से दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड पर बड़ी जीत दर्ज की है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में क्लासेन ने केवल 67 गेंदों में ही 109 रन बना दिये। इस बल्लेबाजी ने अपनी पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाये। वहीं मार्को जानसन ने भी 42 गेंदों में 75 जबकि रीजा हेंड्रिक्स ने 75 गेंदों में 85 रन बनाये। इसके अलावा रासी वान डेर डुसेन ने 61 गेंदों में 60 रन बनाकर स्कोर 50 ओवरों में सात विकेट पर 399 रनों तक पहुंचाया। सचिन ने हेनरिक की पारी देखने के बाद सोशल मीडिया में लिखा, क्लासेन का क्लास एक्ट! वह शुरुआत में लेंथ पहचानने में बहुत अच्छे हैं और बाकी खिलाड़ियों से बेहतर तरीके से गेंद को भांपते हैं। शुरुआत में, मार्को ने समझदारी से खेला और बाद में जबरदस्त आक्रमण किया। वहीं पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी क्लासेन को सफेद गेंद क्रिकेट में विशेष खिलाड़ी कहा। इसी तरह इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी क्लासेन को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मध्यक्रम बल्लेबाज कहा।

# विश्वकप में आज पाकिस्तान का मुकाबला अफगानिस्तान से




**चेन्नई ।**

एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में सोमवार को पाकिस्तान का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की संभावनाएं हैं। पाक टीम को अगर सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखनी हैं तो ये मैच जीतकर लगातार दो हार से उबरना होगा। पाक को अब तक भारत और ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा है। पाक टीम वैसे तो आंकड़ों में अफगानिस्तान पर भारी पड़ती है पर इस बार हालात अलग है क्योंकि विरोधी टीम के पास काफी अच्छे स्पिनर है। इसलिए उसे अफगानिस्तान के स्पिनरों विशेषकर राशिद खान से सावधान रहना होगा। पाक टीम को इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करने होगी क्योंकि एक और हार से उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगेगा। पाक के अभी चार मैच में चार अंक हैं और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट भी -0.456 है जिसे भी उसे बेहतर करना पड़ेगा। पाक बल्लेबाज अभी तक स्पिनरों के सामने अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिससे उसकी परेशानी बढ़ी है। इससे पहले बेंगलुरु की पिच पर उसके बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जंपा के सामने बेबस नजर आये थे। अफगानिस्तान का स्पिन आक्रमण काफी अच्छा है जिसमें राशिद खान, मोहम्मद नबी और मुजीब उर रहमान जैसे स्पिनर शामिल हैं। ये स्पिनर दुनिया भर के किसी भी बल्लेबाज के लिए खेलना कठिन बना सकते हैं। चेपक की पिच पर उनका सामना करना आसान नहीं होगा। ऐसे में पाक टीम को अगर बड़ा स्कोर बनाना है तो उसके कप्तान बाबर आजम को बड़ी पारी खेलनी होगी। बाबर टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। केवल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ही अब तक रन बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाज सौद शकील और इफ्तिखार अहमद भी अभी तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। टीम के गेंदबाज भी विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं रहे हैं। यहां तक की शाहीन अफरीदी ने भी अब तक काफी रन दिये हैं। जब पाकिस्तान के बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उसके गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन इस बार अभी तक उसके गेंदबाजों ने भी निराश किया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट लिए थे पर अन्य दो तेज गेंदबाज हारिस राउफ और हसन अली अभी तक असफल रहे हैं। पाकिस्तान के पास इस बार अच्छे स्पिनरों की भी कमी है। स्पिनर मोहम्मद नवाज तथा लेग स्पिनर शादाब खान व उसामा मीर विफल रहे हैं। ऐसे में अफगान बल्लेबाज पाकिस्तान की इस कमजोरी का फायदा उठाने की पूरी कोशिश करेंगे पर उसके लिए चिन्ता की बात ये है कि सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज सहित उसके प्रमुख बल्लेबाज अभी तक लगातार रन नहीं बना पाए हैं।

# खराब बल्लेजाजी के लिए इमाद ने बाबर आजम पर निशाना साधा

### नंबर एक बल्लेबाज होने के बाद भी रन नहीं बना पा रहे

**नई दिल्ली ।**

पाकिस्तान टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर इमाद वसीम ने एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में खराब बल्लेबाजी के लिए कप्तान बाबर आजम पर निशाना साधा है। पाक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद से ही इमाद को बाबर पर हमले का अच्छा अवसर मिल गया है। बाबर एकदिवसीय प्रारुप में विश्व के नंबर-1 बल्लेबाज होने के बाद भी अब तक विफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बाबर केवल 18 रन ही बना पाये। इस कारण टीम को 62 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 367 रन बनाये थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 305 रन ही बना सकी। इमाद ने बाबर की खराब बल्लेबाजी को लेकर उनकी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में आपके ऊपर दबाव होता है पर यहां आप अपने को साबित भी कर सकते हैं। बाबर ने पिछली बार 2019 विश्वकप में न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके बाद वे टीम को बड़े मैच में जीत नहीं दिला पाये हैं। इमाद ने कहा कि बाबर का मैं विरोध नहीं कर रहा पर ये वास्तविकता है कि वे पिछले 4 साल से



टीम को बड़े मैच में जीत नहीं दिला पाये हैं। उन्होंने कहा कि नंबर-1 बल्लेबाज होने के नाते कप्तान की जिम्मेदारी मैच जिताने की है, लेकिन अगर वह ऐसा नहीं करेंगे, तो सवाल उठेंगे ही. उन्हें टीम की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उनमें गेंदबाजों पर हावी होने की क्षमता है पर वे अब तक ऐसा कुछ भी नहीं कर पाये हैं।

बाबर ने विश्व कप 2023 में इस बार एक मैच में भारत के खिलाफ 50 रन बनाए थे. लेकिन वे अन्य 3 मैच में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने अब तक 4 मैच में 21 की औसत से मात्र 83 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 79 का है।

# डेनमार्क ओपन से बाहर हुई सिंधु , मारिन ने सेमीफाइनल में हराया

**ओडेंसे।**



भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को सेमीफाइनल में स्पेन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी केरोलिना मारिन के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। मारिन ने 3 गेम में तक चले इस मुकाबले को 18-21, 21-19, 7-21 से जीता। यह मुकाबला एक घंटे 13 मिनट तक चला। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों को एक दूसरे पर टिप्पणी के कारण अंपायर ने पीले कार्ड भी दिखाये सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग को हराया था। सिंधु पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी पर वह इससे आगे नहीं बढ़ पायीं। ये सिंधु की मारिन के हाथों यहां लगातार पांचवीं हार है। इससे पहले उन्हें उन्हें 2016 में रियो ओलंपिक के फाइनल और 2018 में विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में भी हार का भी सामना करना पड़ा था।

सिंधु और मारिन को एकदूसरे पर टिप्पणी के लिए अंपायर ने कई बार चेतावनी दी पर अंत में नहीं मानने पर पीला कार्ड दिखाया। अंपायर ने उन्हें अंक हासिल करने पर जश्न मनाने का तरीका बदलने को भी कहा।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टॉप्ली चोटिल हुए , विश्वकप से बाहर होने का खतरा

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए इस बार विश्वकप अब तक खराब साबित हुआ है। पिछले बार की विजेता को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। इंग्लैंड टीम 4 में से अब तक सिर्फ 1 मुकाबला ही जीती है। अफगानिस्तान के खिलाफ तो उसे करारी हार मिली। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। अब टीम के एक तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली के चोटिल होने से भी उसकी मुश्किलें बढ़ है। टॉप्ली का अब आगे खेलना संदिग्ध लग रहा है। टीम के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा, हम टॉप्ली की उंगुली की चोट का आंकलन कर रहे हैं। उसकी उंगुली में थोड़ी क्रैक आई हुई है। इसलिए उनका खेलना थोड़ा मुश्किल लग आ रहा है। टॉप्ली अगर विश्व कप से बाहर हो जाते हैं तो कौन सा खिलाड़ी शामिल किया जाएगा। ये भी अभी तय नहीं है। तेज गेंदबाज जोफ्रा ऑर्चर को लेकर बात हो रही थी पर मैथ्यू मॉट ने कहा है कि जोफ्रा टॉपली की जगह नहीं लेंगे। टॉप्ली अगर बाहर होते हैं तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा। इस तेज गेंदबाज के लिए यह विश्व कप अब तक काफी अच्छा रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए अब तक 3 मैच खेले. जिसमें उन्हें आठ विकेट मिले। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले ही मैच में उन्होंने 3 विकेट लिए थे। इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम इस मैच में हार गई थी। वहीं माना जा रहा है कि ये गेंदबाज अगर बाहर हुआ तो ब्रायडन कार्स को अवसर मिल सकता है।




# जोजो चैंपियनशिप जीतकर मोरीकावा ने खिताब के लिए 27 महीने का इंतजार खत्म किया

**टोक्यो।**


कोलिन मोरीकावा ने जोजो चैंपियनशिप में अपना छठा पीजीए टूर खिताब जीता। यह जीत उनकी 99वीं शुरुआत में 26 साल, 8 महीने, 16 दिन की उम्र में आई। यह 2021 ओपन चैंपियनशिप के बाद मोरीकावा का पहला खिताब और 2021 डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप के बाद पहली बड़ी जीत थी। बोगी-फ्री 63 भी टूर्नामेंट के इतिहास में किसी विजेता द्वारा सबसे कम अंतिम-राउंड स्कोर था, जिसने 2021 में हिदेकी मात्सुयामा और 2020 में पैट्रिक कैंटले के पिछले सर्वश्रेष्ठ 65 को पीछे छोड़ा।

यह मोरीकावा का सीजन का सबसे कम अंतिम-राउंड स्कोर भी था। मोरीकावा की छह शॉट की जीत टूर्नामेंट के इतिहास में जीत के सबसे बड़े अंतर को दर्शाती है, जिसने 2021 में हिदेकी मात्सुयामा द्वारा 5 स्ट्रोक के पिछले उच्चतम अंतर को हराया था। उन्होंने अपने अंतिम 24 होल नारशिनो सीसी में एकॉर्डिया गोल्फ में 12-अंडर में खेले और सप्ताह में सबसे अधिक 24 बर्डी लगाईं। मोरीकावा का कुल स्कोर 14-अंडर 266 रहा, जबकि एरिक कोल (70) और ब्यू होस्लर (70) 8-अंडर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। रियो इशिकावा ने जोजो चैंपियनशिप में एक ऐतिहासिक क्षण का नेतृत्व किया, जिसमें तीन जापानी खिलाड़ियों ने पहली बार शीर्ष -10 में जगह बनाई, क्योंकि अमेरिकी मोरीकावा ने अंतिम दौर में सात-अंडर-पार 63 के शानदार स्कोर के साथ छह शॉट की जीत दर्ज की।

दो बार के पीजीए टूर उपविजेता इशिकावा ने चिबा में शानदार 67 का कार्ड खेला और चार दिन के कुल स्कोर सात अंडर 273 के साथ चौथे स्थान पर रहीं, जो मोरीकावा से सात स्ट्रोक पीछे था। भारतीय-अमेरिकी साहिथ थेगाला (70) टी-19 स्थान पर रहीं, जबकि एरोन राय (67) और अक्षय भाटिया (70) संयुक्त-21 स्थान पर रहे जबकि सुंगजे इम (68) संयुक्त-12 थे।




## डेविड वार्नर ने अपनी सफलता का श्रेय आईपीएल को दिया




**बेंगलुरु ।** ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप मैच में पाकिस्तान पर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपनी सफलता का श्रेय आईपीएल को दिया। वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ 124 गेंद पर 163 रन बनाए। उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार मिशेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 62 रन से जीता। बल्लेबाज वार्नर ने कहा, मैंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में ही यह तय कर लिया था कि 50 ओवर काफी लंबा समय होता है। मैं 35 ओवर क्रीज पर टिके रहने का प्रयास करता हूं और उसके बाद अपनी पारी की गति बदलने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट विशेष कर आईपीएल से मैंने ऐसा करना सीखा है। जब मैं सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलता था, तब तब मैंने काफी कुछ सीखा। वार्नर ने अपने पहले 50 न 41 गेंद पर, अगले 50 रन 44 गेंद पर और आखिरी 63 रन केवल 39 गेंद पर बनाए। वार्नर ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट खेलकर आप अपनी पारी की गति आसानी से बदल सकते हैं। इसकारण पहले 10 ओवर में जब दो नई गेंद होती हैं तब आपको उन्हें सम्मान देना होगा। यहां से आप अपने लिए मंच तैयार करते हैं और अगर आप खुद को समय देते हैं तो बड़ी पारी खेल सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में लगातार चौथा शतक लगाने के बारे में वार्नर ने कहा, 'मेरा मानना है कि कभी आप किसी खास टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

## गौतम ने फिर 2019 विश्व कप चयन समिति पर उठाए गंभीर सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गौतम गंभीर ने 2019 विश्व कप के लिए एमएसके प्रसाद की अगुवाई वाली भारतीय चयन समिति को भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे खराब चयन समिति करार दिया है। गंभीर की 2019 चयन समिति की आलोचना अंबाती रायडू को विश्व कप टीम से बाहर करने के लिए थी, एक ऐसा कदम जिसने कई क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया। भारतीय टीम के लिए नंबर 4 पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले रायडू को विश्व कप टीम से अनुचित तरीके से बाहर कर दिया गया। चल रहे भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच में लाइव कमेंट्री के दौरान गंभीर ने कहा, ÷मेरा मानना है कि क्रिकेट के इतिहास में भारत में सबसे खराब चयन समिति थी। इसका कारण उनका निर्णय था अंबाती रायडू जैसे बल्लेबाज को हटाना और उन्हें विश्व कप में शामिल न करना । इसके बजाय उन्होंने दूसरे बल्लेबाज को चुना जबकि उनकी प्राथमिक चिंता नंबर 4 की स्थिति थी। इसलिए, जब आपके पास चयन समिति के भीतर ऐसी सोच और मानसिकता है, हम प्रबंधन की गलती पर चर्चा कर सकते हैं। हालांकि, उन्हें चयनकर्ताओं से अपने स्रोत प्राप्त हुए। गौतम गंभीर का यह दावा कि इसके पीछे का कारण कोई नहीं जानता। रायुडू को विश्व कप टीम से बाहर करने का फैसला पारदर्शिता की कमी पर जोर देता है, एक ऐसी परिस्थिति जिसने क्रिकेट जगत के भीतर हंगामे और चर्चा को और बढ़ा दिया है। और कोई भी वास्तव में इसका कारण या संचार क्या था नहीं जानता। इसलिए इस मामले में चेयरमैन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बनती है। मुझे याद नहीं है कि उस समय अध्यक्ष कौन थे, लेकिन ज़िम्मेदारी उन पर थी।

# फिलहाल ओटीटी के लिए तैयार नहीं हैं मीजान जाफरी

**संजय लीला भंसाली के बैनर तले फिल्म मलाल से बॉलीवुड में कदम रखने वाले एक्टर मीजान जाफरी इन दिनों चर्चा में हैं। फिल्म यारियां 2 को लेकर। एक्टर जावेद जाफरी के बेटे मीजान की पिछली फिल्म हंगामा 2 लॉकडाउन के चलते ओटीटी पर रिलीज हुई थी, मगर मीजान अभी खुद को बड़े पर्दे पर ही देखना चाहते हैं।**

**यारियां 2 आपकी तीसरी फिल्म है। आप बतौर एक्टर अपने करियर को किस तरह देखते हैं? किस दिशा में ले जाना चाहते हैं?**

पहले तो इस सवाल के लिए शुक्रिया। आप पहली इंसान हैं, जिसने ये सवाल पूछा है। मेरी पहली फिल्म मलाल एक रोमांटिक ड्रामा थी। फिर हंगामा 2 कॉमेडी। वहीं, यारियां 2 के बाद मैंने दो और फिल्में की हैं। एक है डायरेक्टर संजय गुप्ता की मिरांडा ब्रदर्स और दूसरी नाना पाटेकर सर के साथ सस्पेक्ट, जिसमें मैं डबल रोल में हूं। मिरांडा ब्रदर्स स्पोर्ट्स क्राइम ड्रामा है तो सस्पेक्ट मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर तो मैं कोशिश कर रहा हूं कि हर तरह की फिल्में करूं। मैं देखता हूं कि कौन सी अच्छी फिल्म है, डायरेक्टर कौन है, क्योंकि डायरेक्टर दमदार न हो तो स्क्रिप्ट के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। इसलिए कोशिश करता हूं कि अच्छे डायरेक्टर्स के साथ काम करूं तो वे मुझसे भी अच्छा काम करवा पाएंगे। मेरी कोशिश है कि मैं जितना वर्सटाइल हो सकता हूं, उतना वर्सटाइल काम करूं। आगे भी यही कोशिश रहेगी कि मैं अलग-अलग किरदार निभाऊं।

**पुराने दौर के बहुत से लोग मानते हैं कि आज इंडस्ट्री में जगह बनाना ज्यादा आसान है, क्योंकि अब मौके ज्यादा हैं। आपकी इस पर क्या राय है? आपके हिसाब से आज की पीढ़ी के कलाकारों के सामने क्या चुनौतियां हैं?**

मैं इससे सहमत नहीं हूं कि आज सब कुछ बहुत आसान है। बेशक ओटीटी की वजह से मौके ज्यादा हैं, पर लोग भी तो बढ़ गए हैं। इस वजह से कॉम्पिटिशन भी बढ़ा है। दूसरे, अब ऑडियंस का एक्सपोजर बढ़ गया है तो अब आप औसत परफॉर्मेंस नहीं दे सकते। आप टॉप लेवल की परफॉर्मेंस देंगे तभी आगे बढ़ पाएंगे। तभी आपको काम मिलेगा। अब हमारा मुकाबला पूरी दुनिया के कॉन्टेंट से है, क्योंकि ओटीटी पर पूरी दुनिया हमारा काम देख रही है, तो आप कामचलाऊ काम नहीं कर सकते। इसलिए आज की पीढ़ी के एक्टर इतने जबरदस्त हैं। पूरी तैयारी से आते हैं। जिस तरह का काम वो कर रहे हैं, उनका अच्छा काम मुझे भी अच्छा करने को प्रेरित करता है।

**फिल्म में अपनी चॉइसेज को लेकर आप किसी से सलाह-मशवरा करते हैं?**

हमारे घर में सिर्फ मम्मी से सलाह ली जाती है, क्योंकि मम्मी सबसे स्मार्ट हैं। काम या फिल्मों से जुड़े फैसले लेने में मेरे परिवार में मेरी मम्मी सबसे बुद्धिमान हैं। उनमें एक समझ है कि इंडस्ट्री कैसे ऑपरेट करती है। देखिए, आपमें भले ही कितने भी टैलेंट हो, अगर आपने सही फैसले नहीं लिए तो वो आपके करियर को प्रभावित कर सकता है। जैसे मेरे पास ओटीटी के बहुत ऑफर आए, पर मम्मी के सलाह पर मैं रुक गया। मैंने सही मौकों का इंतजार किया जो एक बहुत बड़ा रिस्क भी है। मैं किसी को सलाह नहीं दूंगा कि ऐसा करना चाहिए पर वो एक मां की दिल की आवाज थी जिसे मैंने मान लिया।

**तो आप ओटीटी प्रोजेक्ट्स के लिए तैयार हैं या नहीं?**

नहीं। मैं एक्टिंग में फिल्मों की वजह से आया हूं। मैंने यूनिवर्सिटी में भी फिल्म मेकिंग पढ़ी है। मुझमें फिल्मों और थिएटर को लेकर एक पक्षपाती नजरिया है। मुझे लगता है कि थिएटर जाकर जो फिल्म देखी जाती है, उसका अलग ही एक्सपीरिएंस होता है। आप अपनी जिंदगी की मुश्किलों को भूलकर दो घंटे के लिए एक दूसरी दुनिया में खो जाते हैं, उन किरदारों से जुड़ जाते हैं। मुझे वो प्रॉसेस पसंद है तो मैं अपनी ऑडियंस को आगे भी वो एक्सपीरिएंस देना चाहूंगा। इसलिए मैं बड़े पर्दे की फिल्मों में ही फिलहाल काम कर रहा है।

**यारियां 2 में बतौर एक्टर आपके लिए क्या अलग या नया रहा? यारियां एक बड़ी हिट थी, तो इसके सीक्वल को लेकर किसी तरह का दबाव महसूस कर रहे हैं?**

यारियां 2 में मेरा किरदार शिखर रंधावा बहुत ही अलग है। ये लड़का मुस्कुराता ही नहीं है, जबकि मैं असल जिंदगी में बहुत मुस्कुराता हूं। शूटिंग के दौरान मुझे हमेशा खुद को याद दिलाना पड़ता था कि मुस्कुराना नहीं है। इसका बॉडी लैंग्वेज बहुत ही अकड़ा हुआ रहता है, जैसे एक पत्थर है जो हिल नहीं रहा। वह चुप रहता है, पर उसके अंदर बहुत उथल-पुथल चलती रहती है तो ये बहुत ही इंटेंस किरदार है। मैंने पहले ऐसा रोल कभी नहीं किया। रही बात दवाब की, तो मैं ऐसा दबाव नहीं लेता, वरना मैं खुद को हतोत्साहित कर लूंगा। मैं बॉक्स ऑफिस के बारे में ज्यादा सोचता नहीं हूं। मेरा बस ये है कि मुझे अपना सौ फीसदी देना है और मैं उम्मीद करता हूं कि मैंने वो किया है।





# आमिर खान के साथ फिर नजर आएंगी फातिमा सना शेख

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान फिल्म सितारे जमीन पर के साथ बॉलीवुड में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने खुलासा किया था कि वह अपनी आगामी फिल्म में अभिनय के साथ-साथ निर्माण के लिए भी तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म के अलावा आमिर के पाइपलाइन में कई सारी फिल्में हैं। एक निर्माता के तौर पर आमिर ने एक नया प्रोजेक्ट लॉक कर लिया है। कथित तौर पर, वह अपनी फिल्म दंगल की को-स्टार फातिमा सना शेख के साथ फिर से वापस आ रहे हैं।

## आमिर की फिल्म में नजर आएंगी फातिमा

आमिर खान और फातिमा सना शेख ने वर्ष 2016 में फिल्म दंगल में स्क्रीन साझा की थी। जो उस वर्ष की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। अब एक रिपोर्ट के अनुसार, आमिर खान ने फातिमा सना शेख को अपने अगले प्रोडक्शन प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है। फिलहाल फिल्म का टाइटल फाइनल नहीं हुआ है। फातिमा के साथ फिल्म में कई कलाकार नजर आएंगे।

## अद्वैत चंदन करेंगे फिल्म का निर्देशन

इसके साथ ही इस फिल्म को निर्देशित करने के लिए सीक्रेट सुपरस्टार के निर्देशक अद्वैत चंदन को भी साथ लाया गया है। वहीं आमिर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो आखिरी बार वह फिल्म लाल सिंह चड्ढा में करीना कपूर खान के साथ नजर आए थे। लाल सिंह चड्ढा को बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस फिल्म के बाद वह अब सितारे जमीन पर से अपना कमबैक करेंगे।



# 'द नक्सल स्टोरी' की शूटिंग शुरू हुई, मिलिट्री लुक में डायलॉग बोलती नजर आईं अदा शर्मा

एक्ट्रेस अदा शर्मा को आखिरी बार हिट फिल्म द केरल स्टोरी में देखा गया था। उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। एक्ट्रेस एक बार फिर द केरल स्टोरी के प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और सुदीप्तो सेन के साथ काम कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग महूर्त पूजा के साथ शुरू हुई और उसके बाद लोकेशन पर पहले दिन की शूटिंग हुई। जैसे ही फिल्म की शूटिंग शुरू हुई, अदा शर्मा ने फिल्म के लिए अपना पहला डायलॉग बोला। इस दौरान वो मिलिट्री पैंट, एक काली कमांडो टी-शर्ट और एक कमांडो जैसा बंधना पहनें दिखाई दे रही थीं। इससे वाकई फिल्म देखने का उत्साह बढ़ गया है। 'द नक्सल स्टोरी' सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया जाएगा और इसे लास्ट मॉन्क मीडिया की मदद से बनाया जाएगा। यह फिल्म 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।

## नए प्रोजेक्ट पर करेंगे एक साथ काम

फिल्म द केरल स्टोरी एक वास्तविक कहानी से प्रेरित थी। इसमें दिखाया गया था कि कैसे निर्दोष गैर-मुस्लिम लड़कियों को इस्लामिक स्टेट के लिए भर्ती किया गया था। फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था। इस फिल्म के प्रोड्यसर विपुल अमृतलाल शाह, डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और एक्ट्रेस अदा शर्मा थीं। ये टीम अब अ' द नक्सल स्टोरी' के लिए तैयारी कर रहे हैं।

# टाइगर 3 में सलमान खान के लिए पहली बार गाएंगे अरिजीत सिंह

गायक अरिजीत सिंह और सुपरस्टार सलमान खान के बीच विवाद खत्म हो गया है। अब अरिजीत टाइगर 3 में अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। वाईआरएफ प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने टाइगर 3 के दो गानों के लिए अरिजीत को चुना है। अरिजीत का पहला गाना लेके प्रभु का नाम सोमवार को रिलीज होगा। यह एक डांस नंबर है जिसमें सलमान और कैटरीना कैफ हैं। वहीं दूसरा गाना एक रोमांटिक ट्रैक है जो दर्शकों और प्रशंसकों के दिलों को छू जाएगा। निर्देशक मनीष शर्मा ने कहा, हम लेके प्रभु का नाम



के अगले सप्ताह रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। यह एक अनोखा पार्टी ट्रैक है और इसमें सलमान के स्वैग के साथ अरिजीत की आवाज का होना खास है। साथ ही कैटरीना की सुंदरता इसे हर किसी को नाचने पर मजबूर करने का परफेक्ट फॉर्मूला बनाती है। संगीत निर्देशक प्रीतम ने कहा, यह एक ऐसा सहयोग है जो मैं होने की प्रतीक्षा कर रहा था। सलमान खान सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं और अरिजीत सिंह हमारी पीढ़ी के शीर्ष गायक हैं। इन दोनों दिग्गजों का एक गाने के लिए एक साथ आना लंबे समय से अपेक्षित था और हम रोमांचित हैं कि यह टाइगर 3 के लिए हो रहा है। टाइगर 3 इसी साल 12 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा 2 की अटकलों पर अभय देओल ने लगाया विराम

फरहान अख्तर ने बीते दिन अपने एक पोस्ट के जरिए सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी। फरहान ने इमरान पोज में एक तस्वीर साझा कर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा 2 की ओर इशारा किया था। इतना ही नहीं इस पर जोया अख्तर, ऋतिक रोशन और अभय देओल भी प्रतिक्रिया देकर फैंस का दिल जीतते नजर आए थे। हालांकि, फिल्म का ख्वाब देख रहे फैंस को अभय ने अब तगड़ा झटका दिया है। अभिनेता ने अपने हालिया पोस्ट के जरिए सीक्वल की सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। अभय देओल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मीम साझा किया है। यह मीम जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के दूसरे पार्ट की खबरों को सिरे से खारिज करता है। वहीं, यह मीम देखकर फैंस का दिल टूट गया है। गुरुवार को, अभय देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें ऋतिक रोशन के किरदार अर्जुन सलूजा का सामना इमरान कुरेशी यानी फरहान अख्तर से होता है, जब वह अर्जुन का फोन चलती कार से बाहर फेंक देता है। हालांकि, मीम में, ऋतिक रोशन के डायलॉग को थोड़ा बदल दिया गया है। तस्वीर में ऋतिक का डायलॉग पढ़ा जा रहा है, मुझे बताओ कि हम जिंदगी ना मिलेगी दोबारा 2 बना रहे हैं। फिर कहा कि यह सिर्फ एक मजाक था। यह मजाक नहीं है। अभय देओल का पोस्ट देखने के बाद कुछ नेटिजन्स निराश हो गए। एक ने टिप्पणी कर लिखा, मुझे उम्मीद है कि यह मजाक नहीं है। दूसरे ने लिखा, बस करो। वहीं, एक अन्य लिखते हैं, कृपया हमारी भावनाओं के साथ इस तरह न खेलें। सीक्वल के बारे में अटकलें तब तेज हो गईं जब फरहान अख्तर ने एक तस्वीर पोस्ट की और इसे कैप्शन दिया, इमरान का लुक पूरी तरह से सामने आया है। क्या कहती हैं जोया अख्तर...? क्या ब्वॉयज को दूसरी रोड ट्रिप पर जाना चाहिए। इस पर ऋतिक रोशन, जोया अख्तर और अभय देओल अपनी सहमति जताते नजर आए थे। जोया अख्तर द्वारा निर्देशित, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा में कल्कि कोचलिन, अभय देयोल, रितिक रोशन, फरहान अख्तर और कैटरीना कैफ समेत अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# घरवाले चाहते थे रेलवे में नौकरी करूं



मिडिल क्लास फैमिली के लड़कों से परिवार वालों की अक्सर एक ही उम्मीद होती है। बेटा या तो फैमिली बिजनेस कर ले या फिर कोई 9 से 5 वाली नौकरी। ऐसे ही एक मिडिल क्लास परिवार में जन्मे राज शांडिल्य के परिवार को भी उनसे ऐसी ही उम्मीदें थीं, पर राज जानते थे कि वो क्या कर सकते हैं और क्या नहीं... यही वजह रही कि उन्होंने 9 से 5 की नौकरी करके सिर्फ अपनी जरूरतें पूरी करने के बजाय अपनी इच्छाएं पूरी करने के लिए स्ट्रगल किया। उनका यह स्ट्रगल वेस्ट भी नहीं गया क्योंकि बतौर राइटर-डायरेक्टर उनकी पहली ही फिल्म 'ड्रीमगर्ल' ने उन्हें बॉलीवुड में इस्टेबलिशड राइटर-डायरेक्टर बना दिया। मैं झांसी में ही पैदा हुआ और मैंने 12वीं तक की पढ़ाई भी झांसी से ही की। 12वीं के बाद लड़कों से अक्सर नौकरी की उम्मीदें की जाती हैं। दूसरी मिडिल क्लास फैमिली के पेरेंट्स की तरह मेरे पेरेंट्स भी चाहते थे कि मैं कुछ करूं। ऐसे घरों में तय रहता है कि लड़का होगा तो इंजीनियर बनेगा, लड़की होगी तो डॉक्टर बनेगी। बाकी प्रोफेशनल कोर्सेस का कोई स्कोप था नहीं झांसी में उस वक्त.. तो 12वीं के बाद बड़ी समस्या थी कि मैं क्या करूं। मेरी पूरी फैमिली रेलवे में थी तो सब चाहते थे कि मैं रेलवे जॉइन कर लूं।

# सिंघम अगेन में हुई टाइगर श्रॉफ की एंट्री

अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार के बाद अब रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन में कई बड़े सितारे जुड़ रहे हैं। दीपिका पादुकोण के बाद अब टाइगर श्रॉफ भी फिल्म में पुलिस वाले का दमदार रोल निभाने वाले हैं। इस अनाउंसमेंट के साथ ही रोहित शेट्टी ने टाइगर का पहला लुक जारी कर दिया है। कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन और करीना कपूर लीड रोल में हैं, जिनके साथ फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट से टाइगर श्रॉफ की 3 तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है, मिलिए स्पेशल टास्क फोर्स ऑफिसर ACP सत्या से। एक सच की तरह अमर। तुम्हारा हमारी टीम में स्वागत है टाइगर। इसके पहले रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक रिवील किया था। फर्स्ट लुक में दीपिका पुलिस की वर्दी में बेहद खतरनाक लग रही थीं। जहां एक तस्वीर में वे हाथ में गन पकड़े मुस्कुरा रही थीं, वहीं दूसरी तस्वीर में वे गुंडों को मारती दिख रही थीं। फिल्म में दीपिका पुलिस ऑफिसर शक्ति शेट्टी का रोल प्ले करेंगी।

## कॉप यूनिवर्स के तीनों किरदारों के साथ बनेगी सिंघम अगेन

सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म सिंघम अगेन में रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स के तीनों हीरो अजय, अक्षय और रणवीर एक साथ नजर आएंगे। उनके कॉप यूनिवर्स में फिल्म सिंघम, सिंघम रिटर्न, सूर्यवंशी और सिंबा शामिल हैं। इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम थी, जिसे 2011 में रिलीज किया गया था। इसमें अजय देवगन ने पुलिस ऑफिसर बाजीराव सिंघम का रोल प्ले किया था। इसकी सीक्वल फिल्म सिंघम रिटर्न 2014 में रिलीज हुई थी, जिसकी तीसरी फिल्म 2024 में रिलीज हो सकती है।

